स्वदेश TODAY digital

रांची, सोमवार

15.01.2024

वर्ष : 09, अंक : 15, पृष्ठ : 12

मूल्य : 3 रुपया

www.swadeshtoday.com

हिन्दी दैनिक

# स्वदेश टुडे

देश की आवाज


प्रधानमंत्री आवास में गायों के साथ पीएम मोदी, तस्वीरें वायरल

3




@swadeshtoday | @swadesh_today | swadesh_today | swadesh today | @swadesh_today | 8092174888 | 9031730388



सत्यमेव जयते

भारत सरकार

# जनजातीय कल्याण को समर्पित मोदी सरकार



देश भर के **188** जिलों के

## प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन)

के लाभार्थियों से

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

का संवाद

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

15 जनवरी 2024 दोपहर 12:00 बजे

### पीएम जनमन से जनजातीय समुदाय का बदल रहा जीवन

**प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)**
1 लाख
पक्का घर स्वीकृत
लागत: ₹2390 करोड़

**जल जीवन मिशन (जेजेएम)**
बचे हुए 1830
गाँवों में नल से स्वच्छ जल स्वीकृत
लागत: ₹220 करोड़

**संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आर डी एस एस)**
70,000
घरों का विद्युतीकरण
लागत: ₹300 करोड़

**पीएम जनमन विकास योजना**
450
मल्टीपर्पज सेंटर स्वीकृत
लागत: ₹270 करोड़

**यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ)**
206
मोबाइल टावर के माध्यम से 503 गाँवों में दूरसंचार सुविधा स्वीकृत
लागत: ₹240 करोड़

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना**
1200 किलोमीटर
सड़क स्वीकृत
लागत: ₹900 करोड़

**पीएम जनजातीय विकास मिशन**
405
वन धन विकास केन्द्र स्वीकृत
लागत: ₹20 करोड़

**समग्र शिक्षा अभियान**
100 हॉस्टल
जनजातीय छात्रों के लिए स्वीकृत
लागत: ₹275 करोड़

**आंगनवाड़ी सेवाएं**
916
आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत
लागत: ₹125 करोड़

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**
100
मोबाइल मेडिकल यूनिट कार्यशील
लागत: ₹34 करोड़

**8 हजार** से अधिक कैंप के माध्यम से 10 लाख से अधिक लाभार्थी जुड़े

**2.5 लाख** लाभार्थी किसान सम्मान निधि के लिए चिन्हित

सैचुरेशन अभियान के तहत बने **82 हजार** नए आयुष्मान कार्ड

और बने **70 हजार** नए आधार कार्ड

CBC 43101/13/0019/2324

जनजातीय सशक्तिकरण

विकसित भारत

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर

NEWS IN Gallery

## जेबीकेएसएस की बैठक में कमेटी का गठन

**रामगढ़ :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई की बैठक रविवार को पतरातु प्रखंड अन्तर्गत हरिहरपुर पंचायत में बैजनाथ महतो की अध्यक्षता व बालदेव करमाली के संचालन में हुई। बैठक में जिला संयोजक मंडली सदस्य, जिला मीडिया प्रभारी, प्रखंड कोर कमेटी सदस्य, पंचायत कोर कमेटी सदस्य एवं सभी समुदाय के लोग उपस्थित थे। मौके पर कहा गया कि सभी पंचायतों में जल्द कमेटी विस्तार किया जायेगा। पतरातु प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र हरिहरपुर पंचायत में जेबीकेएसएस के प्रति लोगों में काफी रुझान दिखा। इस दौरान कई लोगों ने कहा कि वे बदलाव करने के लिए संकल्पित हैं। बैठक में मुख्य रूप से लीलावती महतो, रवि महतो, गिरीशंकर महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, राजेंद्र बेदिया, श्याम सुंदर महतो, मनोरंजन महतो, छोटेलाल महतो, सुरेंद्र महतो, सुभान अंसारी, दिलीप बेदिया, आर्यन टोप्पो, ईश्वर महतो, नसरुदीन अंसारी, सिकंदर महतो, बैजनाथ महतो, सुभाष कुमार, शिवदेव गांझु आदि उपस्थित थे।

## नव मतदाता सम्मेलन, नमो वारियर्स सहित कई कार्यक्रम आयोजित करेगा भाजयुमो

**खूंटी :** भाजयुमो खूंटी के जिला अध्यक्ष राजेश महतो की अध्यक्षता में रविवार को युवा मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों को लेकर तोरपा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भाजयुमो प्रदेश प्रभारी दुर्गेश सिंह ने भाजयुमो के आगामी कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर युवा महाधिवेशन, विधानसभा स्तरीय नव मतदाता सम्मेलन, नमो वारियर्स, प्रदेश स्तरीय युवती अधिवेशन, युवा मोर्चा अड्डा (नुक्कड़ सभा), तिरंगा यात्रा, मंडल कार्यसमिति सत्यापन जैसे कार्यक्रमों को लेकर कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। नव मतदाता सम्मेलन को लेकर तोरपा और खूंटी विधानसभा के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी। मौके पर भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, भाजयुमो खूंटी जिला प्रभारी विनय कृष्ण राजू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रियांक भगत, महामंत्री दीपक तिग्गा सहित अन्य उपस्थित थे।

# गाजे-बाजे के साथ रामभक्तों को किया आमंत्रित

### जादूगोड़ा में विहिप व दुर्गा वाहिनी ने निकाली रामजन्मभूमि अक्षत आमंत्रण कलश यात्रा

स्वदेश संवाददाता

**जादूगोड़ा :** रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से आये आमंत्रण अक्षत कलश को लेकर विश्व हिन्दू परिषद् एवं दुर्गा वाहिनी के स्वयंसेवको ने राम नाम का कीर्तन करते हुए भगवा ध्वज लहराते हुए जुलूस निकाल कर पूरे जादूगोड़ा क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान जुलूस में शामिल स्वयंसेवकों एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों ने घर-घर जाकर हिन्दू धर्मावलंबी रामभक्तों को रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से आये पूजित आमंत्रण अक्षत और आमंत्रण पत्र को देकर उनसे 22 जनवरी के दिन को उत्सव के रूप में मनाने का आग्रह किया। यह अक्षत कलश यात्रा सुबह के 10 बजे जादूगोड़ा मोड़ चौक स्थित शिव मंदिर में कलश पूजन के उपरांत जुलूस के रूप में नगर भ्रमण के लिए निकली। नगर भ्रमण के क्रम में जादूगोड़ा मोड, दयाल मार्केट, मिनी मार्केट, नवरंग मार्केट, बाजार गेट तक स्थित सभी घरों में राम नाम का कीर्तन करते हुए रामभक्तों की टोली पहुंची और सभी को 22 जनवरी को रामजन्मभूमि में सम्पन्न होनेवाले राममंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या आकर शामिल होने का आमंत्रण दिया।

जुलूस में शामिल विहिप एवं दुर्गा वाहिनी के स्वयंसेवकों ने सभी हिन्दू सनातन धर्म को माननेवाले लोगों से 22 जनवरी के दिन तड़के सुबह से ही अपने आसपास के सभी मंदिरों को धोकर फूलों से सजाने और राम नाम का भजन करने के साथ-साथ मंदिर में स्थापित सभी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण का आग्रह किया। जुलूस में शामिल लोगों ने कहा कि 500 वर्षों के त्याग बलिदान और प्रयासों के बाद यह शुभ दिन आया है। इसलिए श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के दिन शाम को सभी लोग अपने घरों में दीपक जलायें और मंदिरों को भी जगमग कर दें। नगर भ्रमण में वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश सिंह, संजू बारीक, अमित साव, अमित अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राजेश कुमार, कंचन कुमार षाडंगी, मृत्युंजय किशोर दुबे, राजनाथ मिस्त्री, मानिक बारीक, लाल बाबू, राजेश भकत, अनूप डे, दुर्गा वाहिनी से पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजिका अर्चना सिंह, जिला सह संयोजिका बसंती साहू, सुमित्रा गिरी, रिंकी पात्रो, रेशमा पात्रो, दिशा कुमारी, मोइना पात्रो, खुशी रजक, रिद्धि कुमारी, सुब्रती मंडल, महक बहादुर, नीलिमा गिरी, पिंकी सिंह, अरुणा सारंगी, नंदिनी प्रसाद सहित शामिल थे।



## 22 जनवरी को विद्युत साज-सज्जा व भगवा ध्वज से लहरायेगा इटखोरी

स्वदेश संवाददाता

**इटखोरी :** इटखोरी कृषि फार्म हाउस स्थित निर्माणाधीन ऐतिहासिक हनुमान मंदिर के प्रांगण में संकट मोचन सेवा समिति के तत्वाधान में पूर्व जिला परिषद सदस्य व प्रतिष्ठित व्यपारी दिलीप कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर इटखोरी कृषि फार्म हाउस में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि इटखोरी में दीपावली के साथ-साथ हनुमान मंदिर, विद्युत साज-सज्जा के साथ-साथ जयप्रकाश नगर स्थित शिवमंदिर से प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित माता भद्रकाली के द्वार तक भगवा ध्वज लहराने, हनुमान मंदिर में राम नाम संकीर्तन करवाने, भव्य तोरणद्वार बनवाने, सैकड़ों भक्तों की बैठने के लिए स्टेज बनवाने, भंडारा करवाने समेत अन्य निर्णय लिया गया। मौके पर समाजसेवी देवकुमार बाबू, प्रतिष्ठित व्यपारी इंद्रदेव केसरी, करुणाकर सिंह, रामलखन राम चंद्रवंशी, सुधीर कुमार राय, शक्ति सिंह, जय सिंह, बबलू राज, सोनू सिंह, ओमप्रकाश केसरी, बिनोद कुमार, राकेश सिंह, संजय स्वर्णकार, दीप नारायण सिंह, जनार्दन सिंह, सूरज सोनी, सतीश केसरी, गोपाल सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति उत्सव मनाने की तैयारी में जुटी



स्वदेश संवाददाता

**रांची :** दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में रविवार को हनुमान मंदिर व दुर्गा मंदिर परिसर में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन उत्सव मनाने की तैयारी को लेकर बैठक आहूत की गयी। जिसकी अध्यक्षता शशिभूषण ओझा एवं संचालन अभिषेक मिश्रा ने किया। उक्त बैठक में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर के उद्घाटन व प्रभु श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के पुनीत अवसर पर दलादली चौक स्थित हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर एवं शिव मंदिर में भव्य उत्सव मनाने की तैयारियों पर चर्चा हुई जिसमें राम भक्तों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में सभी रामभक्तों ने उत्सव मनाने के लिए तन-मन-धन से सेवा देने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सत्येंद्र नारायण शर्मा, जनार्दन ओझा, जितेंद्र दुबे, बिरेंद्र सिंह, उमेश्वर ओझा, धर्मेंद्र उपाध्याय, राजेंद्र चौधरी, लाल लोकनाथ सहदेव, बबन सिंह, अमरजीत कुमार, जितेंद्र तिवारी, गौतम राय, अनिल कुमार पांडेय, प्रांजल कुमार सिंह, लवकुश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार अग्रवाल, राजनंदन, निरंजन भगत, राम कृष्ण माली, राजकुमार यादव, नवीन कुमार सहित कई अन्य रामभक्त शामिल थे।

## कसमार में विहिप ने निकाली अक्षत कलश शोभायात्रा

**कसमार/बोकारो :** विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में अक्षत कलश शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें मुख्य रूप से विहिप के विभाग मंत्री विनय कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष सूरज तोगड़िया, हिन्दू भाजपा प्रखंड अध्यक्ष रणधीर पाण्डेय, पंडित कृष्ण मोहन चौबे, रंजीत जायसवाल, अखिल चौबे, परमेश्वर नायक, संयोजक राहुल स्वर्णकार, उपाध्यक्ष विवेक महाराज, मंत्री विष्णु जायसवाल, राजेश चौबे, अजय जायसवाल, निरंजन जायसवाल, निकी राज, सिमरन जायसवाल, पूनम कुमारी, किरण कुमारी, आशुतोष झा, गणेश करमाली, धीरण प्रजापति, बंटी पाल, राहुल दे, नरेश करमाली, रवि अशोक, हरी शंकर सहित सैकड़ों राम भक्त मौजूद शामिल थे।

## विहिप कार्यकर्ताओं ने भजन-कीर्तन के साथ घर-घर किया अक्षत का वितरण



स्वदेश संवाददाता

**खूंटी :** जैसे-जैसे भगवान राम लल्ला की नगरी अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा सामरोह का दिन निकट आता जा रहा है, पूरे खूंटी जिले में भी लोगों का उत्साह चरम पर पहुंचता जा रहा है। कहीं मंदिरों को सजाया जा रहा है, तो कहीं भजन-कीर्तन की तैयारी हो रही है, तो भंडारे की योजना बनायी जा रही है। हर ओर सिर्फ अयोध्या में 22 जनवरी को होनेवाले समारोह को लेकर चर्चा है। स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम को भव्य बनाने और इस ऐहासिक पल का भागीदार बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद, और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के अलावा आरएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा पूजित अक्षत का वितरण को लोगों को कार्यक्रम का न्यौता दिया जा रहा है। इस कड़ी में रविवार को जिला मुख्यालय खूंटी में विहिप के जिलाध्यक्ष विनोद जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भजन-कीर्तन के साथ घर-घर जाकर लोगों को समारोह का निमंत्रण दिया गया। ढोल-मृदंग की धुन पर झूमते कार्यकर्ताओं ने पूरे शहर में अक्षत का वितरण किया। विनोद जायसवाल ने बताया कि अयोध्या में तो प्राण प्रतिष्ठा समारोह तो ऐतिहासिक हो ही रहा है, खूंटी जिले में भी 22 जनवरी को बहुत भव्य कार्यक्रम होगा। पूजन-हवन, दीपोत्सव और भंडारा सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## भाजपा कार्यसमिति सदस्य ने पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र का किया वितरण

**बोकारो/स्वदेश संवाददाता :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने बोकारो के सेक्टर तीन में घर-घर जाकर लोगों के बीच अयोध्या से आये पूजित अक्षत और निमंत्रण का वितरण किया। इस अवसर पर अमित ने लोगों से आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के दिन हर घर में दीया जलाकर दीपावली मनाने और प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या जाकर रामलला का दर्शन करने का भी आग्रह किया। कुमार अमित ने लोगों से कहा कि अयोध्या का भव्य राम मंदिर देश के धार्मिक और आध्यात्मिक केंद्र के साथ-साथ समाजिक सद्भाव और समरसता का भी केंद्र होगा। वहां प्राण-प्रतिष्ठा होने से देश में सामाजिक समरसता और सद्भाव बढ़ेगा। यह देश के लिए ऐतिहासिक दिन है। देशवासियों के पांच सौ वर्षों की तपस्या इस प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्ण होने जा रहा है। अक्षत वितरण में रतन महतो, अतुल सिंह, हरिओम, कुमार राहुल, अनील कुमार, राजीव कुमार सिंह, विशाल गौतम, कालीकांत तिवारी, मुकुंद मिश्रा अमन, रीशु, निमाई, रोहीत आदि शामिल थे।



## मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद



स्वदेश संवाददाता

**रांची :** मकर संक्रांति के अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन संस्था के सेवा भावी सदस्यों एवं गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्य राज कुमार शारदा देवी खंडेलवाल एवं उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। शहर के पुंदाग स्थित संस्था के श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम के प्रांगण में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, विशाल जालान एव पुर्णमल सर्राफ के द्वारा जरूरतमंदों के बीच अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। लगभग 1100 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उक्त जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

## पंजाबी हिन्दू बिरादरी ने मनाया सांझी लोहड़ी

- **बुजुर्गो ने नवविवाहितों व नवजात शिशुओं को दिया आशीर्वाद**

स्वदेश संवाददाता

**रामगढ़ :** पंजाबी हिन्दू बिरादरी के तत्वावधान में माता वैष्णो देवी मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ सांझी लोहड़ी मनाया गया। रस्म की शुरुआत पारंपरिक तौर पर लकड़ी जलाकर अग्नि देव की पूजा करते हुए बिरादरी के अध्यक्ष सूरत चन्द्र वासुदेव एवं महासचिव महेश मारवाह ने की। इसके बाद उपस्थित सैकड़ों महिला-पुरुषों व बच्चों ने लोहड़ी की अग्नि में काला तिल, चूड़ा, मूंगफली आदि सामग्री डालकर अग्निदेव की पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर आयोजित सांझी लोहड़ी समारोह में पूरे रामगढ़ जिले के पंजाबी परिवार शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए पंजाबी हिन्दू बिरादरी के महासचिव महेश मारवाह ने बताया कि सांझी लोहड़ी का तात्पर्य सामूहिक लोहड़ी होता है, जो पंजाब का एक प्राचीन त्योहार है। उन्होंने बताया कि आज से लगभग 25 वर्ष पूर्व बिरादरी के जिन सदस्यों के यहां खुशियां होती थी उन परिवारों द्वारा अलग-अलग लोहड़ी का त्योहार मनाया जाता था, चूंकि लोहड़ी का त्यौहार प्रत्येक वर्ष एक ही दिन 13 जनवरी को और लगभग एक ही समय में प्रत्येक घरों में मनाया जाता था, जिससे खुशियां प्राप्त करने वाले प्रत्येक घरों में पहुंचकर बधाई देना संभव नहीं हो पाता था, इसी वजह से पंजाबी हिन्दू बिरादरी ने 25 वर्षों पूर्व सांझी लोहड़ी की शुरुआत की। जिससे सभी लोग एक ही स्थान पर सामूहिक रूप से लोहड़ी का त्योहार मनायें और अपनी खुशियां एक दूसरे से मिलकर बांट सकें। लोहड़ी उत्सव में पंजाबी हिन्दू बिरादरी के अध्यक्ष सूरत चन्द्र वासुदेव, महासचिव महेश मारवाह, मनजीत साहनी, सुशील खोसला, रमण मेहरा, जेके शर्मा, सुरेन्द्र सोबती, नरेश चंद्र मारवाह, ओमकार मल्होत्रा, राजीव चड्डा, संजीव चड्डा, वेद आनंद, विजय सोबती, बलवंत राय मारवाह, पप्पू सोबती, अजीत अग्रवाल आदि सदस्यों के अलावे शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## पूरनचंद फाउंडेशन और नेतरहाट पूर्ववर्ती छात्र संघ ने किया पठन सामग्री का वितरण

- **सामूहिक प्रयास से ही सशक्त समाज की नींव संभव : सुनील चंद्रा**

स्वदेश संवाददाता

**खूंटी :** पूरनचंद फाउंडेशन और नेतरहाट पूर्ववर्ती छात्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में रविवार को आयोजित हेल्पिंग हैंड्स भारत कार्यक्रम के तहत बच्चों को पठन सामग्री उपलब्ध करायी गयी। मौके पर नेतरहाट पूर्ववर्ती छात्र संघ के सचिव और रांची के जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सुनील चंद्रा ने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही सशक्त समाज की नींव संभव है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र खूंटी हमेशा से अभावग्रस्त बच्चों को कला और खेल के माध्यम से बहुआयामी शिक्षा देकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का सराहनीय प्रयास नेताजी सुभाष चन्द्र बोस विद्यालय द्वारा किया जा रहा है। यह पूरे समाज के लिए अनुकरणीय है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि नेतरहाट पूर्ववती छात्र संघ द्वारा बच्चों को नेतरहाट विद्यालय की प्रवेश परीक्षा की तैयारी करायी जायेगी। पूरनचंद फाउंडेशन के सचिव अभिजित ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय खूंटी के बच्चों की खेल गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए संस्था हरसंभव प्रयास करेगी। सम्मानित अतिथि के रूप में नेतरहाट पूर्ववर्ती छात्र संघ से डॉ. गणेश चंद्र बास्की, प्रयाग दुबे, रामानुज, जेम्स कुजूर, प्रो. विद्यानन्द चौधरी, पूरनचंद फाउंडेशन की अन्नू कुमारी, अमरदीप कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## स्व. काशीनाथ महतो स्मृति मेला 21 जनवरी को लगेगा

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लेगाहातू (कलुआडीह) भेलवा टुगरी चट्टानी में रविवार को स्व. काशीनाथ महतो की स्मृति में आगामी 21 जनवरी को मेला का आयोजन को लेकर विभिन्न गांव के ग्रामीणों के बीच गणेश उरांव की अध्यक्षता में एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया ताकि मेला का आयोजन भव्य रूप से किया जा सके। मेला को सफल बनाने हेतु ग्रामीणों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक लालूराम उरांव, अध्यक्ष विकास महतो, उपाध्यक्ष मनोहर महतो, चांद हुसैन, फारुख मोमिन, सुशील महतो, बंशीधर उरांव, दिलीप मिंज, सचिव लक्ष्मण महतो एवं कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद महतो को चुना गया।

**राजनीति** | अखाड़ा बन रहा सिरका कोलियरी, दबदबा बनाने के प्रयास में आजसू-कांग्रेस

# राजनीति के चक्कर में आम नागरिकों को नहीं मिल रहा लाभ

स्वदेश संवाददाता

**रामगढ़ :** सीटीओ मिलने के बाद सिरका कोलियरी में उत्पादन पांच वर्षों के बाद शुरू हो गया है। कोलियरी खोलने के बाद अब यहां राजनीतिक अखाड़ा भी तैयार हो गया है। जैसे ही सीसीएल प्रबंधन ने माइनिंग शुरू करने की खबर दी वैसे ही राजनीतिक दलों के नेता अपना दबदबा बनाने के लिए उतर आये हैं। पहले आजसू और अब कांग्रेस भी इस अखाड़े में कूद गयी है। जैसे ही सिरका अरगड्डा प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक ने कार्य शुरू किया आजसू के दबंग नेता माने जानेवाले तिवारी महतो ने लोकल सेल का गठन कर वहां अपना दावा पेश कर दिया। इसके बाद आजसू नेताओं का विरोध स्थानीय स्तर पर शुरू हुआ।

धीरे-धीरे यह मामला आम नागरिकों से ऊपर हो गया और अब कांग्रेस इस राजनीतिक अखाड़े में उतर गयी है। कांग्रेस ने यह दावा किया है कि कुछ लोग दबंगई के साथ कोलियरी पर अपना कब्जा जमाना चाहते हैं और अपने हिसाब से वहां कार्य करवाना चाहते हैं, लेकिन यह संभव नहीं है। कांग्रेस ने 17 जनवरी को इस कोलियरी को बंद करने का ऐलान किया है। कांग्रेस की पूर्व विधायक ममता देवी ने स्थानीय लोगों के समर्थन में इस बंद को बुलाया है। उन्होंने कहा है कि लोकल सेल का लाभ आम नागरिकों को मिलना चाहिए। सबसे पहले वे लोग आते हैं जो इस क्षेत्र में विस्थापित हुए हैं।



**लोकल सेल के गठन को लेकर हो रही राजनीति :** सिरका अरगड्डा कोलियरी में लोकल सेल के गठन को लेकर ही पूरी राजनीति हो रही है। कांग्रेस कमेटी ने इस बात का दावा किया है कि स्थानीय लोगों को उस कमेटी में तवज्जो नहीं दी जा रही है। उन्हें बराबर का हक मिलना चाहिए। इसके अलावा दंगल वाले मजदूरों का लगभग एक करोड़ सिरका लोकल सेल संचालन समिति के पास बकाया है, जिसका भुगतान होना चाहिए। मजदूरों का लोडिंग चार्ज बढ़ाया जाये, सिरका सेल में दंगलों की भौतिक स्थिति की जांच भी होनी चाहिए। रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव संसाधन के द्वारा अरगड्डा प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक को आंदोलन को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया है। 17 जनवरी को अनिश्चितकालीन चक्का जाम और धरना में पूर्व विधायक ममता देवी भी शामिल होंगी।

# राधा गोविंद विवि के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना

स्वदेश संवाददाता

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय भूगोल विभाग के छात्र-छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। शैक्षणिक भ्रमण उनके पाठ्यक्रम का अहम हिस्सा है। शैक्षणिक भ्रमण में छात्र-छात्राएं हरिद्वार, मसूरी, ऋषिकेश, देहरादून जैसे स्थानों का भ्रमण करेंगे। विद्यार्थियों को रवाना करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह भ्रमण विद्यार्थियों को अपने और दूसरे के अनुभव से सीखने का एक अच्छा अवसर है। विवि के कुलपति प्रो. (डॉ.) शुक्ला मोहंती ने शैक्षणिक भ्रमण से जुड़े तथ्यों को साझा करते हुए कहा कि इन भ्रमणों के माध्यम से बच्चे इतिहास, विज्ञान, शिष्टाचार और प्रकृति को व्यक्तिगत रूप से समझ पाते हैं। साथ ही उनमें समूह में रहने, कार्य करने तथा नायक बनने संबंधी गुण का विकास होता है। इस शैक्षणिक भ्रमण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने कहा कि भ्रमण के सहारे इतिहास वास्तविक दिखता है। ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण से पुस्तकों में पड़ी धुंधली छवि प्रकाशित होकर साकार हो जाती है। शैक्षणिक भ्रमण में कुल 40 छात्र-छात्राएं, विभागाध्यक्ष बुद्ध महतो, डॉ. अनुराधा लकड़ा सहित कुछ अधिकारीगण रवाना हुए। मौके पर राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि एवं प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने सभी को हार्दिक बधाई दी एवं शुभ यात्रा की कामना की।



स्वदेश TODAY digital
रांची, सोमवार
15.01.2024
वर्ष : 09, अंक : 15, पृष्ठ : 12
मूल्य : 3 रुपया
www.swadeshtoday.com

हिन्दी दैनिक
# स्वदेश टुडे
देश की आवाज

नव मतदाता 2024 में लिखेंगे नयी कहानी : बाबूलाल मरांडी
5




@swadeshtoday | @swadesh_today | swadesh_today | swadesh today | @swadesh_today | 8092174888 | 9031730388

# एफआईएच क्वालीफायर्स : भारत ने न्यूजीलैंड को 3-1 से दी करारी शिकस्त

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में रविवार को भारत ने न्यूजीलैंड को करो या मरो के मुकाबले में 3-1 से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल की उम्मीद को बरकरार रखा है। पहली मैच में मिली हार को भुलाकर भारत ने मैच के 41वें सेकेंड में गोल कर इरादा साफ कर दिया। झारखंड की संगीता कुमारी ने न्यूजीलैंड के डिफेंस को भेदकर शानदार फील्ड गोल किया। न्यूजीलैंड के पलटवार करते हुए मैच के 9वें मिनट में मिले पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर 1-1 से बराबरी की। मेगन हल ने न्यूजीलैंड के लिए गोल किया। भारत ने आक्रामक खेल खेलते हुए 12वें मिनट में पेनाल्टी को गोल में बदलकर 2-1 की लीड बनायी। उदिता ने भारत के लिए दूसरा गोल किया। भारत के लिए तीसरा गोल नेहा ने 14वें मिनट में किया। न्यूजीलैंड के डिफेंस में सेंध लगाकर फील्ड गोल कर 3-1 की लीड ली। पहले क्वार्टर में हुए शानदार गेम के बाद बाकी के तीन क्वार्टर में कांटे की टक्कर हुई। हालांकि, दोनों टीम गोल करने में असमर्थ रहीं। दोनों टीम को 5-5 पेनाल्टी कॉर्नर मिले। झारखंड की सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## यूएसए ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत, इटली को दी मात

**एफआईएच** हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स के तहत रविवार को तीसरा मैच अमेरिका और इटली के बीच हुआ। ओलंपिक क्वालिफायर के इस सातवें मुकाबले में अमेरिका ने लगातार दूसरी जीत हासिल की। उसने इटली को 2-0 से हराया। इससे पहले शनिवार को अमेरिका ने मेजबान भारत को हराया था। अमेरिका के लिए दूसरे क्वार्टर में एश्ले सेसा ने एक और कप्तान एश्ले हॉफमैन ने चौथे क्वार्टर में एक गोल दागा। इससे पहले रविवार को तीसरा मुकाबला जर्मनी और जापान के बीच खेला गया था। जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी ग्राउंड में खेला गया यह मैच 1-1 की बराबरी पर छूटा।

## रांची में भारत-इंग्लैंड के बीच 23 फरवरी से टेस्ट मैच

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** झारखंड के क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। इंग्लैंड क्रिकेट टीम भारत का दौरा करनेवाली है, जिसमें दोनों टीमों के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जानी है। इसमें से एक टेस्ट मैच की मेजबानी रांची के जेएससीए स्टेडियम को भी मिली है। 23 फरवरी से 27 फरवरी के बीच इंडिया और इंग्लैंड के बीच जेएससीए स्टेडियम में मैच खेला जायेगा। इसके लिये इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के तीन और बीसीसीआई के एक सदस्यीय टीम ने मैच के लिए जेएससीए स्टेडियम के ग्राउंड, पिच, प्रैक्टिस पिच, डैशिंग रूम का रविवार को जायजा लिया। साथ ही जिम, इंडोर क्रिकेट फैसिलिटी, सुरक्षा के मानदंडों का भी निरीक्षण किया गया। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के सदस्यों का विशेष ध्यान मैच के विकेट पर था। स्टेडियम के साथ-साथ टीम के रुकने के लिए निर्धारित रेडिसन ब्लू होटल का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टेडियम की सभी सुविधाओं और व्यवस्था से निरीक्षण टीम संतुष्ट रही और प्रसन्नता जतायी।

## NEWS IN Gallery

### मिलिंद देवरा शिवसेना में शामिल

**मुंबई :** कांग्रेस छोड़ने के बाद मिलिंद देवरा रविवार को शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हो गये। कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद देवरा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सरकारी आवास पहुंचे थे। उसके बाद उन्होंने औपचारिक रूप से शिवसेना शिंदे गुट की सदस्यता ग्रहण की। शिंदे गुट में शामिल होने के बाद मिलिंद देवरा ने कहा कि लोगों की सेवा करने आये हैं। सीएम शिंदे अत्यंत मेहनती और सहज ही उपलब्ध होने वाले नेता हैं और जमीन नेता हैं।

### पाकिस्तान में आईईडी विस्फोट में पांच सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में पांच सैनिक मारे गये हैं। डॉन न्यूज ने मकरान कमिश्नर सईद अहमद उमरानी के हवाले से बताया कि बुलेदा इलाके में सड़क के किनारे लगाये गये आईईडी में शनिवार शाम उस समय विस्फोट हो गया, जब सुरक्षाकर्मियों का वाहन इलाके से गुजर रहा था। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग, इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि आईईडी विस्फोट के बाद सुरक्षाकर्मियों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई।

### भारत से मालदीव ने सैनिकों को हटाने के लिए कहा

**माले :** चीन से लौटने के बाद मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के तेवर बदले-बदले नजर आ रहे हैं। मुइज्जू ने बीजिंग से लौटने के बाद कहा कि हम छोटे देश हैं, लेकिन हमें कोई डरा नहीं सकता है। उनका यह बयान प्रधानमंत्री की लक्षद्वीप यात्रा के करीब 10 दिनों बाद आया है। वहीं, मुइज्जू ने रविवार को भारत सरकार से 15 मार्च से पहले भारतीय सैनिकों को बुलाने के लिए कहा है। उनका यह मालदीव में भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों और माले में विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के बीच एक बैठक के बाद आया है।

## प्रधानमंत्री मोदी एक लाख लाभार्थियों को देंगे सौगात

# पीएम-जनमन की पहली किस्त आज करेंगे जारी

- 11 महत्वपूर्ण प्रयासों पर केंद्रित है पीएम-जनमन योजना
- अंतिम पायदान पर मौजूद व्यक्ति को सशक्त बनाने के दृष्टिकोण की दिशा में की गयी है योजना की शुरुआत

स्वदेश समाचार सेवा

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार दोपहर 12 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर पीएम-जनमन के लाभार्थियों से बातचीत भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, अंतिम पायदान पर मौजूद व्यक्ति को सशक्त बनाने के अंत्योदय के दृष्टिकोण की दिशा में प्रधानमंत्री के प्रयासों के अनुरूप पिछले साल जनजातीय गौरव दिवस 15 नवंबर को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए पीएम-जनमन की शुरुआत की गयी थी। लगभग 24 हजार करोड़ रुपये के बजट वाली पीएम-जनमन 9 मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण प्रयासों पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य पीवीटीजी घरों और बस्तियों को स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, सुरक्षित आवास और स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त करके उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार करना है। साथ ही बिजली, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थायी आजीविका के अवसरों तक बेहतर पहुंच सनुश्चित करना है।



### प्रधानमंत्री आवास में गायों के साथ पीएम मोदी, तस्वीरें वायरल

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की रविवार को सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें सामने आयी हैं जिसमें वह गायों को चारा खिलाते नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि पीएम मोदी के इर्द-गिर्द गायें नजर आ रही हैं। वह गायों को गुण और चारा खिला रहे हैं। इससे पहले भी पीएम मोदी गायों के साथ नजर आये थे। ये गायें पीएमओ आवास में हैं। इससे पहले 31 दिसंबर को पीएम मोदी गायों के साथ टहलते हुए नजर आये थे। इतना ही नहीं उन्होंने गायों को अपने पास बुलाने की कोशिश भी की थी।

## पीएम मोदी ने त्योहारी सीजन पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली में पोंगल उत्सव में शामिल होकर सभी नागरिकों को इस त्योहारी सीजन पर सभी पर्वों की शुभकामनाएं दी। पोंगल के पर्व को एक भारत-श्रेष्ठ भारत की राष्ट्र भावना को दर्शाने वाला पर्व बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा - सभी को पोंगल के पर्व की अनेक-अनेक शुभकामनाएं। पोंगल के पवित्र दिन तमिलनाडु के हर घर से पोंगल धारा का प्रवाह होता है। मेरी कामना है उसी तरह आपके जीवन में भी सुख, समृद्धि और संतोष की धारा का प्रवाह निरंतर होता रहे। देश ने लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया है। कुछ लोग आज मकर संक्रांति-उत्तरायण मना रहे हैं, कुछ लोग शायद कल मनायेंगे। माघ बिहू भी बस आने ही वाला है। मैं इन सभी पर्वों की सभी देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं, शुभकामनाएं देता हूं। केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन के आवास पर पोंगल उत्सव में शामिल होकर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्हें यहां कई परिचित चेहरे नजर आ रहे हैं, पिछले साल भी हम सब तमिल पुथांडु के अवसर पर यहां मिल चुके हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री मुरुगन को इस आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें इस अद्भुत आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर मिला और ये ऐसा है जैसे वे अपने परिवार और दोस्तों के साथ कोई उत्सव मना रहे हैं।

## कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू

- 15 राज्यों के 100 लोकसभा क्षेत्रों से गुजरेंगे राहुल गांधी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' आज मणिपुर के थौबल से शुरू हो गई है। राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही यह यात्रा 15 राज्यों के 100 लोकसभा सीटों से होकर गुजरेगी। राहुल गांधी के नेतृत्व में थौंबल से यात्रा को शुरू किया गया। लोकसभा चुनाव 2024 चंद महीनों में होने हैं। इससे पहले राहुल गांधी की कोशिश पैदल यात्रा से अपनी पार्टी के पक्ष में माहौल तैयार करने की है।

राहुल गांधी 67 से अधिक दिनों में 6,700 किलोमीटर यात्रा करेंगे। वह 110 जिलों से गुजरेंगे। मणिपुर से शुरू हो रही यह यात्रा 20 मार्च को महाराष्ट्र में सम्पन्न होगी। राहुल उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक समय बितायेंगे। वह 11 दिनों में 20 जिलों में 1,074 किमी की दूरी तय करेंगे। इसके बाद झारखंड में आठ दिन, असम में 8 दिन और मध्य प्रदेश में 7 दिन बितायेंगे। राहुल गांधी बिहार के 7 जिलों में 425 किलोमीटर और झारखंड के 13 जिलों में 804 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। यात्रा के दौरान 6,713 किमी की दूरी बसों और पैदल तय की जायेगी। यह करीब 100 लोकसभा सीटों को कवर करेगी।



### राहुल की न्याय यात्रा छलावा, सहयोगी दल भी कांग्रेस से कतराने लगे : अनुराग ठाकुर



**ऊना :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को ऊना में इंडी गठबंधन और कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मिली करारी शिकस्त के बाद आज सहयोगी दल भी कांग्रेस के साथ गठबंधन करने में कतरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उधर बंगाल में ममता बनर्जी सीटें देने को तैयार नहीं हैं। इधर, नीतीश कुमार संयोजक बनने के लिए तैयार नहीं हैं। शरद पवार अपना पल्ला झाड़ रहे हैं और जब खड़गे का नाम आया तो गांधी परिवार तैयार नहीं है। यह गठबंधन नहीं सिर्फ इंटरटेनमेंट है। नेताओं द्वारा लगातार कांग्रेस छोड़ने पर चुटकी लेते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की न्याय यात्रा छलावा है।

### भारत के विश्वगुरु बनने से दुनिया का सारा अमंगल दूर होगा : मोहन भागवत

**जींद :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि हमें समाज को संगठित करने के लिए अधिक तेजी से कार्य करना होगा। जब संपूर्ण राष्ट्र एकमुष्ठ शक्ति के साथ खड़ा होगा तो यह देश फिर से विश्वगुरु बनेगा। भारत के विश्वगुरु बनने से दुनिया का सारा अमंगल दूर होगा और सभी शांति व उन्नति को प्राप्त करेंगे। डॉ. भागवत अपने तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन गोपाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित मकर संक्रांति कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनने का आनंद है और आनंद करना भी चाहिए।

## चार श्रेणियों में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

स्वदेश संवाददाता

**नई दिल्ली :** भारत सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार की घोषणा की है। राष्ट्रीय पुरस्कार शोधकर्ताओं, प्रौद्योगिकीविदों और नवप्रवर्तकों के उत्कृष्ट और प्रेरक वैज्ञानिक, तकनीकी और नवाचार योगदान को मान्यता देता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों या टीमों के लिए राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (आरवीपी) के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। पुरस्कारों के लिए नामांकन 14 जनवरी से 28 फरवरी तक गृह मंत्रालय के पुरस्कार पोर्टल पर आवेदन किये जा सकते हैं। पुरस्कारों की घोषणा 11 मई (राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस) पर की जायेगी और पुरस्कार 23 अगस्त (राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस) पर आयोजित समारोह में प्रदान किये जायेंगे। पुरस्कार चार श्रेणियों में दिये जायेंगे- विज्ञान रत्न, विज्ञान श्री, विज्ञान युवा-शांति स्वरूप भटनागर और विज्ञान टीम। पहली और अंतिम श्रेणी के लिए तीन-तीन तथा दूसरी और तीसरी श्रेणी में 25-25 पुरस्कार दिये जायेंगे। राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 13 क्षेत्रों में दिये जायेंगे।

## अकल्पनीय | प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व अयोध्या में बना एक और विश्व रिकॉर्ड

# चौदह लाख रंग-बिरंगे दीपों से भगवान राम की उकेरी गयी छवि

एजेंसी

**अयेध्या :** प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व अयोध्या में एक और विश्व रिकार्ड की साक्षी बनी। साकेत महाविद्यालय के ग्राउंड में 14 लाख रंग बिरंगे दीपों से भगवान श्री राम की छवि उकेरी गई। अयोजन समिति के लोगों को वर्ल्ड रिकार्ड टीम ने इसका प्रमाण पत्र दिया। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी कुमार चौबे के नेतृत्व में बिहार के सिद्धेश्वर बिहार से अयोध्या तक आविर्भाव एवं अभ्युदय रथ यात्रा के अयोध्या पहुंचने पर दीपकों से बनी आकृति तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अयोजन किया गया। प्रसिद्ध भजन गायिका स्वाती मिश्र के भजनों की प्रस्तुतियों ने पूरे परिवेश को राममय कर दिया। विजय यादव के फरवाही नृत्य से अयोध्या की लोक कला का प्रर्दशन हुआ। कार्यक्रम के दौरान अयोध्या महोत्सव-2024 की पत्रिका पंखुड़ी का हुआ लोकार्पण किया गया। बिहार से आने वाली यात्रा के साथ उप्र के राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश शर्मा, गोपाल जी सांसद, पवन यादव विधायक बिहार, हरि साहनी नेता प्रतिपक्ष बिहार विधान परिषद, अयोध्या के संत भरत दास, लक्ष्मण किलाधीश्वर, वैदेही वल्लभ शरण मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी कुमार चौबे ने कहा 500 वर्षों के संघर्ष के बाद प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुर्हूत आया है। हम सभी बड़े भाग्यशाली हैं कि हमारा जन्म उस पीढ़ी में हुआ जो भगवान को दिव्य अलौलिक भवन में विराजते देख रहे हैं। मोदी की सरकार में अयोध्या अद्वितीय विकास हो रहा है। यहां आने वाले सभी श्रद्धालुओं को यहां आने के बाद आध्यत्मिकता के साथ विकास का एक सुखद अनुभव होगा।




### गरिमा के अनुरूप अयोध्या को सजाया जा रहा

**अयोध्या** महोत्सव न्यास के अध्यक्ष व भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री हरीश श्रीवास्तव ने कहा कि अयोध्या हर वर्ष दीपोत्सव में दीपों के जलने से एक विश्व रिकार्ड की साक्षी बनती है। परंतु आज यहां 14 लाख रंग-बिरंगे दीपों से भगवान की आकृति उकेरी गयी है जो विश्व रिकार्ड है। आज तक ऐसा कहीं नहीं हुआ। डबल इंजन की सरकार में वैश्विक स्तर पर अयोध्या को अपनी गरिमा के अनुरूप सजाया जा रहा है। जन्मों के पुण्य फलीभूत हुए तो अयोध्या में जन्म हुआ तथा श्री राम को भव्य भवन में विराजते देख रहे हैं। इस अवसर पर महेश ओझा, नाहिद कैफ, विवेक पाण्डेय, अरूण द्विवेदी, विजय यादव, रिचा उपाध्याय सहित अयोध्या महोत्सव न्यास के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सनातन धर्म के प्रति आकर्षित हुए फिनलैंड के कुलमिआनी

# मकर संक्रांति पर ली मंत्र दीक्षा

स्वदेश संवाददाता

**दुमका :** मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को सतन आश्रम में मंत्र दीक्षा समारोह का आयोजन हुआ। फिनलैंड से आये हुए 24 वर्षीय संतरी कुलमिआनी सतन आश्रम के वर्तमान गुरु स्वामी आत्मानंद से मंत्र दीक्षा ली। संतरी कुलमिआनी पारिवारिक इसाई संप्रदाय से थे। पिछले दो सालों से सनातन धर्म के प्रति आकर्षित होते रहे। जब इनके मां लिसा इकोसारी को इस विषय में पता चला तो उन्होंने संतरी को सनातन धर्म को विस्तार से जानकारी लेने के लिए पिछले एक नवंबर को सतन आश्रम में भेज दी। लिसा इकोसारी पिछले आठ सालों से स्वामीजी का अनुसरण करते हैं। पिछले दो महीना से संतरी सनातन धर्म को अच्छी तरह से जानकारी लेने के बाद सनातन धर्म को अपनाने का फैसला लेते हुए इस धर्म को अपनाने के लिए अपने मां-पिता से अनुमति ली। मंत्र दीक्षा लेकर संतरी ने कहा कि वह अभी अच्छे दिशा में चलने के लिए गुरु जी के साथ हमेशा के लिए रहेगें। समय-समय पर भारत में आकर और शिक्षा प्राप्त करेंगे।



# पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार



स्वदेश संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले में साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापामारी कर पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एसपी दीपक कुमार शर्मा ने रविवार को प्रेस कॅन्फ्रेंस में दी। एसपी को प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के जमजोरी गांव में साइबर अपरधियों की सक्रियता की सूचना मिली थी।सूचना के आधार पर साइबर डीएसपी संदीप सुमन समदर्शी के नेतृत्व में छापेमारी कर पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जबकि दो लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में अब्दुल हालीम, मो मिनहाज, पवन कुमार मंडल, सुजीत कुमार मंडल व प्रशांत मुरारी शामिल हैं। अहिल्यापुर से पकड़े गए दोनों आरोपी फर्जी सिम बेचते थे। जबकि नामजद अभियुक्तों में बिरनी के अरारी का निशिकांत प्रसाद और ओरवाटांड़ का रंजीत कुमार यादव शामिल हैं। एसपी ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 6 मोबाइल फोन, अलग-अलग मोबाइल कंपनियों के 25 सीम, 5 एटीएम कार्ड, 3 बैंक पासबुक, 4 पैन कार्ड, 4 आधार कार्ड व एक बाइक बरामद की है. साइबर आरोपी इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के कर्मी बनकर लोगों को झांसे में लेकर उनसे ओटीपी, पासवर्ड प्राप्त कर और एसबीआई का फर्जी लिंक भेजकर ठगी करते थे।

## पुलिस ने मवेशी लदे कंटेनर को किया जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

स्वदेश संवाददाता

**गिरिडीह :** पशु तस्करी के खिलाफ गिरिडीह पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस ने शनिवार देर रात डुमरी थाना क्षेत्र से मवेशी लदे कंटेनर को को जब्त किया है। जब्त कंटेनर से करीब 45 मवेशी बरामद किये गये हैं।गगगगग वहीं पुलिस ने मवेशी तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। गौरतलब है कि गिरिडीह पुलिस ने बीते चार माह में 950 मवेशियों को तस्कर से मुक्त कराया है।




**डुमरी के रास्ते मवेशियों को धनबाद ले जाया जा रहा था**

जानकारी के अनुसार, एसपी दीपक कुमार शर्मा को गुप्त सूचना मिली थी कि कि डुमरी के रास्ते मवेशियों को धनबाद ले जाया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सपी के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने डुमरी थाना क्षेत्र में पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने एक ट्रक को रोका, तो ट्रक चालक भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो उसमें भारी संख्या में मवेशी लदे थे। जिसे वधशाला के लिए लेकर जाया जा रहा था।

**सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति की अनूठी पहल**

# समिति के सामूहिक विवाह में एक-दूजे के होंगे 101 जोड़े

- तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए की गयी बैठक

स्वदेश संवाददाता

**धनबाद :** सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति के सदस्य एवं महिला विंग के सदस्यों ने आगामी 17 जनवरी को 101 जोड़ों के सामूहिक विवाह की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए रविवार को बैठक की। जिसमें समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि सामूहिक विवाह में किसी भी प्रकार की कोई कमी न हो इसे लेकर सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति के सभी सदस्यों के साथ बैठक कर सभी को अपने-अपने कार्यों में दायित्व संभालने को लेकर चर्चा की गयी।

अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने धनबाद के सभी संस्थाओं के सदस्यों से आग्रह किया है वह इस विवाह में सादर आमंत्रित हैं। उन्होंने कहा कि बारात एवं शरात के लिए लगभग दस हजार लोगों के खाने की व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। वहीं, जयमाल के लिए लगभग 200/30 का मंच धनबाद के मशहूर टेंट श्याम डेकोरेटर्स के द्वारा की जा रही है। लगभग दस हजार कुर्सी लगाये जा रहे हैं। शादी से संबंधित कार्य गायत्री परिवार के द्वारा किया जा रहा हैं। मुस्लिम निकाह की व्यवस्था जामा मस्जिद पुरानी बाजार के द्वारा की जा रही है। मंच पर दुल्हन और दुल्हे को तैयार करने से लेकर उनके जयमाल की जिम्मेदारी महिला विंग के सदस्यों के द्वारा किये जायेंगे। वहीं, शादी के जोड़ों को शादी के उपरांत घर बसाने की जरूरत की सामग्री दी जायेगी। बारात निकालने की जिम्मेदारी पुरानी बाजार के नव जवान समिति को दी गयी है। बैठक में सामूहिक विवाह समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों के अलावा महिला विंग के सभी सदस्य उपस्थित थे।




## मकर सक्रांति पर बच्चों के बीच तिलकुट-चूड़ा का वितरण

स्वदेश संवाददाता

**धनबाद :** जरूरतमंद एवं असहाय परिवार के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही सामाजिक संस्था साथी फाउंडेशन में अध्ययनरत बच्चों के बीच रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर युवा संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय सदस्य व समाजसेवी दिलीप सिंह ने चूड़ा, तिलकुट, दही, लाई आदि का वितरण किया। इससे पहले साथी फाउंडेशन के द्वारा दिलीप सिंह व अन्य अतिथिगणों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक सह सचिव इरफान आलम के द्वारा सभी अतिथियों को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन के सैकड़ों बच्चे उपस्थित हुए। मौके पर अनिल सिंह, जीरा खान सिंह, पप्पू यादव, उदय मालाकार, अनिल अग्रवाल उपस्थित हुए।

## आठ फरवरी को धनबाद पहुंचेगी राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

स्वदेश संवाददाता

**धनबाद :** राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा धनबाद में आठ फरवरी को प्रवेश करेगी। इस दौरान राहुल गांधी धनबाद में न सिर्फ रोड शो करेंगे, बल्कि उनका रात्रि विश्राम भी यहीं होगा। यह जानकारी कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ज्योति सिंह ने रविवार को धनबाद परिसदन में एक पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की अगुवाई में निकला भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो फरवरी को पश्चिम बंगाल होते हुए झारखंड के पाकुड़ जिले में प्रवेश करेगी। इसके बाद आठ फरवरी को राहुल गांधी धनबाद पहुंचेंगे। इस दौरान वे यहां रोड शो करते हुए कोयलांचल वासियों का अभिवादन स्वीकार करेंगे। उनका रात्रि विश्राम भी धनबाद में ही रहेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यतः तीन जिलों धनबाद, जमशेदपुर और रांची पर कांग्रेस की विशेष नजर है। यात्रा के दौरान राहुल गांधी इन तीनों जिलों में यात्रा भी करेंगे।

उन्होंने राहुल गांधी की इस यात्रा में देश के तमाम विपक्षी पार्टियों और सामाजिक संस्थाओं के लोगों से जुड़ने की अपील की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 27 जनवरी के प्रस्तावित धनबाद दौरे पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को देख प्रधानमंत्री की नींद उड़ गयी है। यही वजह है कि वह बेचैनी में राहुल गांधी के धनबाद आगमन के पूर्व ही यहां का दौरा करने वाले हैं।




## ग्रामीणों के बीच कंबल का किया गया वितरण

स्वदेश संवाददाता



**धनबाद :** कड़कड़ाती ठंड में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के लिए समाजसेवी रंजीत कुमार महतो के प्रयास और सरायढेला चैंबर आफ कॉमर्स धनबाद के सौजन्य से रविवार को गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया गया।

जिले के गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत मरिचो पंचायत के बेहराडीह, भोलमारा, डिग्री पंजनियां, घनुवाडीह, ताराजोरी आदि ग्रामीणों के बीच इस ठंड से बचाव के लिए क्षेत्र के जरुरतमंद, बुजुर्ग व दिव्यांगजनों के बीच लगभग दो सौ कंबल और गर्म कपड़े का निःशुल्क वितरण किया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए तमाम मरिचो पंचायत के ग्रामीणों ने सरायढेला चैंबर आफ कामर्स धनबाद के जिला अध्यक्ष शिव आशिष पांडेय, सचिव आशुतोष कुमार ओझा, कोषाध्यक्ष कालीचरण प्रसाद, श्रवण सिन्हा, संजय विश्वकर्मा, संजय सोनी, चंद्रभूषण प्रसाद, बिजेंद्र कुमार सिंह, बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के डीएसपी अमर कुमार पांडेय, बरवाअड्डा थाना प्रभारी विक्रम कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया। वहीं, समाज सेवी रंजीत कुमार महतो और चेंबर के लोगों ने आगे भी ग्रामीणों के बीच ऐसी हरसंभव मदद की हामी भरी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जिले के अन्य ग्रामीण क्षेत्रो में भी किया जायेगा।

### नौरंगदेव सिंह को 24वीं पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

**धनबाद/स्वदेश संवाददाता :** रविवार को धनबाद के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्व. नौरंगदेव सिंह की 24वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जोडापीपड स्थित विहार हार्ड कोक मैनुफैक्चरिंग कं प्रा. लिमिटेड में उनके तैलचित्र पर भठ्ठा के कर्मचारियों सहित पुत्र, पुत्रवधु, पोता आदि ने उन्हें माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि स्व. नौरंग देव सिंह कोयलांचल के जाने-माने तथा इंटक यूनियन के मजदूरों के मसीहा थे। मौके पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज, विश्व ब्राह्मण संघ डबल्यूबीएफ संमार्ग के प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी सहित कोलफिल्ड प्रर्यावरण एवं विस्थापन संरक्षण मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेशचंद्र तिवारी, भठ्ठा के प्रबधंक मधुसूदन शाह, चंद्रभूषण उपाध्याय, मनोज कुमार सिंह, राजेश कुमार पांडिया, महेंद्र प्रसाद सिंह, उमेश कुमार सिंह, राज कुमार सिंह, अनुज सिंह, रतन बराट, सुबोध कुमार, सुरेश सिंह आदि के साथ निदेशक वर्ग में बालकृष्ण शर्मा, रीता सिंह, राकेश कुमार सिंह, अर्चना सिंह आदि उपस्थित हुए और श्रद्धा सुमन अर्पित की।



### एससी-एसटी, ओबीसी जन जागरण अभियान की बैठक में बच्चों की शिक्षा पर दिया गया जोर

**झरिया/स्वदेश संवाददाता :** रविवार को झरिया, वार्ड नंबर 35 में ओबीसी, एससी-एसटी एवं अल्पसंख्यक वर्ग की बैठक इंडस्ट्री कोलियरी में की गयी। बैठक की अध्यक्षता अनिल कुमार व संचालन कमलेश पासवान एवं गोपाल यादव ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपनी बातों को रखा। एससी, एसटी, ओबीसी बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया गया और लोगों ने कहा झरिया विधानसभा में हम लोग 85 प्रतिशत हैं, हम लोगों का हक अधिकार जो मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा। आउटसोर्सिंग में आठ घंटा की जगह 12 घंटा काम लिया जा रहा है और उचित मेहनताना भी नहीं मिल रहा। बैठक में सभी लोगों को जागरूक किया गया। कहा गया कि वोट हमारा राज किसी और का नहीं चलेगा, हमारा हक देना होगा। सभी लोगों ने वर्ग के उत्थान के लिए विचार रखे।



### मकर संक्रांति पर 24 घंटा अखंड हरी कीर्तन का आयोजन

**चास/स्वदेश संवाददाता :** आदर्श कालोनी गरगा नदी लाल बाबा शिव मंदिर में हर साल के भाती इस साल भी 24 घंटा अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ किया गया। सूर्य मंदिर के पीठाधीश्वर ज्योतिषाचार्य स्वामी रामकृष्ण महाराज के अध्यक्षता में पूजा-पाठ किया गया। अखंड हरी कीर्तन के पश्चात सुबह में सैकड़ों महिलाएं, बच्चियों ने कलश यात्रा निकाली। गरगा नदी से जल भरकर कलश उठाकर हरे राम-हरे कृष्णा, जय भोलेनाथ, हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए नगर के विभिन्न इलाकों में भ्रमण करने के बाद मंदिर पहुंचे। उसके बाद रामकृष्ण के द्वारा बेदी पूजन के बाद कीर्तन शुरू हुआ। कार्यकम में मुख्य यजमान मंदिर के पूजारी कृष्ण तिवारी का सहयोग रहा। पूजन के बाद खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया।



## विधायक ने तीर्थयात्रियों के जत्थे को पटना साहिब के लिए किया रवाना

स्वदेश संवाददाता

**धनबाद :** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने 14 जनवरी को स्वयं के खर्चे पर पटना साहिब के लिए धनबाद से तीर्थयात्रियों के जत्थे को बस से रवाना किया। जत्थे में 40 तीर्थ यात्री पटना साहिब प्रकाश पर्व में शामिल होने जा रहे है। इस बाबत पूर्णिमा नीरज सिंह ने बताया कि पिछले दिनों सिख समुदाय के कुछ प्रतिनिधि ने मुलाकात कर तीर्थ यात्रियों को 17 जनवरी को गुरु गोबिंद सिंह के 357वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य पर उनके जन्म स्थान तथा सिखों के पांच तख्तों में से तख्त श्री हरमंदिर साहिब पटना जाने-आने के लिए निजी अथवा सरकारी मदद पहुंचाने का आग्रह किया था। इस संदर्भ में हमने स्वयं के खर्चे पर तीर्थयात्रियों के लिए बस की व्यवस्था प्रदान की और पटना साहिब के लिए सिख समुदाय के जत्थे को रवाना किया। उन्होंने कहा कि सरकारी व्यवस्था में काफी समय लग सकता था। समय के अभाव को देखते हुए हमने यह सुविधा प्रदान की। उन्होंने कहा की संगत की सेवा का अवसर पाना सौभाग्य की बात है। वहीं, विधायक द्वारा किये गये इस कार्य की सिख संगत ने सराहना की और धनबाद उनके आवास पहुंच कर उनका आभार सरोपा देकर व्यक्त किया। मौके पर संगत में सुखविंदर सिंह, हरेंद्र सिंह, गुरुचरण सिंह, सत्ती सिंह, संतोख कौर, गुरप्रीत कौर, हरभजन कौर, हरजीत कौर, बेबी कौर, सेली कौर, सुखी कौर मौजूद थे।



## आजसू ने बोकारो जिला में विधानसभा और प्रखंडस्तरीय प्रभारी किये नियुक्त

स्वदेश संवाददाता

**बोकारो :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो एवं केंद्रीय समिति के निर्णयानुसार नामित पदाधिकारियों को विधानसभा एवं प्रखंड प्रभारी का दायित्व दिया गया है। पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि दायित्व क्षेत्र में संगठन का विस्तार एवं कार्यक्रम का संचालन सुनिश्चित करेंगे। केन्द्रीय, जिला, प्रखंड एवं पंचायत से लेकर चूल्हा प्रमुख तक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करेंगे। पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक को बोकारो, गोमिया के विधायक डॉ. लंबोदर महतो को डुमरी, काशीनाथ सिंह को चंदनकियारी, यशोदा देवी को बेरमो तथा अजय सिंह को गोमिया विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं, जिप सदस्य राजेश कुमार महतो को चन्दनकियारी, सुभाष शेखर एवं जयलाल महतो जैली को चास, नवीन कुमार महतो एवं प्रभात मिश्रा को बेरमो, सचिन कुमार को फूसरो, कुलदीप प्रजापति और अशोक हेम्ब्रम को पेटरवार, अमरदीप महाराज को गोमिया, सचिन महतो एवं दुर्गाचरण महतो को जरीडीह, अश्विनी कुमार महतो को कसमार, बिगन महतो, राजेश विश्वकर्मा एवं प्रो. अलाउद्दीन आंसरी को नावाडीह प्रखंड प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं, बधन शर्मा एवं संजय चक्रवर्ती को बोकारो ग्रामीण, लक्ष्मण प्रताप सिंह को बोकारो महानगर एवं जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी एवं अनिल झा को चास नगर का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उक्त जानकारी आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने दी।



**पर्व-त्योहार** | विधायक अंबा प्रसाद ने किया चूड़ा, तिलकुट का वितरण

# क्षेत्रवासियों संग मनाया मकर संक्रांति का त्योहार



स्वदेश संवाददाता

**बड़कागांव।** स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद हर त्यौहार के भांति मकर संक्रांति का पर्व भी क्षेत्र वासियों के साथ मनाया। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में विधायक अंबा प्रसाद बड़कागांव दैनिक बाजार में स्टॉल लगाकर चूड़ा, दही एवं तिलकुट का वितरण किया। बड़कागांव डेली मार्केट के समीप विधायक के साथ मकर संक्रांति की खुशियां बांटने के लिए सैकड़ों की तादाद में महिला-पुरुष व बच्चे पहुंच गए एवं लोग क्रमबद्ध तरीके से विधायक के हाथों तिलकुट व चूड़ा लेकर उन्हें मकर संक्रांति की ढेर सारी बधाई दी। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने लोगों से कहा कि मैं हर एक त्यौहार की खुशी आप लोगों के साथ बांटना चाहती हूं, आप लोगों के साथ त्यौहार मनाने से एक अलग ही खुशी मिलती है।

### हरी झंडी दिखाकर बिरसा किसान रथ को किया रवाना

स्वदेश संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में आत्मा की ओर से बिरसा किसान रथ का परिचालन किया गया। सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रखंड मुख्यालय परिसर से बिरसा किसान रथ को प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस बाबत बीटीएम चिन्ता हरण पाठक ने बताया कि बिरसा किसान रथ के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे किसानों को उन्नत विधि से जैविक खेती करने, जल प्रबंधन, बीज उपचार, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ कार्ड, मछली पालन, पशुओं का टीकाकरण, कृषि ऋण माफी योजना का प्रचार प्रसार किया जाएगा। योजना के प्रचार प्रसार हेतु बीटीएम चिन्ता हरण पाठक, कृषक मित्र मुंशी पासवान, प्रमेश्वर साव, किशोर कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।



## 11 फरवरी को सामाजिक मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम करने का निर्णय

स्वदेश संवाददाता

**चास :** स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा समाज, चास शाखा की ओर से रविवार को जगदंबा मंदिर चास स्थित धर्मशाला में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अरुण शर्मा एवं संचालन कौशल किशोर ने किया। आगामी 11 फरवरी को सामाजिक मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम को लेकर विस्तृत रूप से कार्य योजना बनायी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्र को छह जोन चीराचास जोन, चेक पोस्ट जोन, धर्मशाला मोड़ जोन, जोधाडीह मोड़ जोन, चास प्रखंड कार्यालय जोन एवं आईटीआई मोड़ जोन में समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक सघन जनसम्पर्क अभियान चलाकर आमंत्रण कार्ड वितरण करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए चास नगर निगम के निवर्तमान उप महापौर अविनाश कुमार ने कहा कि हमें अपने सामाजिक दायित्व का भी निर्वहन करने की आवश्यकता है। समाज में दहेज प्रथा, अशिक्षा और असंतुलित खर्च सहित अन्य कुरीतियों पर जागरूकता फैलाकर दूर किया जाना अतिआवश्यक है। बैठक को संबोधित करते हुए स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा समाज बोकारो के केंद्रीय महासचिव उमाशंकर प्रसाद सिंह उर्फ बोलबम ने कहा कि नव वर्ष 2024 में हमें अपने परिवार को सुदृढ़ करने के लिए कार्ययोजना बनानी चाहिए। इस अवसर पर कौशल किशोर, राकेश कुमार मधु, बालकृष्ण कुमार, राजनीति सिंह, राम कृष्णा राय, अरविंद ठाकुर, अभय कुमार मुन्ना, सुबोध कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



**NEWS IN Gallery**

### झारखंड में आज से 14 फरवरी तक चलेगा सड़क सुरक्षा माह

**रांची :** झारखंड सहित पूरे देश में 15 जनवरी से 14 फरवरी 2024 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जायेगा। इस दौरान लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस संबंध में विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किया है। जागरूकता को लेकर जिला स्तरीय बैठकें निर्धारित की जायेगी। इसमें यातायात पुलिस, परिवहन अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों आदि सहित प्रमुख संस्थाओं को एक साथ लाया जायेगा। इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा स्थिति पर चर्चा और समीक्षा करना, ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के साथ ही प्रभावी हस्तक्षेप की रणनीति बनाना है।

### एएचआईवीएफ एंड इंफर्टिलिटी रिसर्च सेंटर का स्थापना दिवस कल

**रांची :** रांची में एएचआईवीएफ एंड इन्फर्टिलिटी रिसर्च सेंटर का 23वां स्थापना दिवस आईएमए हॉल मोरहाबादी में 16 जनवरी को मनाया जायेगा। स्थापना दिवस के दिन लगभग एक हजार दंपत्ति और बच्चे हिस्सा लेंगे। इस दिन लोगों को फ्री काउंसलिंग, गर्भवती महिलाओं के लिए फ्री चेकअप के साथ कई तरह की सुविधा दी जायेगी। एएचआईवीएफ एंड इंफर्टिलिटी रिसर्च सेंटर की डॉ. जयश्री भट्टाचार्य ने बताया कि मां बनने में यदि किसी महिला को दिक्कत आती है, तो वह एक बार आईवीएफ को ट्राई कर सकती हैं। इसमें किसी तरह का खतरा नहीं होता है। इसकी सफलता 70 से 80 प्रतिशत होती है। इसमें ज्यादा से ज्यादा एक से 1.5 लाख रुपये का खर्च आता है।

### ईडी आज विनोद सिंह से करेगी पूछताछ

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अवैध खनन मामले में विनोद सिंह से 15 जनवरी को पूछताछ करेगी। इससे पहले ईडी ने बीते 11 जनवरी को साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि, वे ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। ईडी ने गत छह जनवरी को समन जारी करते हुए साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को 11 जनवरी, विनोद सिंह को 15 जनवरी और अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को 16 जनवरी को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा था। उल्लेखनीय है कि ईडी ने अवैध खनन मामले में 12 ठिकानों पर एक साथ तीन जनवरी को छापेमारी की थी।

### यादव अहिराना मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम 28 को

**रांची :** श्रीकृष्ण विकास परिषद के प्रमुख सदस्यों की बैठक रविवार को धुर्वा में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 28 जनवरी को धुर्वा जगन्नाथपुर मंदिर के समीप पहाड़ स्थान पर यादव अहिराना मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसमें राज्य के 24 जिलों से यादव समाज परिवार सहित प्रतिनिधिगण के तौर पर शामिल होंगे। कैलाश यादव ने कहा कि मिलन समारोह के पूर्व सभी लोग भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे।

**एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स : चिली ने चेक रिपब्लिक को 6-0 से हराया**

# जर्मनी और जापान का मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा

**स्वदेश संवाददाता**

**एफआईएच** महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे दिन रविवार को रांची के मोरहाबादी के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में पहला मुकाबला चेक रिपब्लिक और चिली के बीच खेला गया। इस मुकाबले में चेक रिपब्लिक को 6-0 से हराकर चिली की टीम विजयी रही। चिली की ओर से डे लास हेरास कॉन्सुएलो ने एक गोल, उरोज मैनुएला ने दो गोल, कैरम कैमिला ने एक गोल, मोरालेस ऑर्चर्ड अंतानिया ने एक गोल और माल्डोनाडो मारिया ने एक गोल किया। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी उरोज मैनुएला (चिली) बनीं।

वहीं, दिन का दूसरा मुकाबला जर्मनी और जापान के बीच खेला गया। जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड में खेला गया यह मैच 1-1 की बराबरी पर छूटा। जर्मनी के लिए तीसरे क्वार्टर में पहला गोल लिजा नोल्टे ने किया जबकि इसके बाद जापान के लिए मिउ हसेगावा ने एक गोल दागकर मुकाबला 1-1 पर ला दिया। पूरे मैच में दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाते हुए एक-दूसरे पर लगातार हमला बोला। 13 जनवरी को खेले गये मुकाबले में जर्मनी ने चिली को और जापान ने





चेक गणराज्य को परास्त किया था। ऐसे में दोनों के बीच रोमांचक खेल की उम्मीद की जा रही थी। मुकाबले के दौरान खेल मंत्री हफीजुल हसन, हॉकी इंडिया के भोलानाथ सिंह समेत कई अन्य विशिष्ट लोग भी स्टेडियम में उपस्थित थे।

**25 जनवरी को पीएम मोदी नव मतदाताओं को करेंगे संबोधित**

# नव मतदाता 2024 में लिखेंगे नयी कहानी : बाबूलाल मरांडी

**बाबूलाल मरांडी ने नव मतदाता सम्मेलन का रजिस्ट्रेशन नंबर 7820078200 किया जारी**

**बाबूलाल बोले – झारखंड के सभी 81 विस क्षेत्र में होगा नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन**

**स्वदेश संवाददाता**

**रांची/साहेबगंज :** 25 जनवरी को मतदाता दिवस पर मतदाता सम्मेलन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने साहेबगंज परिसदन में प्रेस वार्ता करते हुए हेमंत सरकार को सबसे भ्रष्ट सरकार बताया। श्री मरांडी ने कहा कि नये मतदाता आने वाले 2024 चुनाव में नयी कहानी लिखने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि 2024 में पूरे देश में लोकसभा और झारखंड में विधानसभा चुनाव होना है, झारखंड में 50 लाख नये मतदाता जुड़े हैं। नये मतदाता अपनी सरकार बनाने को उत्सुक हैं। नये मतदाताओं में उत्साह और उमंग है।




उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को मतदाता दिवस पर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नये मतदाताओं से वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए उनसे संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में पांच हजार स्थानों पर कार्यक्रम होगा, जहां नये मतदाता उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में नव मतदाता सम्मेलन होना है। इस सम्मेलन में लाखों की संख्या में युवा जुड़ेंगे और प्रधानमंत्री की बातों को सुनेंगे। उन्होंने कहा कि नये मतदाता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को तैयार है। इनके अंदर भारी उत्सुकता है। इस दौरान उन्होंने हेमंत सरकार पर भी हमला बोला और कहा कि भ्रष्ट हेमंत सरकार को नये मतदाता जवाब देने को भी आतुर हैं। वादाखिलाफी से युवाओं में काफी रोष है। इस दौरान उन्होंने मतदाता सम्मेलन हेतु राष्ट्रव्यापी रजिस्ट्रेशन नंबर 7820078200 भी जारी किया। और नव मतदाताओं को उपरोक्त नंबर पर मिस्ड कॉल कर पंजीयन कराने का आग्रह किया। इस दौरान राजमहल विधायक अनंत ओझा, प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष किसलय तिवारी भी उपस्थित थे।

# तिलकुट की सोंधी खुशबू से महका बाजार, खरीदारी के लिए उमड़े लोग

**स्वदेश संवाददाता**

**रांची :** मकर संक्रांति के अवसर पर राजधानी रांची के हर चौक-चौराहों पर बाजार सज चुका है। रांची के कोकर, लालपुर, बरियातू, हरमू, किशोरगंज, डोरंडा, हिनू, रातू रोड, बूटी मोड़, कांके चौक पर तिलकुट की दुकानें सजी हुईं हैं। बाजार में स्थानीय तिलकुट के साथ गया के तिलकुट भी मिल रहे हैं। खोवा के तिलकुट की वैरायटी की भी डिमांड काफी है। साथ ही गजक, स्पेशल गजक, रेवड़ी, तिल पापड़ी भी ग्राहक खरीद रहे हैं। कोकर के तिलकुट भंडार के संचालक जोगेश्वर ने कहा कि गुड़ और चीनी की तिलकुट 300 रुपये प्रति किलो से बिक्री हो रही है। इस बार नया तिल का लड्डु है, जो 80 रुपये पैकेट (200 ग्राम), गजक 320 रुपये, रेवड़ी 220 रुपये, तिलपट्टी 280 रुपये है। पंजाब स्वीट हाउस के मैनेजर ने कहा कि इस बार लोग घी वाले घेवर अधिक खरीद रहे हैं। एक घेवर की कीमत 100 रुपये है। इसमें मलाई डाला गया है। इसके अलावा प्रीमियम गुड़ रेवड़ी 420 रुपये किलो, स्पेशल खोवा तिलकुट 460 रुपये किलो, तिल रोल 380 रुपये किलो, गुड़ तिलकुट 360 रुपये किलो, स्पेशल तिलपट्टी 380 रुपये किलो, स्पेशल तिलकुट 360 रुपये किलो है। उल्लेखनीय है कि 15 जनवरी को मकर संक्रांति मनाया जायेगा। सूर्य धनु राशि से मकर राशि में दिन के 9.13 बजे प्रवेश करेंगे। इसके बाद से संक्रांति का पुण्य काल शुरू हो जायेगा। इसी दिन खरमास की समाप्ति हो जायेगी।



### सरोवर महादेव मंदिर में भोले बाबा का 22 को होगा रुद्राभिषेक, पोस्टर का हुआ विमोचन

**रांची/स्वदेश संवाददाता :** अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर राजस्थान मित्र मंडल ने रविवार को रांची में बैठक की। बैठक में तय किया गया कि 22 जनवरी को अपर बाजार स्थित सरोवर महादेव मंदिर में भोले बाबा का रुद्राभिषेक दोपहर 1:30 बजे से किया जायेगा। इस दौरान भजन गायक भजन करेंगे। साथ ही कीर्तन और भंडारा भी किया जायेगा। शाम से युवा नाट्य अकादमी की ओर से संपूर्ण रामायण की जीवंत झांकी कलाकारों की ओर से प्रस्तुत की जायेगी। शाम सात बजे से दीपोत्सव एवं मनमोहक आतिशबाजी का आयोजन किया जायेगा। पूरे अपर बाजार में दीप उत्सव का कार्यक्रम किया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार पुरोहित ने बताया कि अपर बाजार की दीपावली पूरे झारखंड में प्रसिद्ध है। उसी के तर्ज पर पूरे अपर बाजार में दीप उत्सव एवं जगह-जगह प्रसाद वितरण और अपर बाजार के हर क्षेत्र में आतिशबाजी की जायेगी। सभी कार्यक्रमों के जानकारी के लिए पोस्टर का भी विमोचन राजस्थान मित्र मंडल की ओर से किया गया।

# ईडी का अवैध खनन मामले में कन्हैया खुडानिया समेत 30 लोगों को समन

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साहिबगंज में हुए 1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में कन्हैया खुडानिया सहित 30 लोगों को समन भेजा है। ईडी उनसे 17 जनवरी से पूछताछ करेगी। इससे पूर्व बीते तीन जनवरी को कन्हैया के घर में छापेमारी के दौरान ईडी को छह लाख नकदी के साथ 30 अलग-अलग बेनामी बैंक अकाउंट के खाते मिले थे। इन बेनामी अकाउंट खातों की जांच मामले के दौरान सामने आये नाम के लोगों को समन जारी किया गया है। ईडी के जरिये अबतक हुई जांच में किराये के बैंक अकाउंट की जानकारी मिली है। इन किराये के अकाउंट से करोड़ों रुपये का ट्रांजेक्शन किया गया है। अब इस मामले में इन सभी 30 खाताधारकों से ईडी की टीम पूछताछ करेगी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने अवैध खनन मामले में 12 ठिकानों पर एक साथ तीन जनवरी को छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने विभिन्न आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, रिकॉर्ड और रुपये की नकदी बरामद की।




साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख रुपये सहित 36.99 लाख रुपये बरामद किये गये थे। इसके अतिरिक्त साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के आवासीय परिसर से 9 एमएम बोर के 19 कारतूस, 380 एमएम के दो कारतूस और 45 पिस्टल के पांच खाली खोखे भी बरामद किये गये। ईडी ने यह छापेमारी झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और बिहार राज्यों में स्थित 12 परिसरों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की थी।

# जेसीआई रांची के नये अध्यक्ष बने जेसी विक्रम चौधरी

**स्वदेश संवाददाता**

**रांची :** मोरहाबादी के संगम गार्डन में जेसीआई रांची ने 64वां शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची के आईजी अखिलेश कुमार झा थे। वहीं, विशिष्ट अतिथि जेएफएस वसुंधरा सिंह, जोन प्रेसिडेंट, जोन 3, जेसीआई इंडिया थीं। समारोह में संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी विक्रम चौधरी ने अपनी नयी युवा टीम के साथ शपथ ग्रहण किया। मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार झा ने जेसी विक्रम चौधरी एवं उनकी नयी टीम को बधाई दी। जेसी विक्रम चौधरी ने जेसीआई रांची के नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में शपथ लेते हुए आनेवाले वर्षों में समाज को नयी ऊंचाइयों तक ले




जाने के लिए अपना विजन बताया और अपनी टीम को कहा - न्यू विजन, न्यू डायरेक्शन। टीम में सचिव जेसी मयंक अग्रवाल, उपाध्यक्ष जेसी निशांत मोदी, जेसी पियूष केडिया, जेसी तरुण अग्रवाल, जेसी साकेत अग्रवाल, जेसी अभिषेक कुमार जैन, जेसी रवि आनंद, कोषाध्यक्ष जेसी नटवर बाजोरिया, संयुक्त सचिव जेसी कौशल मुरारका, प्रवक्ता जेसी अमन पोद्दार व निर्देशक जेसी आदित्य जालान, जेसी अक्षत आनंद, जेसी अमन सिंघानिया, जेसी अंकित अग्रवाल, जेसी अंकित मोदी, जेसी अनिमेष निखिल, जेसी अनुभव कुमार अग्रवाल, जेसी दीपक कुमार पटेल, जेसी मंदीप सिंह, जेसी मोहित बागला, जेसी निखिल मोदी, जेसी प्रवीण कुमार अग्रवाल, जेसी राहुल टिबरेवाल, जेसी रौनक टेकरीवाल, जेसी रिषभ जैन, जेसी रोहित दयानी, जेसी संदीप खेमका, जेसी संकेत सरावगी, जेसी शिवि तनेजा, जेसी शुभम बुधिया एवं जेसी वैभव जैन। मंच का संचालन जेसी अभिषेक नारनौलिय ने किया। कार्यक्रम का संचालन जेसी अनुभव अग्रवाल, जेसी अनिमेष निखिल एवं जेसी सृजन हेतमसरिया ने सफलतापूर्वक किया। इस कार्यक्रम में जेसीआई रांची के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सचिव एवं रांची के जाने-माने संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** | **आजसू पार्टी का मिलन समारोह सम्पन्न, कई युवाओं ने थामा पार्टी का दामन**

# राजनीति में सामूहिक विचारों को समाहित करना जरूरी : सुदेश

**स्वदेश संवाददाता**

रांची : राजनीति में किसी एक व्यक्ति का विचार नहीं, बल्कि सामूहिकता के बोध के साथ अनेक विचारों को समाहित करना महत्वपूर्ण होता है। कल की चिंता से पहले हमें आज लिये जा रहे राजनीतिक फैसलों के प्रति गंभीर होने की आवश्यकता है। यदि हम आज गंभीर नहीं हुए तो आनेवाले समय में हमें इसका नुकसान उठाना होगा। यह बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रविवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान मो. सरफराज आलम और मो. शाहनवाज आलम के नेतृत्व में रांची शहर के सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल हुए सभी युवा साथियों का स्वागत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राजनीति किसी एक व्यक्ति के विचार से नहीं, बल्कि अनेक



विचारों को एक जगह समाहित करने से चलती और सशक्त दिखती है। राजनीति में सामूहिकता को प्लेटफार्म देने का काम आजसू पार्टी करती है। पार्टी में सभी की भावनाओं का सम्मान होता है। भावनाओं के सम्मान और विचारों को राज्य के विकास में लगाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस सिर्फ चुनाव लड़ने और जीतने की कोशिश तक ही सीमित है। इसमें देश और देशवासियों की तरक्की नहीं दिखाई देती है। देश एवं देशवासियों के प्रति इनकी कोई जवाबदेही नजर नहीं आती है। अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. बहादुर सिंह की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान उनकी याद में एक मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया गया। पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने उन्हें याद करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बहादुर ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने अपनी सोच और ऊर्जा से पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया था। पार्टी में उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।

### डोमन आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष व मुकुंद केंद्रीय महासचिव मनोनीत

**आजसू** पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार रविवार को डोमन सिंह मुंडा को आजसू बुद्धिजीवी मंच का केंद्रीय अध्यक्ष एवं डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता को केंद्रीय महासचिव मनोनीत किया गया। दोनों के मनोनयन पर आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय महासचिव लंबोदर महतो, रौशनलाल चौधरी, राजेंद्र मेहता, हरेलाल महतो, कौशिक चांद, अंचल किंगर, अरविंद कुमार, सज्जाद आलम, प्रो. मिथलेश सिंह, प्रो. केपी सिन्हा, प्रो. शंभू सिंह, शिव शंकर प्रसाद, जितेंद्र सिंह, आदित्य महतो इत्यादि ने बधाई दी है।

# रांची के ओंकारेश्वर धाम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा

**स्वदेश संवाददाता**

**रांची :** राजधानी के बूटी मोड़ के पास त्रिवेणीपुरम स्थित श्री ओंकारेश्वर धाम मंदिर का निर्माण पूरा हो गया है। मंदिर में भगवान शंकर सहित अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। इसके लिए मंदिर परिसर में 20 से 22 जनवरी तक प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होगा। प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने रविवार को कहा कि 20 जनवरी को शोभायात्रा निकालकर कलश जलभरी कार्यक्रम होगा। इसके बाद तीनों दिन पूजन, अनुष्ठान, कथा-प्रवचन, महायज्ञ, सामूहिक महाआरती, जागरण और भंडारा सहित अन्य धार्मिक आयोजन होंगे। प्राण-प्रतिष्ठा सम्पन्न होने के बाद से दिन के दो बजे से भंडारा होगा और शाम सात बजे सामूहिक दीप आरती होगी। इसके बाद रात 11 बजे तक भक्ति जागरण का कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम सफल बनाने में आयोजन समिति के उपाध्यक्ष विजय सिंह, सचिव नरेंद्र सिंह, उपसचिव अमित सिंह, कोषाध्यक्ष संजय वर्मा, मुख्य संरक्षक आभाष कुमार, सदस्य सुमित सिंह, अभय सिंह, अंकित पांडेय, मनोज दुबे, राजेश सिंह, विजय कुशवाहा, सुमन श्रीवास्तव, महेश तिवारी, संजय सिंह, सिंटू कुमार, ब्रजेश कुमार, संजय साहा, राजीव दुबे, मुरली और शैलेंद्र वर्मा जुटे हुए हैं।



## संपादकीय

# गंगा सागर स्नान से मोक्ष का मार्ग



**गंगासागर** में मकर संक्रांति पर प्रतिवर्ष विशाल मेला आयोजित होता है। इस दौरान दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु यहां स्नान के लिए पहुंचते हैं। मकर संक्रांति पर सूर्य देव के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते ही तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है। भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर कहते हैं। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। कुंभ मेले को छोड़कर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रंथों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गयी है। मकर संक्रांति पर लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है।

मान्यता के अनुसार, साल की 12 संक्रांतियों में मकर संक्रांति का सबसे ज्यादा महत्व है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरू हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिंडदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मान्यतानुसार, जो युवतियां यहां पर स्नान करती हैं, उन्हें अपनी इच्छानुसार वर तथा युवकों को स्वेच्छित वधु प्राप्त होती है। मेले में आये लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मंदिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भगीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति से 15 दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनियाभर से पंहुचे तीर्थयात्री और साधु-संत संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। मकर संक्रांति के पर यहां सूर्य पूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है।

मान्यता है कि ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु के कहने पर कपिल मुनि के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होंने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र रूप में जन्म लेना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरूप कपिल मुनि का जन्म हुआ। उन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चल कर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बना कर तप करने लगे। इस दौरान राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ आयोजित किया। इसके बाद यज्ञ के अश्वों को छोड़ा गया। परिपाटी है कि ये जहां से गुजरते हैं वे राज्य अधीनता स्वीकार करते हैं। अश्व को रोकने वाले राजा को युद्ध करना पड़ता है। राजा सगर ने यज्ञ अश्वों के रक्षा के लिए उनके साथ अपने 60 हजार पुत्रों को भेजा। अचानक यज्ञ अश्व गायब हो गया। खोजने पर यज्ञ का अश्व कपिल मुनि के आश्रम में मिला। फलतः सगर पुत्र साधनरत ऋषि से नाराज हो उन्हें अपशब्द कहने लगे। ऋषि ने नाराज हो कर उन्हें शापित करते हुए अपने नेत्रों के तेज से भस्म कर दिया। मुनि के श्राप के कारण उनकी आत्मा को मुक्ति नहीं मिल सकी। काफी वर्ष बाद राजा सगर के पौत्र राजा भगीरथ कपिल मुनि से माफी मांगने पहुंचे। कपिल मुनि राजा भगीरथ के व्यवहार से प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा कि गंगाजल से ही राजा सगर के 60 हजार मृत पुत्रों का मोक्ष संभव है। राजा भगीरथ ने अपने अथक प्रयास और तप से गंगा को धरती पर उतारा। अपने पुरखों के भस्म स्थान पर गंगा को मकर संक्रांति के दिन लाकर उनकी आत्मा को मुक्ति और शांति दिलायी। यही स्थान गंगासागर कहलाया। इसलिए यहां स्नान का इतना महत्व है। पहले गंगासागर जाना हर किसी के लिए संभव नहीं होता था। तभी कहा जाता था कि सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार। हालांकि, यह पुराने जमाने की बात है जब यहां सिर्फ जल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता था। आधुनिक परिवहन साधनों से अब यहां आना सुगम हो गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में स्थित इस तीर्थस्थल पर कपिल मुनि का मंदिर है। उन्होंने भगवान राम के पूर्वज और इक्ष्वाकु वंश के राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार किया था। मान्यता है कि यहां मकर संक्रांति पर पुण्य-स्नान करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है।

## अध्यात्म पथ

### खड़े होकर ही अर्घ्य दिया जाना क्यों माना जाता है शुभ, जानिये इसके पीछे का कारण



**सनातन** धर्म में पूजा-पाठ से जुड़े कई नियमों के बारे में बताया गया है। पूजा-अर्चना की पद्धति के बारे में भी बताया गया है। वहीं, बताये गये नियमों और पद्धतियों के अनुसार ही पूजा-अर्चना करने के लिए कहा जाता है। कुछ लोग सुबह स्नान आदि कर पूजा करने से पहले अर्घ्य देते हैं। वैसे तो स्नान के बाद और पूजा से पहले भगवान सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। लेकिन सूर्य देवता के अलावा भी अन्य देवी-देवताओं को भी अर्घ्य दिया जाता है। जैसे कि तुलसी को अर्घ्य दिया जाता है, शिवलिंग को अर्घ्य दिया जाता है और पीपल के पेड़ को अर्घ्य दे सकते हैं। इसके अलावा चंद्र देव को भी अर्घ्य दिया जाता है। आपको बता दें कि अर्घ्य देने के भी कई नियमों के बारे में बताया गया है। अर्घ्य देते समय खड़े रहने का विधान होता है। क्योंकि बैठकर या फिर अन्य किसी मुद्रा में अर्घ्य देना अच्छा व शुभ नहीं माना जाता है। तो आइये जानते हैं खड़े होकर ही अर्घ्य देना जरूरी क्यों होता है।

धार्मिक शास्त्रों के मुताबिक पूजा-पाठ बैठकर किये जाने का विधान है। लेकिन अर्घ्य खड़े होकर दिया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए कहा जाता है कि क्योंकि खड़े होकर अर्घ्य देने से शरीर के सातों चक्र जागृत हो जाते हैं। वहीं, सातों चक्र जागृत होने से शरीर में दिव्यता का प्रवेश होता है। ऐसे में जब शरीर में दिव्यता प्रवेश करती है तो शरीर ने नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा मिलता है। इसका एक कारण यह भी होता है कि अगर आप बैठकर अर्घ्य देते हैं, तो धरती पर गिरते जल या दूध की छींटे आपके पैर को छूयेंगी। इससे अर्घ्य दिये जाने की पवित्रता भंग हो जाती है और इसमें दोष आ जाता है। इसके अलावा शास्त्रों में बताया गया है कि खड़े होकर अर्घ्य देने के दौरान आपके हाथ सिर से ऊपर होने चाहिए। इस तरह से अर्घ्य देने से मानसिक बीमारियां दूर होने के साथ स्ट्रेस भी कम होता है और मन-मस्तिष्क को शांति मिलती है। वहीं, इस तरह की मुद्रा भगवान के चरणों में समर्पित होती है। इसलिए हमेशा खड़े होकर अर्घ्य देना शुभ माना जाता है।

# भारतीय चिंतन में सूर्य ब्रह्मांड की आत्मा

सूर्य अभिभावक हैं। संरक्षक हैं। गीता (4-1) में ज्ञान परंपरा है। श्रीकृष्ण कहते हैं - मैंने योगविद्या का ज्ञान सबसे पहले विवस्वान सूर्य को दिया था। सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को यही ज्ञान दिया। सूर्य जीवनदाता हैं। आराध्य हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों में सूर्य प्रत्यक्ष देव हैं। सूर्य उपासना यूनान में भी थी। वैदिक मंत्रों में सविता सूर्य और ऊषा अलग-अलग स्तुतियां पाते हैं। लेकिन यथार्थ में वे एक ही सूर्य के भिन्न-भिन्न आयाम हैं। डॉ. कपिल देव द्विवेदी ने वैदिक देवताओं के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक स्वरूप पर किताब लिखी है। उन्होंने लिखा है - सविता ही सूर्य हैं। सविता का अर्थ प्रेरणा शक्ति देने वाला प्रेरक। गति देने वाला। सूर्य इस संसार को प्रेरणा और प्रकाश देते हैं। इसलिए सूर्य को सविता भी कहते हैं। सूर्य उपास्य हैं। ऊषा देवी भी उन्हीं का एक आयाम हैं। ऋषि कहते हैं - सविता सूर्य विश्वरूपाणि हैं और ऊषा के बाद प्रकाशित होते हैं। ऋग्वेद (1-141-2) में अग्नि के तीन रूप बताये गये हैं।

**हृदयनारायण दीक्षित**

भारत उत्सव प्रिय उल्लासधर्मा देश है। सतत कर्म यहां जीवन साधना है। पूरे वर्ष कर्म प्रधान जीवन और बीच-बीच में पर्व त्योहार और उत्सवों का आनंद। भारत के मन का मूल उत्स सांस्कृतिक है। उत्स का अर्थ है केन्द्र। उत्सव परिधि है। उत्सव उल्लासधर्मा होते हैं। वे भारत के लोक को भीतर और बाहर तक आच्छादित करते हैं। मकर संक्रान्ति का उत्सव ऐसा ही है। यह भारत के सभी हिस्सों में मनाया जा रहा है। नदियों में कड़ाके की ठंढ के बावजूद स्नान ध्यान, पूजन और आनन्द। हम भारत के लोग उत्सवों में समवेत होते हैं, आनन्दित होते हैं। संप्रति मकर संक्रान्ति के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी आनंद की लहर है। भारतीय चिंतन में सूर्य ब्रह्मांड की आत्मा हैं। सूर्य सभी राशियों पर संचरण करते प्रतीत होते हैं। वस्तुतः पृथ्वी ही सूर्य की परिक्रमा करती है। आर्य भट्ट ने आर्यभट्टीयम में लिखा है - जिस तरह नाव में बैठा व्यक्ति नदी को चलता हुआ अनुभव करता है, उसी प्रकार पृथ्वी से सूर्य गतिशील दिखाई पड़ता है। सूर्य धनु राशि के बाद मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे मकर संक्रान्ति कहा जाता है। सूर्य का मकर राशि पर होना उपासना के लिए सुन्दर मुहूर्त माना जाता है। वराहमिहिर ने बृहत संहिता में बताया है - मकर राशि के आदि से उत्तरायण प्रारम्भ होता है। सूर्य अजर अमर हैं। ऋग्वेद के एक सूक्त में ऋषि अपने यज्ञ में पृथ्वी अंतरिक्ष और समस्त देवलोक को निमंत्रण देते हैं। वे वरुण, इन्द्र, मरुत और जल को भी आहूत करते हैं। वे देवों से समृद्धि की कामना करते हैं। अंत में सूर्य सविता देव का स्मरण करते हैं - सविता पश्चातात सविता-सविता हमारे पीछे हैं। फिर कहते है - पुरस्तात सविता धरातात-सविता सामने हैं। ऊपर हैं। नीचे हैं। ये सविता हमें सुख व समृद्धि दें। दीर्घायु भी दें। सविता सूर्य की उपस्थिति दशों दिशाओं में है। यही तेजोमय सविता मकर राशि पर हैं। उनके अभिनन्दन की सुन्दर मुहूर्त है मकर संक्रान्ति। पुण्यदायी नदियों में स्नान की भी परंपरा है। तुलसीदास ने रामचरितमानस में मकर संक्रान्ति के अवसर के लिए प्रयागराज का शब्द चित्र बनाया है - माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।

ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर उपनिषदों, महाकाव्यों और परवर्ती संस्कृतिमूलक साहित्य में सूर्यदेव की चर्चा है। प्रश्नोपनिषद (1-5) में कहते हैं कि - आदित्य ही प्राण हैं। छान्दोग्य उपनिषद में कहते हैं, जैसे मनुष्यों में प्राण महत्वपूर्ण हैं वैसे ही ब्रह्माण्ड में सूर्य हैं। सूर्य के कारण इस पृथ्वी ग्रह पर मनुष्य का जीवन है। सूर्य दिव्य हैं। तेजोमय दिव्यता हैं। सूर्य ऊष्मा ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार हैं। प्रत्येक ताप का ईंधन होता है। इसी तरह तेजोमय सूर्य ताप के पीछे भी कोई कारण/ईंधन होना चाहिए। सूर्यदेव अरबों वर्ष से तप रहे हैं।

हम सब सूर्य परिवार के अंग हैं। ऋग्वेद के प्रथम मंडल (सूक्त 164) के प्रथम मंत्र में सूर्यदेव के तीन भाई बताये गये हैं। उनके सात पुत्र हैं। तीन भाइयों में वे स्वयं, दूसरे सर्वव्यापी वायु और तीसरे तेजस्वी अग्नि। सूर्य के रथ का वर्णन सुंदर है - सूर्य के एक चक्र वाले रथ में सात घोड़े हैं। सात नामों वाला एक



घोड़ा रथ खींचता है। आगे सात शब्द का दोहराव है - सात दिन, सात अश्व, सात स्वरों में सविता सूर्य की स्तुति करती सात बहनें। वैसे भी सूर्य प्रकाश में सात रंग हैं। ध्वनि में सात स्वर हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। ऋषि जिज्ञासा है - इस ब्रह्मांड में सबसे पहले जन्म लेने वाले को किसने देखा? जो अस्थि रहित होकर भी सम्पूर्ण संसार का पोषण करते हैं। पूर्वज सविता सूर्य की आतंरिक गतिविधि जानना चाहते हैं - यह विज्ञ सप्त तंतुओं-किरणों को कैसे फैलाते हैं। ऋषि जानकारी की सीमा बताते हैं - मैं नहीं जानता लेकिन जानना चाहता हूं। सभी लोकों को स्थिर करने वाले अजन्मा का रूप क्या है? जो सूर्य रहस्य के जानकार हैं, कृपया वे बतायें। अंत में कहते हैं - बारह अरों वाला चक्र द्युलोक में घूमता रहता है। वह अजर अमर है।

सूर्य अभिभावक हैं। संरक्षक हैं। गीता (4-1) में ज्ञान परंपरा है। श्रीकृष्ण कहते हैं - मैंने योगविद्या का ज्ञान सबसे पहले विवस्वान सूर्य को दिया था। सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को यही ज्ञान दिया। सूर्य जीवनदाता हैं। आराध्य हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों में सूर्य प्रत्यक्ष देव हैं। सूर्य उपासना यूनान में भी थी। वैदिक मंत्रों में सविता सूर्य और ऊषा अलग-अलग स्तुतियां पाते हैं। लेकिन यथार्थ में वे एक ही सूर्य के भिन्न-भिन्न आयाम हैं। डॉ. कपिल देव द्विवेदी ने वैदिक देवताओं के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक स्वरूप पर किताब लिखी है। उन्होंने लिखा है - सविता ही सूर्य हैं। सविता का अर्थ प्रेरणा शक्ति देने वाला प्रेरक। गति देने वाला। सूर्य इस संसार को प्रेरणा और प्रकाश देते हैं। इसलिए सूर्य को सविता भी कहते हैं। सूर्य उपास्य हैं।

ऊषा देवी भी उन्हीं का एक आयाम हैं। ऋषि कहते हैं - सविता सूर्य विश्वरूपाणि हैं और ऊषा के बाद प्रकाशित होते हैं। ऋग्वेद (1-141-2) में अग्नि के तीन रूप बताये गये हैं। पहला भौतिक अग्नि। दूसरा मेघों बादलों में विद्युत रूप अग्नि और तीसरे सूर्य। ऊषा देवी सूर्योदय के पहले की आभा हैं। ऊषा की स्तुति में कहते हैं - ऊषा स्वर्ग की कन्या जैसी प्रकाश के वस्त्र धारण करके प्रतिदिन पूरब से वैसे ही आती हैं जैसे विदुषी नारी प्रकृति के शाश्वत नियमों के अनुसार चलती है। यहां ऊषा का वस्त्र प्रकाश है। आगे बताते हैं जैसे भद्र नारियां सोए हुए परिजनों को जगाती हैं। वैसे ही ऊषा भी सोने वालों को जगाती हैं। वैदिक समाज के लोग प्रातःकाल उठते थे। वे सूर्योदय देखते थे। आनंदित होते थे। सूर्य नमस्कार करते थे। ऊषाकाल वैदिक समाज के लोगों का जागरण काल है। ऋषि ने ऊषा को लेकर सुंदर मंत्र रचे हैं। कहते हैं कि यह ऊषा जैसे पति से मिलने के लिए मुस्कराती हुई अपना सौंदर्य प्रकट करती है। ऋषियों का भावबोध सौंदर्यबोध भी बहुत गहरा है। कहते हैं - ऊषा अपने पराए का भेद नहीं करती। जैसे छोटी बहन बड़ी बहन के लिए स्थान खाली कर देती है वैसे ही रात्रि रूपी छोटी बहन बड़ी बहन ऊषा के लिए अपने स्थान से हट जाती है।

ऋषियों के मन में अच्छे लोगों के आदर के लिए भेदभाव भी हैं। स्तुति है - हे ऊषा आप कंजूस लालची को न जगायें। कर्मठ संघर्षशील लोगों को ही जगायें। प्रार्थना यह भी है कि वे हमारी बुद्धि को सत्कर्मों के लिए प्रेरित करें। ऊषा जैसा मनोरम चरित्र दुर्लभ है। गायत्री मंत्र में भी सूर्य सविता की स्तुति है। ऋग्वेद (3-62-10) के अनुवाद में सातवलेकर कहते हैं - हम सविता देव के उस श्रेष्ठ वरण करने योग्य तेज का ध्यान करते हैं। वे सविता हमारी बुद्धियों को उत्तम मार्ग के लिए प्रेरित करें-तत्स वितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात। मकर संक्रांति के अवसर पर इसी मंत्र का पुरस्चरण करते हुए लोकमंगल की उपासना करें।

**- (लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# सामाजिक-पारिवारिक मूल्यों के रखवाले हैं श्रीराम

श्रीराम भारतीय परम्परा का अभिन्न हिस्सा हैं। तुलसी के श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और वाल्मीकि के राम मानवीय भावनाओं से ओत-प्रोत संतुलित राम हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने अपने जीवन में एक-एक मर्यादा की पालना की, समाज के सम्मुख आदर्श रखे। पुत्र, पिता, भाई, पति, राजा, मित्र तमाम स्वरूपों में मानवीय भावनाओं के संतुलक राम सिर्फ भारत के ही आदर्श नहीं है बल्कि पूरे विश्व के लिए आदर्श रूप में अनुकरणीय हैं। प्रभु श्रीराम का जीवन आम जीवन से जुड़ा जीवन है, वह सबको चमत्कृत नहीं अपितु आकर्षित करता है। पत्नी के अपहरण पर भी समाज से सहयोग मांगा और संघर्ष किया तो उसे वापस पाने के लिए मिल-बैठकर नीति बनायी। लंका जाने के लिए एक-एक पत्थर जोड़कर पुल बनाया। एक कुशल प्रबन्धक की तरह लौटे तो पूरी सेना के साथ लौटे, एक साम्राज्य निर्माण की आकांक्षा से लबरेज रामराज की कामना के साथ। राम अगम है सगुण हैं निर्गुण है।

**डॉ. राकेश राणा**

भगवान श्रीराम का अतीत इतना व्यापक और विस्तारित है कि उस पर समझ और संज्ञान की सीमाएं हैं। उन्हें चिह्नित करना बहुत दूर की कौड़ी है। भारतीय समाज में श्रीराम उस वट वृक्ष की तरह हैं जिसकी छत्रछाया में भक्त, आलोचक, आम, खास, आराधक, विरोधी, संबोधक सबके सब न जाने कितने सालों से एक साथ चले आ रहे हैं। 'श्रीराम' भारतीय चिंतन परंपरा का सबसे चहेता चेहरा हैं। उनमें निगुर्णों व सगुणों सब ही का समान हिस्सा है। ब्रह्मवादी उनमें ब्रह्मस्वरूप देखते है। निर्गुणवादियों के लिए आत्मा ही श्रीराम है। अवतारवादियों के वे अवतार हैं। वैदिक साहित्य में उनका विचित्र रूप है। बौद्ध कथाएं उनके करुणा रूप से कसी हुई हैं। वाल्मीकि के श्रीराम कितने निरपेक्ष हैं देखते ही बनता है। तुलसी के श्रीराम भारतीय जनमानस में बसे श्रीराम हैं, यहां सबके घट-घट में सजे श्रीराम हैं। श्रीराम ही हैं, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एक सूत्र में पिरोए हुए हैं। भारतीय समाज के लिए तो मान-सम्मान का संबोधन ही 'राम-राम' हो जाता है। यह अकारण नहीं है जो सब कुछ राममय हो गया है। यहां हर घर का बड़ा बेटा राम हो जाता है जो आज्ञाकारी है, त्यागी है, सेवाभाव वाला है। आदर्श शासक सबको राम सरीखा नजर आता है। यहां तक कि रामराज्य आदर्श व्यवस्थाओं के आग्रह का आवश्यक आधार बन जाता है।

श्रीराम भारतीय परम्परा का अभिन्न हिस्सा हैं। तुलसी के श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और वाल्मीकि के राम मानवीय भावनाओं से ओत-प्रोत संतुलित राम हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने अपने जीवन में एक-एक मर्यादा की पालना की, समाज के सम्मुख आदर्श रखे। पुत्र, पिता, भाई, पति, राजा, मित्र तमाम स्वरूपों में मानवीय भावनाओं के संतुलक राम सिर्फ भारत के ही आदर्श नहीं है बल्कि पूरे विश्व के लिए आदर्श रूप में अनुकरणीय हैं। प्रभु श्रीराम का जीवन आम जीवन से जुड़ा जीवन है, वह सबको चमत्कृत नहीं अपितु आकर्षित करता है। पत्नी के अपहरण पर भी समाज से सहयोग मांगा और संघर्ष किया। तो उसे वापस पाने के लिए मिल-बैठकर नीति बनायी। लंका जाने के लिए एक-एक पत्थर जोड़कर पुल बनाया। एक कुशल प्रबन्धक की तरह लौटे तो पूरी सेना के साथ लौटे, एक साम्राज्य निर्माण की आकांक्षा से लबरेज रामराज की कामना के साथ। राम अगम है सगुण हैं निर्गुण है। कहत कबीर निर्गुण राम जपहुं रे भाई। श्रीराम के चरित्र में पग-पग पर मर्यादा है, त्याग है, प्रेम है और लोक व्यवहार का साक्षात्कार है। राम मानवता में मथे महापुरुष हैं। राम लोकतंत्र के लोकपाल हैं, सबके प्रेरक हैं और समाज के सह-निमार्ता हैं। राम के आदर्शों का जनमानस पर इतना गहरा प्रभाव तब ही संभव हो भी पाया। श्रीराम से भारतीय समाज सदैव सार्थकता पाता रहा है। भारत का आम जन-जीवन युगों-युगों से राम के दृष्टिकोण के साथ जीवन के संदर्भों-स्थितियों-परिस्थितियों-मनःस्थितियों-घटनाओं और प्रघटनाओं को मूल्यांकित करता रहा है। श्रीराम भारतीय समाज की वैचारिक थाती हैं। श्रीराम भारतीय संस्कृति की सतत प्रवाहमान धारा हैं। उनके उग्र स्वरूप के चित्रण में वैसा प्रभाव नहीं है जैसा उनकी सौम्यता में समाया हुआ है। राम बहुत सहज, सौम्य और सम्मोहक हैं। इसलिए वह सर्वत्र हैं। सबके हैं और सब उनके हैं। रहीम खान-ए-खाना कहते हैं कि 'रामचरित मानस हिन्दुओं के लिए ही नहीं मुस्लिमों के लिए भी आदर्श है। तभी उन्होंने लिखा- 'रामचरित मानस विमल, संतन जीवन प्रान, हिन्दुअन को वेद सम, तुरकहिं प्रगट कुरान।'

श्रीराम किसी धर्म, देश, दुनिया की सीमाओं में सीमित नहीं हैं, अपितु वह एक विलक्षण विचार हैं। साहित्य में खुसरो, रसखान, आलम रसलीन, हमीदुद्दीन नागौरी, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती आदि सब ने राम की काव्य-पूजा की तो किसी ने राम की शक्ति-पूजा की है। तुलसी, कबीर, नानक और रैदास सब राम में रमे रहे। तुलसी कहत 'राम न सकहिं नाम गुन गाहीं।' अर्थात स्वयं 'राम' भी इतने समर्थ नहीं हैं कि वह अपने ही नाम के प्रभाव का गान कर सकें। कबीर कहते है-'राम गुण न्यारो न्यारो। अबुझा लोग कहांलों बूझे, बूझनहार विचारो।' श्रीराम के गुण बेहद न्यारे हैं। नासमझ लोग उन्हें रटते रहते हैं, कोई समझने की कोशिश ही नहीं करता। गांधी के राम 'रघुपति राघव राजा राम' जब 22 जनवरी, 1921 को आज से लगभग एक सदी पूर्व 'यंग इंडिया' में उन्होंने लिखा, 'मेरे लिए राम, अल्लाह और गॉड सब एक ही हैं।' इसी चिंतनधारा में संत विनोबा भावे जी राम, कृष्ण, बुद्ध को अवतार घोषित किये जाने के प्रश्न पर कहते है 'दरअसल विचार का ही अवतार होता है। लोग समझते हैं कि राम, कृष्ण, बुद्ध, अवतार थे। हमने उन्हें अवतार बनाया है। अवतार व्यक्ति का नहीं विचार का होता है और विचार के वाहन के तौर पर मनुष्य काम करते हैं। युगानुकूल वैचारिकी खड़ी करते हैं। किसी युग में राम के रूप में सत्य की महिमा प्रकट हुई तो किसी में कृष्ण के रूप में प्रेम की, तो कभी बुद्ध के रूप में करुणा की।' भारत की हर एक भाषा में रामकथाएं कही गई हैं। भारत के बाहर फिलीपाईन्स, थाईलैंड, लाओस, मंगोलिया, साइबेरिया, मलयेशिया, म्यांमार, स्याम, इंडोनेशिया, जावा, सुमात्रा, कम्बोडिया, चीन, जापान, श्रीलंका, वियतनाम सभी में रामकथा के ढेरों स्वरूप मौजूद हैं। इससे स्पष्ट है कि यदि श्रीराम केवल राजा होते, न्यायी होते, सदाचारी होते, धर्म प्रवर्तक होते तो शायद उनकी स्मृति भी कब की क्षीण हो चुकी होती और वह इतिहास बनकर रह गए होते। श्रीराम इतिहास नहीं हैं वह तो हर पल नए निवर्तमान हैं। अपना कोई धर्म-पंथ न चलाते हुए भी धर्म का आदि और अंत हैं। स्थूल रूप में अपने समय में नर-लीला करते हुए भी अतीत नहीं हुए वर्तमान हैं। मौजूदा दौर का सवाल थोड़ा दुरुह है। क्या राम विचार का विश्राम हैं, तब जब राजनीति के राम जय श्रीराम हैं। इक्कीसवीं सदी की वैचारिक विमाओं में श्रीराम की भूमिका राष्ट्र निर्माण के किस रुप में अवतरित हो? आज यह यक्ष प्रश्न भारतीय चित्त की बड़ी चुनौती है। मौजूदा भारतीय नेतृत्व को नए राष्ट्र संगठक श्रीराम की तलाश है। श्रीराम की प्रतिष्ठा राजनीति से ज्यादा राष्ट्र नीति में निहित है। गंभीर सवाल यही है कि नई पीढ़ी के लिए श्रीराम कैसे हों? नयी सदी के नए दिमागों में श्रीराम की नयी उपमाएं कैसे उगें? मौजूदा चुनौतियों को मानस मंथन की नयी व्याख्याएं कैसे हल करें। जब विश्व मानवता और विज्ञान के विकास का क्रम इतना सहज न रहा हो? क्या नई पीढ़ी का वाल्मीकि के 'श्रीराम' से काम चल जायेगा? या तुलसी, कबीर और रसखान के 'श्रीराम' से सब काम बन जायेगा। आजाद भारत में गांधी, निराला और रामानंद सहित भारतीय राजनीति 'श्रीराम' को कितना भारतीयता के निकट ला पाती है। युवा पीढ़ी की आधुनिकता को कितना श्रीराम समर्थित बना पाती है।

RNI (JHAHIN/2016/69693), स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक संजय सिंह द्वारा 237-बी,रोड़ न. 2, अशोकनगर, रांची 834002 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्रा.लि.,काठीटांड,(नियर टेंडर बगीचा) रातू, रांची-835222 झारखंड से मुद्रित। **प्रधान संपादक :** मंगल पाण्डेय, **संपादक** : संजय सिंह*, **विज्ञापन एवं प्रसार :** 8092174888, 7903659692, **कार्यालय:** 0651-7961780, किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायिक क्षेत्र रांची होगा। ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)

# सोनपुरा गांव में मकर संक्रांति को लेकर धूमधाम से की गई पूजा



स्वदेश संवाददाता

बड़कागांव। प्रखंड अंतर्गत कांडतरी पंचायत स्थित सोनपुरा गांव में मकर संक्रांति को लेकर मनोकामना पंचवाहिनी मंदिर में श्रद्धालुओं का भेद देखी गई लोगों ने की पूजा। इस दौरान पूजा समिति के द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर भक्ति जागरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि त्यौहार में हम सभी लोगों को मिलजुल कर रहने की जरूरत है। सभी समुदाय एक दूसरे को सहयोग करें तभी हमारा समाज का संपूर्ण विकास होगा। सोनपुरा के अलावा मुरली पहाड़, बादम पंचवाहनी मंदिर और लौकुरा गांव मंदिर में मकर संक्रांति की पूजा वह मेले का आयोजन किया गया।

पूजा को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए पूजा समिति के पदाधिकारी एवं प्रबुद्ध लोगों का सराहनीय योगदान रहा।मौके पर उपस्थित लोगों में जिप सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, जिला मुख्य संघ उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद, विशेश्वर नाथ चौबे पंसस रंजीत चौबे, पूजा अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, ग्राम अध्यक्ष ओमप्रकाश, त्रिभुवन महतो, सचिव प्रकाश कुमार, भवानी प्रसाद, अजीत प्रसाद, राजनाथ कुमार, युगल किशोर, मोहित कुमार, लालदेव महतो, के अलावा पूजा समिति ग्राम समिति के लोग उपस्थित थे।

## दिग्वार के चंडी स्थान में भव्य मेले का आयोजन






महेश कुमार

दारू (हजारीबाग)। मकर संक्रांति के अवसर पर प्रखंड अंतर्गत दिग्वार पंचायत में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी चंडी स्थान में भव्य मेले का आयोजन किया गया। पंचायत के मुखिया महेंद्र मुर्मू ने कहा कि पिछले 19 वर्षों से यहां मेले का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2004 में इसकी शुरूआत प्रखंड के लगभग सभी पंचायत ने मिलकर की थीं उसके बाद लगातार यहां मेले का आयोजन किया जा रहा है। कमेटी के सदस्यों ने कहा कि हमारे पूर्वजों का इस स्थान से आस्था जुड़ा है जो पहले यहां पूजा पाठ किया करते थे अब धीरे-धीरे इसे एक बड़ा रूप दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि मेले में दान के रूप में जो भी राशी प्राप्त होता है उसे अभी विशाल शिव मंदिर निर्मित करने में लगाया जा रहा है। ये अर्धनिर्मित मंदिर जल्द बनकर तैयार हो जाएगा इससे अब पर्यटकों का आना-जाना भी बढ़ेगा। मेले में प्रखंड क्षेत्र के अलावे चुरचू, सदर, इचाक व टाटीझरिया प्रखंड से काफी संख्या में लोग मां चंडी का दर्शन करने व मेले का आनंद लेने पहुंचे थे। मेले में घरेलू सामान बिक्री व मनोरंजन के लिए झूला आदि लगाया गया था। वहीं इरगा चंडीस्थान में पिछले वर्ष से मेले का आयोजन किया जा रहा है। कंजिया स्थित चंडीस्थान स्थान में दो दिवसीय मेला लगाया गया है जबकि इरगा में एक दिवसीय मेला लगाया गया है।

### आस्था का केंद्र है कंजिया का चंडीस्थान

दिगवार पंचायत अंतर्गत कंजिया स्थित चंडीस्थान वर्षों से आस्था का केंद्र रहा है। पहले लोग अपने आप मन्नत मांगा करते थे और प्रसाद के रूप सेवई का भोग लगाते थे। वहीं वर्तमान समय मे मन्नते पूरी होने पर लोग नारियल, मुर्गा व बकरे की बली देते हैं।

## मारवाड़ी युवा मंच की ओर से पतंग उत्सव का आयोजन

स्वदेश संवाददाता

### उत्कृष्ट पतंगबाजी करने वाले को किया गया सम्मानित



हजारीबाग। मारवाड़ी युवा मंच की ओर से सामाजिक क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मुनका बगीचा के परिसर में भव्य पतंग उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से भी अधिक युवा, नौजवान के शामिल हुए। यह उत्सव रविवार को दोपहर 1:00 बजे प्रारंभ होकर शाम करीब 5:00 बजे समाप्त हुआ। बेहतर प्रदर्शन करने वाले लोगों को मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा सम्मानित किया गया, जिसमें नन्हा पतंगबाज ईरा अग्रवाल, युवा पतंगबाज अर्पित अग्रवाल, कन्नी बाज नमन चौधरी, खिलाड़ी पतंग बाज तेजल खंडेलवाल वहीं लकी ड्रा के विनर रहे आराध्या अग्रवाल, अदविव सुरेखा, आदित्य बगरिया, गंगा खंडेलवाल, यश जैन,सभ्य अग्रवाल, आयुष अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया। पतंग उत्सव में कई बच्चों को पतंग उपलब्ध कराई गई थी, साथ ही बच्चों के खान-पान की बेहतर व्यवस्था रखी गई थी।मौके पर अध्यक्ष सीए विनीत अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ अन्य चीजों में भी आगे बढ़ाना चाहिए। इसी दृष्टिकोण से ऐसे विभिन्न कार्यक्रम को आयोजित किया जाता है ताकि बच्चे अन्य चीजों में भी बढ़-चढ़कर सहभागी बन सके।

मौके पर सचिव पीयूष खंडेलवाल ने कहा कि पतंग उत्सव के दौरान बच्चों को पतंग की टिप्स तथा उनका हौसला अफजाई करना मेरे लिए काफी सौभाग्य का पल रहा बच्चों की उत्साह काफी देखने को मिला। इस अवसर पर अध्यक्ष सीए विनित अग्रवाल, सचिव पीयूष खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष अनिकेत जैन, उपाध्यक्ष दीपक खंडेलवाल उर्फ मोनू, धीरज जैन, सौरव गोयल,प्रमोद खण्डेलवाल, अमन चौधरी, रितेश खण्डेलवाल, नमन चौधरी, राहुल चौधरी, विनित मुनका, नितिन अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल चीकू, आदित्य अग्रवालअमित अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल,झचिंटू माहेश्वरी, नीरज मुनका, शंभू मुनका, शुभम बुनना सहित कई लोग मौजूद थे।

## मकर संक्रांति के मौके पर इन्द्रपुरी साईं मन्दिर में विशाल भंडारे का आयोजन आज

स्वदेश संवाददाता




हजारीबाग। मकर संक्रांति के मौके पर साईं परिवार हज़ारीबाग के तत्वावधान में सोमवार को अहले सुबह साईं मंदिर में 5 बजे काकड़ आरती और बाबा के भव्य अभिषेक के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष की भांति मकर संक्रांति के मौके पर साईं परिवार, हजारीबाग द्वारा हजारीबाग शहर के इंद्रपुरी चौक स्थित साईं मंदिर परिसर में आगामी सोमवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। इस विशाल भंडारे में चूड़ा, तिलकुट, गुड़, दही के साथ दोपहर में खिचड़ी, चोखा और चटनी की व्यवस्था रहेगी। इसी दौरान विशेष उपस्थिति आर्ष कन्या गुरुकुल की विदुषी और भैयाजन की होगी। इन सभी के बीच साईं बाबा का प्रसाद वितरण भी किया जायेगा। बता दें कि साईं परिवार, हजारीबाग साईं भक्तों का एक समूह है। यह समूह सामाजिक एकता के साथ सामाजिक समरसता को बरकरार रखना हेतु कार्य करता है। यह जानकारी साईं परिवार हज़ारीबाग़ के सदस्यों ने दी है।

## वर्षों से रह रहे दलितों के घरों को किया ध्वस्त

स्वदेश संवाददाता

### भुक्तभोगियों ने थाने में आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार



कटकमसांडी (हजारीबाग)। वर्षो से रह रहे दलितों के घरों को ध्वस्त किए जाने मामले को लेकर भुक्तभोगी भुईयां समाज के लोगों ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला कटकमसांडी थाना क्षेत्र के चट्टी हाईस्कूल मोड़ की है। घटना रविवार को सुबह सात आठ बजे की बताई गई। थाने को दिए आवेदन में भुक्तभोगी कांति मसोमात, विजय भुईयां, मंगल भुईयां, जमुना भुईयां, मालती मसोमात, रोहन भुईयां, आरती मसोमात, गोपाल भुईयां, मालती मसोमात, बलदेव भुईयां, किशोर भुईयां, सरजू भुईयां, कपूर भुईयां, तेतरी मसोमात, दीनू भुईयां व कुलदीप भुईयां ने बताया कि रविवार के सुबह खरिका गांव निवासी विजय यादव, मनोज यादव,, बबलू यादव, संतोष यादव, चंदर यादव, राकेश यादव सहित दर्जन भर लोगों ने हर्वे हथियार के साथ आकर गाली गलौज व जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए हम सबके घरों के छप्पर, एस्बेस्टस शीट व दीवारों को तोड़ फोड़ करने लगे। सूचना पाकर घटना स्थल पर जबतक पुलिस पहुंच। तबतक वे लोग घरों के दीवारों को ध्वस्त कर भाग खड़े हुए। इसके बाद पंचायत के मुखिया कुमारी श्रीति पांडेय व जिप प्रतिनिधि कारू राम घटनास्थल पर पहुंचकर बताया कि अगर आरोपितों का जमीन था, तो वे 40-50 वर्षो से कहा थे। मामला जमीन का है तो कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई होना चाहिए। आरोपितों ने कानून को हाथ मे लेकर महिलाओं के साथ भी मारपीट की है।

## अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर मेरू दुर्गा मंडप

स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर मेरू दुर्गा मंडप के प्रांगण में बसंती दुर्गा पूजा समिति की ओर से बैठक की गई। बैठक में समिति के सदस्यों के साथ गांव के महिलाएं व पुरुष शामिल हुए, जिसमें यह निर्णय लिया गया के आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के दिन मेरू के सभी शिव मंदिर, दुर्गा मंडप, हनुमान मंदिर जितने छोटे बड़े मंदिर व पूजा स्थल है सभी जगह सजाया जाएगा विद्युत के द्वारा एवं पूजा पाठ सभी मंदिरों में चलेगी दिन में 12:00 बजे से शोभायात्रा नगर भ्रमण किया जाएगा जो 5:00 बजे दिन तक चलेगा। इस बैठक में बसंती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शंकर प्रसाद, सचिव राजन मेहता, जयशंकर मिश्रा, सत्यानंद कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, दशरथ यादव, मनोज कुशवाहा, दिलीप राम के साथ समिति के सभी लोग उपस्थित थे।

## एनटीपीसी के कर्मियों व नर्सिंग होम के संचालक से रंगदारी मांगने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

स्वदेश संवाददाता



बड़कागांव। एनटीपीसी के कर्मियों एवं नर्सिंग होम के संचालक को धमकी देने वाले को पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया। मामले को लेकर पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 30 नवंबर 2023 को बड़कागांव स्थित किसान नर्सिंग होम के मालिक को फोन कर धमकी देकर एक लाख रुपए की रंगदारी की मांग की गई थी। नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई थी। जिस संदर्भ में बड़कागांव थाना कांड संख्या 354 / 23 2 दिसंबर 2023 धारा 385 , 387 भादवी के तहत मामला दर्ज किया गया था। वहीं एनटीपीसी के पदाधिकारी एवं कर्मियों को भी फोन से रंगदारी मांगने एवं रंगदारी नहीं देने पर जाने मारने की धमकी दी जा रही थी। इस संदर्भ में बड़कागांव थाना कांड संख्या 11/ 24 दर्ज की गई है।अनुसंधान के क्रम में उक्त कांड में दिवाकर तिवारी ग्राम कुडलोग थाना टंडवा जिला चतरा निवासी की संलिप्त पाई गई, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार दिवाकर तिवारी के पास से एक मोबाइल फोन जप्त किया गया है।

## केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री संग हजारीबाग सदर विधायक ने इचाक बुढ़िया माता मंदिर में टेका माथा

स्वदेश संवाददाता



हजारीबाग। भाजपा परिवार, इचाक प्रखंड की ओर से बुढ़िया माता मंदिर परिसर, इचाक में आयोजित दही-चूड़ा कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचें। कोडरमा सांसद सह केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी संग हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल भी यहां पहुंचकर प्राचीन बुढ़िया माता मंदिर में माथा टेका और क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। हजारीबाग जिला मुख्यालय से महज़ 17 किमी दूर इचाक का यह बुढ़िया माता मंदिर का इतिहास करीब 400 वर्षों का है। यहां प्रतिमा नहीं बल्कि मिट्टी और सिंदूर के पिंड की पूजा की जाती है। यहां मिट्टी के पिंड पर सिंदूर का लेप लगाया जाता है और माता लोगों की मन्नतें पूरी करती हैं।

मंदिर को लेकर ऐसी मान्यता है कि जिसने भी यहां झोली फैलाया है मां उसकी मुरादे पूरी करती रही है। बुढ़िया माता मंदिर को लेकर कहा जाता है कि सदियों पूर्व जब इस इलाके में हैजा और कोलेरा का प्रकोप फैला तो क्षेत्र में मौत का तांडव शुरू हो गया। ऐसे में यहां बुढ़िया माता ने पिंड स्थापित कर पूजा अर्चना शुरू किया और तब से क्षेत्र में अकाल मौत से लोग बचने लगे। यहां कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हर दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है। पहले बुढ़िया माता का मंदिर छोटा था लेकिन अब विशाल और आकर्षक मंदिर का निर्माण हो रहा है। बुढ़िया माता मंदिर दर्शन और पूजन के उपरांत केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ दही-चूड़ा का भी आनंद उठाया।

## पत्रकारों ने उठाया वन भोज का लुत्फ



स्वदेश संवाददाता

इचाक। पत्रकार संघ की ओर से वनभोज का आयोजन रविवार को किया गया। सल्पर्णी के सुंदर वादियों में आयोजित वन भोज में विभिन्न अखबारों के प्रतिनिधि और एसआई धनंजय सिंह शामिल हुए। वन भोज में शामिल पत्रकारों ने एक दूसरे को नए साल की शुभकामना देते हुए लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया, जिसमें संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार, सचिव गणेश कुमार, कोषाध्यक्ष रामवतार सोनी, केंद्रीय सदस्य रामशरण शर्मा, एसआई धनंजय सिंह, विकाश सिंह, महेश कुमार मेहता, कुलदीप कुमार, श्यामदेव मेहता, अभिषेक कुमार, दीपक सिंह, अरुण वर्मा रमेश रंजन, सुशांत सोनी, सूरज दास, राजू पासवान, अनिल राम सहित अन्य शामिल हुए।

## भाजपा की ओर से किया गया दही-चूड़ा कार्यक्रम का आयोजन



स्वदेश संवाददाता

इचाक। भाजपा प्रखंड कमिटी की ओर से बुढ़िया माता मंदिर परिसर मे दही-चूड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन कोडरमा सांसद सह केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और सदर विधायक मनीष जायसवाल ने माता दरबार में मत्था टेक कर किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सुख, शांति तथा समृद्धि की कामना करते हुए कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारी में लग जाने का आह्वाहन किया। उन्होंने विशाल मंदिर के निर्माण पर हर्ष जताते हुए कहा कि करोड़ो लोगो की आस्था मंदिर से जुड़ा है, जिसकी सुंदरता से श्रद्धालुओं के आस्था में वृद्धि होगी।इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चूड़ा-दही का स्वाद चखा और आयोजन के लिए साधुवाद दिया। पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार मेहता द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए, जिसमें जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता जिप सदस्य रेणु देवी, बटेश्वर प्रसाद मेहता, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता, मंडल अध्यक्ष पूर्वी जय नंदन प्रसाद मेहता, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष सुभाष सोनी, सांसद प्रतिनिधि भगवत प्रसाद मेहता, ओमप्रकाश मेहता, हरिहर मेहता, महेश साव, मुकेश उपाध्याय, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, मुखिया नंदकिशोर कुमार, संगीता देवी, मोदी मेहता, नंदकिशोर मेहता, उमेश प्रसाद मेहता, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, निरंजन कुमार, नवलेश कुमार, राजेंद्र, रवि, सुनील तलवार, रंजन चौधरी के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बरका खुर्द में पूजित अक्षत का डोर टू डोर वितरण किया गया

स्वदेशसंवाददाता



इचाक। अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से आए पूजित अक्षत का वितरण बरका खुर्द पंचायत अंतर्गत बरका खुर्द के साथ-साथ रतनपुर सायल कला सायल खुर्द एवं मोमाराक टोला में गाजे बाजे के साथ बड़ी धूमधाम से जिला परिषद सदस्य रेणु देवी, बरका खुर्द पंचायत की मुखिया सीता कुमारी, सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता, पंसस प्रदीप कुमार मेहता, पूर्व प्रमुख कौशल नाथ मेहता, पूर्व मुखिया इंद्रदेव मेहता, अनीता देवी, उप मुखिया विक्रम मेहता व लखन कुमार मेहता के नेतृत्व में सैकड़ों महिला पुरुष शामिल होकर किया गया। जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजयमान रहा। उपस्थित लोगों ने कहा कि इस पूजित अक्षत को घर में पूजा स्थल पर रखने का काम करेंगे साथ ही आगामी 22 जनवरी की रात्रि में अपने-अपने घरों में दीपक जलाने का काम करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला परिषद प्रतिनिधि अशोक कुमार मेहता, मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत मेहता, हिंदू युवा संघ के मनोज मेहता, लोकनाथ महतो, तिलक महतो, कैलाशपति मिश्र कमल प्रजापति, चांदो प्रजापति, शंभू प्रसाद मेहता, उमेश मेहता, बादल कुमार, मीडिया प्रभारी राहुल राणा समेत सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल थे।

## नाराज़ दर्जनों कार्यकर्ताओ ने छोड़ा कांग्रेस का हाथ

स्वदेश संवाददाता



चौपारण। प्रखंड के डेबो पंचायत से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पंचायत अध्यक्ष शम्भू यादव सहित पार्टी समर्थित सभी वार्ड सदस्य, पदाधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा प्रखण्ड अध्यक्ष को सौंप दिया। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रखण्ड महासचिव महेश यादव ने बताया कि हमलोग कांग्रेस पार्टी व विधायक जी के साथ निःस्वार्थ भाव जुड़कर पार्टी हित के लिए कार्य करता रहा हूं। लेकिन हमलोगों ने विधायक से मिलकर डेबो पंचायत के हित में कई समस्याओं को रखा पर उसका कोई समाधान नहीं हो पाया। बीते कई महीनों से स्थानीय विधायक के कार्यशैली से हम सब नाराज हैं। उन्होंने कहा कि विधायक ने डेबो पंचायत के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ व अनदेखी करके सबके मान सम्मान को ठेस पहुंचाने का कार्य किया है। पंचायत अध्यक्ष शम्भू यादव ने कहा कि हमलोगों ने लिखित रूप से प्रखण्ड अध्यक्ष को त्याग पत्र सौंप दिया है। इस्तीफा देने वालो में पंचायत अध्यक्ष शम्भू यादव, पूर्व समिति सदस्य बेनी यादव, महेश कुमार यादव महासचिव, उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, रामदेव यादव वार्ड सदस्य डेबो, संतोष कुमार नावाडीह, बालकी यादव कोरियाडीह, राजकुमार पासवान रैम्बो, संतेन्द्र यादव वार्ड सदस्य चक, माधुरी देवी डेबो, लक्ष्मण यादव वार्ड सदस्य पिपराडीह, मुन्नी देवी वार्ड सदस्य नवादा, सरयू पासवान रैम्बो सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

## बाना दाग पहाड़ी मेला का युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा ने किया उद्घाटन

स्वदेश संवाददाता

### सनातन संस्कृति को देश के हर एक नागरिक तक पहुंचाना, हमारा प्रयास : हर्ष अजमेरा



हजारीबाग। सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कटकमदाग प्रखंड की बाना दाग मे गौरी शंकर धाम ट्रस्ट शिव पहाड़ी मंदिर के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया गया है। यह मेला 5 दिनों तक संचालित रहेगा। मेला का उद्घाटन रविवार को शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन से पूर्व हर्ष अजमेरा ने गौरी शंकर धाम मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की। उद्घाटन के पश्चात गौरीशंकर धाम मंदिर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष अजमेरा का जोरदार स्वागत किया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान आयोजक समिति के द्वारा मेले को लेकर विस्तार पूर्वक बताया गया। मेले में खानपान बच्चों के झूले सहित अन्य आकर्षक के चीज उपलब्ध है। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा की बाना दाग की इतिहास सनातनी धर्म के लिए जानी जाती है। यहां पर राम मंदिर बना यहां के ग्रामीण वासियों के लिए काफी सौभाग्य का बात होगा।

श्री अजमेरा ने कहा कि मैं सांसद जयंत सिन्हा जी से वार्तालाप करूंगा की भव्य राम मंदिर का निर्माण इसी स्थान पर किया जाए। इस मेले की भव्यता को देश के हर एक नागरिक तक पहुंचने का मेरा संकल्प होगा क्योंकि ये मेले में जिले, राज्य तथा उसके बाहर के भी लोग आकर इस मेले का आनंद ले सके। और यहां की सनातन संस्कृति के विषय में जान सके। मौके पर संदीप कुमार अध्यक्ष, अजय कुमार राम मेला संचालक, धूकन महतो महामंत्री, तुलसी महतो मंत्री, उपेंद्र महतो उपाध्यक्ष जगदीप सिंह, अनिल कुमार महतो संरक्षक, रामावतार राम सचिव, सोहर प्रसाद उप सचिव, चमन महतो संरक्षक, सुरेश रजक कोषाध्यक्ष, पिंटू कुमार उमेश प्रसाद, सूरज कुमार मीडिया प्रभारी,रोहित कुमार श्रवण कुमार मुकेश प्रसाद, पप्पू कुमार शिवम कुमार विशाल कुमार मुंशी प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

## जलसहिया संघ ने किया वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजन

स्वदेश संवाददाता



हजारीबाग। जलसहिया संघ ने वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजन कन्हरी हिल में किया, जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सपना शर्मा व संचालन उर्मिला देवी ने किया। मौके पर संघ के अध्यक्ष सपना शर्मा ने कहा कि सरकार व विभाग हम लोग को ठगने का काम कर रही है इसलिए हम जल सहिया बहनों को एकजुट होकर विभाग व सरकार से अपने-अपने अधिकार के लिए लड़ने की जरूरत है। वहीं हम लोग सरकार व विभाग के प्रति समय-समय पर जागरुक होकर आंदोलन करने की बात कही साथ ही वन भोज का आनंद लिया और कमेटी विस्तार का भी चर्चा की मौके पर रामचंद्र चौधरी, सोनू, मंजू देवी, उर्मिला देवी, विमला देवी, नमिता कुमारी, सुलेखा देवी, अंजु देवी, सविता देवी, सरोज देवी, सुशमा देवी, दसनी देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सोनपुरा में तीन दिवसीय मेला का विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया उद्घाटन



स्वदेश संवाददाता

### सोनपुरा पंचवहिनी मंदिर के सामने स्थित मैदान का सुंदरीकरण होगा : अंबा प्रसाद

बड़कागांव। प्रखंड क्षेत्र के कांडतरी पंचायत अंतर्गत ग्राम सोनपुरा में मकर संक्रांति के अवसर पर तीन दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। उक्त तीन दिवसीय मेला का उद्घाटन स्थानीय विधायक सुश्री अंबा प्रसाद ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर उद्घाटन किया। सोनपुरा समाज के द्वारा आयोजित मेले में पहुंचने पर विधायक अंबा प्रसाद का मेला समिति द्वारा स्वागत किया गया। मेले को संबोधित करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा के हर एक कोने का विकास के लिए सदैव तत्पर रहूं और इस दिशा में कार्य कर रहे हैं छोटे बड़े हर योजनाओं को धरातल पर उतरने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर विधायक ने सोनपुरा पंचवहिनी मंदिर के सामने स्थित मैदान का सुंदरीकरण के लिए विधायक मद से 2 लाख की राशि का अनुशंसा पत्र पूजा समिति को सौंपी। मौके पर मुख्य रूप से संरक्षक पंचायत के मुखिया पारस प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य रंजीत चौबे,संयोजक सह प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी विशेश्वर नाथ चौबे, युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता, लालदेव महतो, प्रकाश कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

### जयंत सिन्हा के सम्मानित होने पर भाजपा जिला समिति ने की प्रेस वार्ता

# जयंत को सांसद महारत्न पुरस्कार मिलना गर्व की बात : प्रवीण मेहता

स्वदेश संवाददाता




**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी जिला समिति द्वारा रविवार को होटल लॉ मेरिटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, पूर्व प्रत्याशी एवं सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, रंजीत सिन्हा, रविंद्र शर्मा, राजू चतुर्वेदी, रंजन फौजी, दिलीप सिंह, राजीव पामदत्त मौजूद थे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने बताया की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सांसद महारत्न पुरस्कार देने की घेषणा की गई है। उन्होंने बताया की यह सम्मान उनके 5 वर्षों की बेहतरीन सेवा के लिए दिया गया है। बताया कि सांसद को इस पुरस्कार से फरवरी माह में दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा। बताया की पुरस्कार के लिए उनका चयन निर्णायक समिति के सदस्यों केंद्रीय आनून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पूर्व वरिष्ठ चुनाव प्रमुख टी एस कृष्णमूर्ति व अन्य सदस्यों ने किया। जिलाध्यक्ष ने बताया की सांसद जयंत सिन्हा की 2019 से अबतक लोकसभा में 100 प्रतिशत उपस्थिति रही है। सांसद ने 2019 से अबतक सदन में हजरीबाग, रामगढ़, झारखंड एवं देशहित से जुड़े 1000 प्रश्न उठाये। सांसद ने अति महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जीओ ऑवर के तहत 54 एवं नियम 377 के तहत 29 मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट करवाया है। जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने बताया में सांसद जयंत सिन्हा ने देशहित से जुड़े 13 प्राइवेट मेंबर मिल प्रस्तुत किये। बताया की जयंत सिन्हा की अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी स्थायी समिति को 5 वर्षों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ समिति चुना गया है। बताया की सांसद जयंत सिन्हा की नेतृत्व वाली वित्त समिति महत्वपूर्ण विषयों पर रिपोर्ट प्रस्तुत करती है, जिसके आधार पर केंद्र सरकार नीति बनाती है। वित्त समिति वित्त मंत्रालय से जुड़े विधेयकों का अध्यन्न करती है और समिति के सुझावों के आधार पर केंद्र सरकार संशोधनों को सदन में लाती है, जिससे देश का कानून बनता है।

**14-22 तक चलेगा स्वच्छता अभियान** : जिलाध्यक्ष ने बताया की 14 से 22 जनवरी तक अयोध्या के राम मंदिर में राम लला के हो रहे प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 14 जनवरी से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। वहीं, 22 जनवरी को प्रधानमंत्री के निर्देश पर मंदिरों में दीप जलाया जाएगा और दिवाली मनाया जाएगा।

### सांसद के कांग्रेस में जाने की खबर गलत : प्रकाश

वहीं, एक समाचार माध्यम में कुछ दिनो पूर्व छपी खबर जिसमें कहा गया था कि सांसद जयंत सिन्हा कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इसको लेकर सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा ने कहा की भारतीय जनता पार्टी इस खबर का खंडन करती है। कहा की सांसद जयंत सिन्हा को भारतीय जनता पार्टी में पूरा सम्मान दिया जाता है। कहा सांसद जयंत सिन्हा भारतीय जनता पार्टी में थे हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा की हम इस तरह की खबर छापे जाने का खंडन करते हैं और किसी भी समाचार माध्यम को इस तरह की भड़काऊ खबर नही छापनी चाहिए।

# शंख नदी तट पर आंदोलनकारियों की विशेष कार्यशाला का समापन

स्वदेश संवाददाता



**गुमला :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा गुमला जिला के रायडीह, केराडीह स्थित शंख नदी तट पर आंदोलनकारियों की विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कुल 50 आंदोलनकारी भाग लिये। मौके पर 16 को राज्यपाल के नाम ज्ञापन, 21 को भरनो में उलगुलान सम्मेलन व पांच फरवरी को राजभवन के समक्ष सिर पर कफन बांध कर प्रदर्शन किया जायेगा। इस कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि आज बेहतर झारखंड बनाना, सुनहरा भविष्य को सुरक्षित करना व संवारना हमारा दावित्व है। गांव-गांव में अपने अधिकारों की जागरूकता की आवश्यकता है। झारखंड को बांटने व भेदभाव उत्पन्न करनेवाले राजनीतिक दलों से सावधान रहना है। धैर्य से चीजों के पहलू व सियासी दलों के चाल को समझना होगा। स्वयं को बचाते हुए राज्य के अस्तित्व एवं अस्मिता को बचाना है। प्रधान महासचिव अजीत मिंज ने बताया कि संघर्ष से ही नयी इबारत को लिखनी है। अपने अधिकारों को बचाने के लिए सकारात्मक सोच के साथ कार्य करे, अपनी एकता को साझी विरासत को बचाना है। कार्यशाला में झारखंड को दुनिया में बेहतर राज्य बनाने की दिशा में आंदोलनकारियों, छात्रों, युवाओं व महिलाओं की भूमिका विषय पर चर्चा हुई। कार्यशाला में इशाक टोप्पो, सुजात टोप्पो, सुधीर उरांव, सुकरू उरांव, पुनीत भगत, बिरसा उरांव, इंद्रदेव उरांव, नीलू बड़ाइक, रतनी उरांव, सोमरा उरांव, सोमारी देवी, महामानी उरांव, शांति उरांव, बुधनी उरांव, मरियम एक्का, सुशीला लकड़ा, राजेश लकड़ा, रोशन उरांव, मंगरू उरांव, प्रदीप उरांव,जयराम उरांव, प्रमिला लकड़ा सहित अन्य प्रमुख थे।

# जाति से ऊपर उठकर प्रतिनिधि को चुनें : बबन कुमार सिंह

स्वदेश संवाददाता



**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र में बालूमाथ, लातेहार निवासी समाजसेवी बबन कुमार सिंह ने दौरा कर बुजुर्ग और असहाय लोगों के बीच सैकड़ों कंबल का वितरण किया। इस दौरान जनसंपर्क अभियान चलाते हुए उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में जाति व पार्टी से ऊपर उठकर स्थानीय उम्मीदवार को वोट करना है और लोकसभा चुनाव में चतरा लोकसभा से स्थानीय सांसद को चुनकर संसद में भेजना है। मौके पर भाजपा नेता वासुदेव दांगी, व्यवसायिक संघ के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र कुमार, समाजसेवी दीपक कुमार, जितेंद्र साव, सिंघानी पंचायत के मुखिया राधिका देवी, पंचायत समिति सदस्य मीना देवी, नोनगांव पंचायत के पूर्व मुखिया सतीश कुमार, शाहिद जय मंगल पांडे, नादिर अली मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष मौलाना महफूज रहमान, सिंघानी पंचायत के पूर्व उप मुखिया कामेश्वर दांगी, नंदकिशोर दांगी, सतीश सिंह, ब्रजेश सिंह समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## कुएं से नाबालिग प्रेमी जोड़े का शव बरामद

स्वदेश संवाददाता

**गुमला :** झारखंड के गुमला जिला अंतर्गत घाघरा थाना क्षेत्र में एक कुएं से शनिवार को नाबालिग प्रेमी जोड़े के शव बरामद किये गये। लड़का-लड़की दोनों डुको पिपरटोली गांव के रहने वाले थे। पुलिस इनकी हत्या और आत्महत्या, दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है। शनिवार को दोपहर गांव के स्थित कुएं में जब एक किसान सिंचाई के लिए पाइप लगाने गया तो उसने दोनों के शव पानी पर तैरता हुए देखे। गांव के लोगों को सूचना दी गई। इसके बाद लोगों ने दोनों के शव बाहर निकाले। घाघरा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर हॉस्पिटल भेजे गये हैं।

# भद्रकाली मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



स्वदेश संवाददाता

**इटखोरी :** मकर संक्रांति के मौके पर रविवार को स्नान-दान एवं भद्रकाली माता की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ लगी। सुबह में काफी ठंड होने के बावजूद मंदिर परिसर में माता के भक्तों की भारी संख्या में माता की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। इस बीच भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए न्यास समिति के सदस्य मुस्तैद थे। चूंकि, माता की पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की लंबी कतार मंदिर के बाहर इक्ट्ठा हो गयी। मालूम हो कि झारखंड एवं बिहार राज्य के कोने-कोने से भारी संख्या में माता के भक्त मंदिर के पीछे से गुजरी शिवलिंग आकार की मुहाने नदी में स्नान दान व भद्रकाली माता की पूजा-अर्चना कर मंदिर प्रांगण में चूड़ा, गुड, तिलकूट व दही आदि का लुत्फ उठाया।

### मेले का भी हुआ आयोजन

भद्रकाली मंदिर परिसर में मकर संक्रांति के मौके पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें दूरदराज से आये लोगों ने मेले का लुफ्त उठाया। इस दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।

# हनुमंत प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ का 18 से होगा आयोजन

स्वदेश संवाददाता



**इटखोरी :** सौनियां गांव में श्रीश्री 108 श्री श्रीमद्‌भागवत ज्ञान नवाहन यज्ञ सह देवी एवं हनुमंत प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य पवन सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रामाशंकर पासवान, सुधीर सिंह, ग्रामवासी राजीव नयन पांडे समेत अन्य ने बताया कि 18 जनवरी गुरुवार को भव्य जल यात्रा कलश स्थापना किया जायेगा। 19 जनवरी को दैनिक पूजन एवं वेदी पूजन, 22 जनवरी को जलाधिवास, 23 जनवरी को अनाधिवास व फलाधिवास दिवस, 24 जनवरी को सययाधिवास, 25 जनवरी को नगर भ्रमण व 26 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा एवं हवन, भंडारा के साथ महायज्ञ का समापन किया जायेगा। महायज्ञ के दौरान बनारस उत्तर प्रदेश के विख्यात प्रवचनकर्ता साध्वी विद्या भारती सरस्वती का प्रवचन प्रत्येक दिन किया जायेगा। यज्ञकर्ता के रूप में रामकिशुन पांडे व उनके सहयोगी उपस्थित रहेंगे। महायज्ञ को सफल बनाने के लिए ग्रामीण दिन-रात लगे हुए हैं।

# नीलांचल आयरन एंड पावर ने किया चावल का वितरण

स्वदेश संवाददाता



**सरायकेला :** नीलांचल आयरन एंड पावर लिमिटेड के दूसरे चरण में डुमरा पंचायत के रायपुर फुटबॉल मैदान में 503 ग्रामीणों के बीच चावल वितरण किया गया। नीलांचल कंपनी के सीएसआर के तहत दूसरे चरण में कांकीडीह, करणगिरीगुड़ा, मणिपुर, रायमारा, बड़ामारी में चावल वितरण किया गया। टुसू एवं मकर संक्रांति के पूर्व सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित चावल वितरण कार्यक्रम में ग्रामीणों के बीच उत्साह है। कार्यक्रम का उद्घाटन बुरूडीह पंचायत की मुखिया ने फीता काट कर किया। समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि संगीता टुडू ने कहा कि नीलांचल आयरन एंड पावर लिमिटेड कंपनी ने चावल का वितरण कर पुनित कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कंपनी यहां अपनी इकाई स्थापित कर रही है, जिससे यहां रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे। इस दौरान वरीय अधिकारी दीप चंद्र लांबा, सूरज सिंह, अभय यादव, बलवंत कुमार, ग्राम प्रधान रायपुर चुनाराम टुडू, भीम मांझी, सीएसआर के विकास चौधरी, एचआर के रवि सिंह, विजय साहू, योगेश्वर महतो, यूनियन महामंत्री तपन मंडल, उपाध्यक्ष राजा टुडू, तपन प्रमाणिक, नारायण टुडू, बुजलु मंडल आदि

### सेंगेल ने की कार्रवाई की मांग

स्वदेश संवाददाता

**जमशदेपुर :** डुमरिया के अस्ती गांव के 12 परिवारों को ग्राम प्रधान रूपाय हांसदा द्वारा बहिस्कृत किए जाने के मामले को आदिवासी सेंगेल अभियान ने गंभीरता से लिया है। सेंगेल ने इस तरह की हरकत को किसी भी भारतीय नागरिक की मयार्दा के साथ जीने के अधिकार पर हमला बताया। सेंगेल के केंद्रीय संयोजक बिमो मुर्मू ने कहा कि स्वशासन व्यवस्था के नाम पर ग्राम प्रधान द्वारा सामाजिक बहिष्कार करना एक जुल्म और सामाजिक अपराध है। उन्होंने इस मामले की निंदा करते हुए इसकी जांच कर कार्रवाई की मांग की है। सेंगेल ने कहा कि प्रशासन ने मामले में ठोस कदम नहीं उठाया तो सेंगेल द्वारा आंदोलन किया जाएगा। आज करनडीह के सेंगेलगढ़ में हुई बैठक में सेंगेल दिशोम परगना सोनाराम सोरेन, जिला सेंगेल परगना जूनियर मुर्मू, जिला सेंगेल सभापति सीताराम माझी, बिमो मुर्मू, डॉ. सोमाय सोरेन, अर्जुन मुर्मू, भगीरथ मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## वाईआई की पी विभूति ने जीता बेस्ट ग्रॉस महिला का खिताब

स्वदेश संवाददाता

**जमशेदपुर :** सीआईआई द्वारा यंग इंडियंस जमशेदपुर चैप्टर के सहयोग से गोलुमरी गोल्फ कोर्स में सीआईआई झारखंड गोल्फ कप 2024 का आयोजन किया गया। इस उद्घाटन झारखंड गोल्फ कप में 100 से अधिक गोल्फ खिलाड़ियों ने पार्टिसिपेट किया। इसमें वाईआई जमशेदपुर ने महिला वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। वाईआई जमशेदपुर की पी विभूति अडेसरा ने 38 अंक हासिल कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम करते हुए बेस्ट ग्रॉस महिला का खिताब जीता। इसी तरह ग्रॉस 29 अंक और नेट 35 अंकों के साथ निखिल अडेसरा ने जेंटलमैन कैटेगरी में बेस्ट ग्रॉस का पुरस्कार हासिल किया। सीआईआई उद्घाटन गोल्फ टूनामेंट 2024 में अन्य खिलाड़ियों ने भी बेहतर परफॉर्म करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया। इनमें बेस्ट नेट में जेंटलमैन सीआईआई झारखंड स्टेट काउंसिल के वाइस चेयरमैन रंजोत सिंह विजेता रहे तो जीतू गर्ग को उप विजेता का खिताब मिला। इसी तरह महिला कैटेगरी में सुजाता सचदेव उपविजेता रही। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान झारखंड सरकार पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरुण एक्का और सीआईआई झारखंड स्टेट काउंसिल के चेयरमैन उज्ज्वल चक्रवर्ती उपस्थित थे।

## 6 मोतियाबिंद रोगियों का हुआ लेंस प्रत्यारोपण

स्वदेश संवाददाता

**जमशेदपुर :** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से आज सोनारी कबीर मंदिर के पास से गए 6 मोतियाबिंद रोगियों का ऑपरेशन कर निशुल्क लेंस लगाया गया। लेंस प्रत्योरोपण के बाद सभी को चश्मा एवं दवा भी प्रदान किया गया। सोनारी में निशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम में सुबह 7 बजे से 10 बजे तक पर्यावरण संतुलन के उद्देश्य से 50 निःशुल्क पौधा वितरण किया गया। कल 15 जनवरी को आनंद मार्ग की ओर से सोनारी कबीर मंदिर के पास सुबह 7 बजे से 10 बजे तक निशुल्क पौधा वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही 17 जनवरी को गदरा आनंद मार्ग जागृति शिव मंदिर के पास निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए जांच शिविर आयोजित होगा।

# मंत्री रामेश्वर उरांव ने विवाह मंडप और मेले का किया उद्घाटन



स्वदेश संवाददाता

**लोहरदगा :** मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने जिले के कैरो प्रखंड के खरता में विधायक निधि से नवनिर्मित विवाह मंडप एवं दक्षिणी कोयल नदी के तट पर स्थित भोलेनाथ मंदिर के समीप सद्भावना मेला का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ सामाजिक पारंपरिक आवश्यकताओं को पूरा करना हमारा लक्ष्य है। इसी उद्देश्य को लेकर कैरो प्रखंड के खरता ग्राम में ग्रामीणों की मांग थी कि विवाह मंडप का निर्माण कराया जाए, जिसे हमने प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य कर पूरा करने का काम किया। हमारा प्रयास है कि इस रमणीक स्थल का पर्यटन के रूप में विकसित किया जाए। मंत्री ने कहा कि जतरा मेला से सामाजिक सद्भाव का विकास होता है।

### जिप सदस्य ने कंबल किया वितरण

**चान्हो/स्वदेश संवाददाता :** जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी द्वारा मकर सक्रांति के अवसर पर प्रखंड के नउदी गांव में दर्जनों बुजुर्ग महिला-पुरुषों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। कम्बल का वितरण करते हुए उन्होंने कहा कि अभी भी प्रखंड के कई ऐसे सुदूरवर्ती गांव हैं जहां कई लोग सरकार द्वारा कंबल पाने से वंचित हैं। ठंड अभी चरम पर है, बच्चों और बुजुर्गों को इससे उचित बचाव की जरूरत है। मौके पर सज्जाद, फि रोज, हुसैन, बिरसा, सोमरा, अजय सहित गाँव के कई लोग मौजूद थे।

### सड़क की मरम्मत कराने का दिया आश्वासन

स्वदेश संवाददाता

**जमशेदपुर :** पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान ने वारिस कॉलोनी में वारिस पिया वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष नसीम उल हक, कमेटी के सचिव मोहम्मद आबिद हुसैन के साथ वारिस कॉलोनी क्षेत्र का सर्वे किया। उन्होंने अंसार खान को रोड नंबर 1 दोबारा बनाने, रोड नंबर 3 सहित अन्य रोड की मरम्मत कराने की जरूरत बतायी। इसके साथ ही तैयबा मस्जिद गेट के सामने खंभे पर टूटे केबल को बदलने और हाई मास्ट लाइट लगाने को भी कहा गया। इस दौरान वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष नसीम उल हक, सचिव मोहम्मद आबिद हुसैन, कमेटी मेंबर अरशद अली, मोहम्मद अफरोज, मुन्ना हुसैन, नुरुल्लाह, तैयब मस्जिद के सेक्रेटरी इसरार खान, अंसार खान के साथ राजाराम पंडित, आदिल खान, आरजू खान और वारिस कॉलोनी के लोग मौजूद थे।

**त्योहार** | सजा तिलकुट का बाजार, जमकर हुई चूड़ा, दही, दूध और गुड़ की बिक्री

# खलारी-पिपरवार कोयलांचल में मकर संक्रांति आज

स्वदेश संवाददाता



**खलारी :** मकर संक्रांति के पर्व को लेकर खलारी-पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में तिलकुट का बाजार पूरी तरह से सज गया है। पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक तिलकुट बिक्री को लेकर दो दर्जन से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां बड़े पैमाने पर तिलकुट की बिक्री की जा रही है। इसके अलावा बचरा बाजारटांड़, राय बाजार, बचरा काली मंदिर चौक, राय कोलियरी, कल्याणपुर चौक, कारो चौक, बहेरा चौक, बेंती बाजार समेत अन्य चौक चौराहों पर तिलकुट को लेकर स्टॉल सजाया गया है। पिपरवार क्षेत्र में 240 रुपए प्रति किलो से लेकर 500 रुपए प्रति किलो तक तिलकुट बेचा जा रहा है। इसके अलावा मक्का का लाई, चावल का लाई, चुरा का लाई, तिल का लड्डू, गुड का तिलकुट, खोआ का तिलकुट भी बड़े पैमाने पर बेचा जा रहा है। मकर संक्रांति पर्व को लेकर तिलकुट की खरीदारी करने के लिए लोग बाजारों में निकले, जिसको लेकर बाजार में काफी रौनक देखने को मिल रही है, सभी लोग तिलकुट के अलग-अलग क्वालिटी की खरीदारी करने में जुटे हुए हैं, कोई गुड़ वाले तिलकुट, कोई चीनी वाले तिलकुट, कोई खोवा वाले तिलकुट और कोई सामान्य तिलकुट की खरीदारी करने में जुटा है।

### तिलकुट तैयार करने में जुटे रहे कारीगर

मकर संक्रांति का पर्व आने से पहले से ही पिपरवार क्षेत्र के चौक चौराहों पर तिलकुट बनाने का कार्य जोर-शोर से शुरू कर दिया जाता है। वर्तमान समय में पिपरवार क्षेत्र में 50 से अधिक स्थानों पर तिलकुट तैयार किया जा रहा है जिसमें करीब 200 से अधिक कारीगर तिलकुट तैयार करने में जुटे हुए हैं।

### बाहर के बाजारों में बिक रहा है पिपरवार में तैयार किया गया तिलकुट

पिपरवार में तैयार किया गया तिलकुट बाहर के बाजारों में भी बड़े पैमाने पर बेचा जा रहा है। तिलकुट बनाने वाले कारीगर दीवानी साव, राजेंद्र कुमार ने बताया कि पिपरवार में तैयार किया गया तिलकुट चतरा, लातेहार, बालुमाथ,बुढ़मू, पिठौरिया, पतरातु समेत अन्य स्थानों पर भी बेचा जा रहा है। मकरसंक्रांति के पर्व को लेकर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बाजारों में दही, दूध, चुरा और गुड़ की जमकर बिक्री हुई। पिपरवार क्षेत्र के बाजारों में बासमती चुरा 70 से 80 रुपए प्रति किलो, गुड़ 60 रुपए से 90 रुपए किलो बिका। पिपरवार क्षेत्र के सभी राशन दुकान में चुरा, गुड़, दूध और दही की खरीददारी करने वालों की भीड़ देर शाम तक लगी रही।

### पहाड़ी मंदिर खलारी का वर्षगांठ मना

# खिचड़ी भंडारा का हुआ आयोजन, उमड़े श्रद्धालु

स्वदेश संवाददाता

**खलारी।** खलारी पहाड़ी मंदिर के पुनर्निर्माण के 22वीं वर्षगांठ पर इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर खिचड़ी भंडारा का आयोजन किया गया। पहाड़ी मंदिर में आयोजित इस भंडारा में हजारो श्रद्धालु उमड़ पड़े। 24 घंटे अखंड हरिकीर्तन समापन के बाद सुबह करीब ग्यारह बजे खिचड़ी भंडारा आरंभ किया गया। इससे पूर्व मंदिर के पुजारी बृजराज दुबे व सोनू दुबे ने भगवान का भोग लगाया। अतिथियों ने मंदिर में पूजा किया। भंडारा में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में रांची सांसद संजय सेठ, रामदेवलाल अग्रवाल, सीसीएल मगध परियोजना के जीएम नृपेन्द्र नाथ, कमलेश कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, बीएन पांडेय, इंदिरा देवी, अरविन्द सिंह, श्याम सुंदर सिंह, जालिम सिंह, मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, सुनील सिंह, सोनू पांडेय, राजेन्द्र रजक, मनोज गुप्ता, शैलेन्द्र शर्मा, प्रीतम साहू आदि शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सिद्धेश्वर प्रसाद, ओमप्रकाश राय, अमरेश वर्मा, सुशील अग्रवाल, दिनेश पांडेय उर्फ घंटू, सूर्यकान्त सिंह, दिलीप साहू, बैजनाथ प्रसाद, उदय यादव, धीरज सिन्हा, भूपनाथ साव, नंदलाल साव, आशीष कुमार सिन्हा, दिलीप मेहता, अजीत कुमार, बाबूलाल, संतोष यादव, आदि सहित कीर्तन मंडली का सराहनीय योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री गिरिराज सिंह बोले– कांग्रेस के डीएनए में ही हिंदू विरोधी वायरस



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में तीन दिवसीय दौरे पर आए मुखर हिंदूवादी नेता एवं केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने रायपुर पहुंचते ही कांग्रेस पर हमलावर हो गए। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी के राम मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण स्वीकार नहीं करने पर हिंदू विरोधी कहते हुए जमकर भड़ास निकाला है। मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में ही हिंदू विरोधी का वायरस है। गिरिराज सिंह ने कहा कि मंदिर ट्रस्ट के निमंत्रण पत्र को सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के द्वारा अस्वीकार कर देना ही हिंदू विरोधी विचारधारा को प्रदर्शित करता है। उन्होंने पुराना किस्सा बताते हुए कहा कि जब सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण हो रहा तो उस समय के तत्कालीन मुख्यमंत्री के निमंत्रण को भी अस्वीकार करते हुए तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को यह कहते हुए मना कर दिया था कि मैं बाय डिफॉल्ट हिंदू हूं। यही परंपरा उनके डीएनए में चली आ रही है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह शनिवार को सिविल लाइंस के न्यू सर्किट हाउस में राज्य के ग्रामीण विकास, भूमि संसाधन एवं पंचायती राज अधिकारियों के साथ बैठक किया। उन्होंने कहा की पिछली सरकार ने यहां को लोगों को ठगा है उसे दुरस्त करने का वक्त आ गया है । छत्तीसगढ़ की डबल इंजन की सरकार अब कैसे प्रदेश में बेहतरी से काम करे और आम नागरिकों को कैसे इसका सीधा फायदा होगा उसके लिए सभी के साथ बैठक करना आवश्यक है।

### रुपए नहीं मिले तो हत्या कर दी जाएगी, अतीक गैंग के गुर्गे ने मांगा 20 लाख गुंडा टैक्स; दी धमकी

**लखनउ, एजेंसी।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के नौ महीने बीत गए लेकिन उसके गैंग का आतंक अब भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। अब जेल में बंद एक अपराधी के नाम पर 20 लाख रुपये गुंडा टैक्स मांगने का मामला सामने आया है। अतीक अहमद के गुर्गों ने धमकी दी है कि अगर रुपये नहीं मिले तो हत्या कर दी जाएगी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। धूमनगंज निवासी परवेज अख्तर ने नफीस और उसके बेटे फहद और रिकाह आलम और जेल में बंद कमर हारून के खिलाफ रंगदारी व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में धूमनगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि 15 दिसंबर 2023 को वह काम से शहर जा रहा था। सूबेदारगंज पहुंचा था कि रास्ते में फहद व रिकाह आलम और नफीस ने रोक लिया। धमकाया कि तुम हमारे इलाके में बहुत पैसा कमा रहे हो। हम लोगों को कमर हारुन ने भेजा है। 20 लाख रुपये गुंडा टैक्स की मांग की। विरोध करने पर उसे तमंचा सटाकर धमकी दी। कहा कि रुपये नहीं देने पर जान से मार देंगे। परवेज के माफी मांगने पर छोड़ा और बोला कि रुपये उन्हें जेल में बंद कमर भाई को भेजना है। साथ ही चेतावनी दी कि अगर इसकी शिकायत कहीं पर करोगे तो तुम्हारे परिवार को जान से मार डालेंगे। अतीक अहमद के गुर्गा बताकर परवेज ने मुकदमा दर्ज कराया है। अब धूमनगंज पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वंदे भारत को लेकर बड़ा फैसला, यात्रियों पर असर



**मुंबई, एजेंसी।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह होना है। इसके लिए पीएम मोदी समेत छह हजार लोग शामिल होंगे। इसके बाद आने वाले दिनों में अयोध्या में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को राम मंदिर दर्शन करने में आसानी हो सके, इसके लिए भारतीय रेलवे भी काम कर रहा है। पिछले दिनों अयोध्या और दिल्ली के बीच वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत की गई थी। पीएम मोदी ने अयोध्या से खुद छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई थी, जिसके बाद चार जनवरी से अयोध्या और दिल्ली के बीच वंदे भारत चलने भी लगी। सात जनवरी से 15 जनवरी तक के लिए दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल से अयोध्या के लिए चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को रद्द कर दिया गया था। दरअसल, उत्तर रेलवे अंतर्गत लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या छावनी, शाहगंज और जफराबाद रेल खंड में निर्माण कार्य चल रहा है, जिसकी वजह से वंदे भारत ट्रेन समेत कइयों पर असर पड़ा था। अब 15 जनवरी तक नहीं, बल्कि 22 जनवरी तक के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। माना जा रहा है कि इससे बड़ी संख्या में यात्रियों पर असर पड़ सकता है। बता दें कि दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल से अयोध्या जाने वाली वंदे भारत का शेड्यूल भी पिछले दिनों जारी हो चुका था। कुछ दिनों तक यह ट्रेन चली भी, लेकिन फिर रेल खंड पर चल रहे कार्य की वजह से इसे कैंसिल कर दिया गया। यह ट्रेन आनंद विहार टर्मिनल से सुबह 6.10 पर चलती है और फिर सुबह 11 बजे कानपुर पहुंचती है। इसके बाद लखनऊ 12.25 पर और फिर ढाई बजे अयोध्या कैंट स्टेशन पहुंच जाती है। वहीं, वापसी में यह ट्रेन अयोध्या कैंट से दोपहर 3.20 पर चलती है।

# पत्नी ने छोड़ा साथ तो खोली चाय की दुकान, बेवफा से जोड़ दिया नाम




**कोटा , एजेंसी।** राजस्थान का कोटा शहर आईआईटी एंट्रेंस और नीट की तैयारी और कोचिंग हब के लिए दुनिया भर में फेमस है। अब यहां एक चाय की दुकान जमकर सुर्खियां बटोर रही है। दरअसल पत्नी के छोड़ने के बाद युवक ने चाय की दुकान खोली और उसका नाम रखा है- बेवफा चाय वाला। इतना ही नहीं, चाय की दुकान पर शायरी लिखी हुई हैं और यहां कई वेरायटी की चाय मिलती है लेकिन सबके नाम के आगे बेवफा शब्द जुड़ा हुआ है।

कोटा में एक शख्स ने ऐसी दुकान खोली है जिसका नाम बेवफा चाय वाला रखा है। पत्नी के छोड़कर जाने के बाद शख्स ने ऐसा काम शुरू किया जो आज सिर्फ कोटा में ही नहीं प्रदेश के कई जिलों में पहचान बन गया है। कोटा की कोचिंग एरिया में खोली गई बेवफा चायवाला के नाम से इस दुकान पर जमकर भीड़ लगती है।

**वेटर था इसलिए पत्नी ने छोड़ा साथ :** बेवफा चायवाला दुकान शुरू करने वाले संचालक दीपक परिहार ने अपनी कहानी हमारे साथ साझा की। दीपक ने बताया कि वह दिल्ली में एक होटल में काम करते थे। इस दौरान उसकी शादी भी हो गई थी। पति-पत्नी के बीच कई बार किसी न किसी बात को लेकर झगड़े होते रहते थे। जिसका परिणाम यह हुआ कि दीपक अंदर से इतना टूट गया कि उसके पास अपने जीवन को समाप्त करने के अलावा कुछ नहीं बचा। लेकिन अचानक ही उसने अपना इरादा बदला और जिंदगी को जीने का तरीका सोचा। इसके बाद उसने खुद का काम करने की शुरुआत कर दी और कोटा में एक बेवफाचाय वाले नाम की दुकान शुरू कर दी। इस दुकान के शुरू करने के दौरान कई चुनौतियां भी आई लेकिन दीपक ने हार नहीं मानी और चुनौतियों का सामना करते हुए लोगों के खासकर युवाओं के दिलों में अपनी जगह बना डाली।

**चाय की अलग-अलग वेरायटी :** संचालक दीपक परिहार का कहना है कि यहां पर चाय की अलग-अलग वैरायटी होती हैं। जिनमें कोई टेंशन वाली चाय, प्यार वाली चाय, सर दर्द वाली चाय, सुकून वाली चाय, दोस्त वाली चाय, यार वाली चाय है। इसके साथ ही बेवफा के आंसू के नाम की चाय भी यहां बनती है। सुनने में भले ही अजीब लगे लेकिन इन नामों की चाय यहां पर काफी फेमस है। जो लोगों को अपनी और खींचती है। जवाहर नगर इलाके में खुली बेवफा चाईवाले की दुकान पर सुबह से शाम तक युवाओं की भीड़ देखने को मिलती है।

**दुकान की दीवारों पर लिखी हैं शायरियां :** ग्राहक जैसे ही बेवफा चाय वाले की दुकान में अंदर दाखिल होते हैं तो सभी दीवारों पर अलग-अलग शायरियां देखने को मिलती हैं। जिसमें बेवफाई के अलावा जिंदगी को जीने के तरीके से जुडी लाइनें लिखी हुई हैं। इनमें से एक स्लोगन में लिखा है कोई बेवफा नहीं होता, दिल का बुरा नहीं होता........ नया शहर है नए सपने हैं, कभी-कभी तो घर की याद आती होगी, लेकिन सपने पूरे करने भी जरूरी हैं। दीवार पर लिखे ये स्लोगन यहां आने वाले ग्राहकों को अपनी ओर खींचते हैं।

**दीपक दे रहे हैं 16 लोगों को रोजगार :** बेवफा चाय की दुकान की कहानी से अलग हटकर बात की जाए तो दीपक बताते हैं कि उनका मकसद लोगों को रोजगार से जोड़ना भी है। दीपक का कहना है कि चाहे लाइफ में कितने उतार चढ़ाव आ जाए लेकिन हर नहीं माननी चाहिए और जिंदगी को अलग तरीके से जीना चाहिए। दीपक ने जब यह दुकान शुरू की थी तब उसके पास काम करने वाले लोग नहीं थे। लेकिन धीरे-धीरे उसने 16 लोगों को रोजगार से जोड़ दिया। यह सभी लोग अब अपने घर परिवार की जीविका चला रहे हैं। दीपक का यह भी कहना है कि वेटर से मालिक तक का सफर तय करने में भले ही कई उतार चढ़ाव आए हो। लेकिन उन्होंने जिंदगी को चुनौती से कम नहीं समझा और जवाहर नगर के अलावा कुन्हाड़ी लैंडमार्क सिटी में भी एक और दुकान खोल दी।

## पीएम मोदी नहीं, राष्ट्रपति करें अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा; बोले उद्धव ठाकरे



**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को मांग की कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करें, क्योंकि यह राष्ट्र के गौरव और देश के स्वाभिमान का मामला है। ठाकरे ने कहा कि वह मुर्मू को नासिक स्थित कालाराम मंदिर का दर्शन करने के लिए आमंत्रित करेंगे। अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन ठाकरे कालाराम मंदिर का दर्शन करेंगे।

ठाकरे ने पहले घोषणा की थी कि वह 22 जनवरी को अपनी पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियों के साथ नासिक स्थित प्रतिष्ठित कालाराम मंदिर जाएंगे और गोदावरी नदी के तट परमहा आरती करेंगे। इसके एक दिन बाद यानी 23 जनवरी को नासिक में पदाधिकारियों के एक सम्मेलन का भी आयोजन होगा, जहां ठाकरे एक रैली को भी संबोधित करेंगे।

ठाकरे ने कहा कि गुजरात में सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद आयोजित समारोह की अध्यक्षता देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने की थी। उन्होंने कहा, यह ( अयोध्या राम मंदिर ) राष्ट्र के गौरव और देश के स्वाभिमान का मामला है, इसलिये प्राण-प्रतिष्ठा राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा की जानी चाहिए। राममंदिर ट्रस्ट के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की और उन्हें अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया।

इस प्रतिनिधिमंडल में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( आरएसएस ) के नेता रामलाल और राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा शामिल थे। ठाकरे ने कहा कि 1992 में कार सेवा का हिस्सा रहे शिवसैनिकों को भी नासिक में सम्मानित किया जाएगा।

## सोनिया पर अपमानजनक टिप्पणी के कारण आंध्र के उपमुख्यमंत्री के खिलाफ हैदराबाद में मामला दर्ज

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद पुलिस ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के कारण आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के. नारायण स्वामी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।तेलंगाना राज्य कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मल्लू रवि की शिकायत पर बेगम बाजार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। नारायण स्वामी ने सोनिया गांधी को आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई मौत से जोड़ते हुए कुछ टिप्पणियां की थीं।मल्लू रवि ने कुछ अन्य नेताओं के साथ मिलकर पिछले हफ्ते शिकायत दर्ज कराई थी।पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले को कानूनी राय के लिए भेज दिया था।कानूनी राय लेने और नारायण स्वामी द्वारा की गई टिप्पणियों के वीडियो फुटेज का विश?लेषण करने के बाद पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) और 505 (2) के तहत मामला दर्ज किया।मल्लू रवि की शिकायत के बाद नारायण स्वामी ने अपनी टिप्पणी दोहराई थी। उन्होंने कहा था कि सिर्फ उन्हें ही नहीं, बल्कि आंध्र प्रदेश की पूरी आबादी को उस हेलीकॉप्टर दुर्घटना पर संदेह है, जिसमें वाईएसआर की मौत हुई थी।उन्होंने कहा कि वाईएसआर की मौत के पीछे टीडीपी अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और सोनिया गांधी का हाथ है।

# हिमाचल में रद्द होगा 15 साल पुराने सरकारी वाहनों का पंजीकरण



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार को कहा कि 15 साल पुराने सरकारी वाहनों का पंजीकरण रद्द किया जायेगा। बता दें कि मुकेश अग्निहोत्री के पास परिवहन विभाग भी है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि राज्य में छह स्क्रैपिंग केंद्र स्थापित किए जाएंगे और स्क्रैपिंग नीति के तहत इन केंद्रों की स्थापना की जाएगी। इसको लेकर सरकार ने एक गजब का प्लान भी बनाया है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन रद्द करने के बाद सभी वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों से बदला जायेगा। उपमुख्यमंत्री ने इसे परिवहन विभाग में सुधारों का वर्ष बताते हुए कहा कि निजी वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र स्वचालित परीक्षण स्टेशनों के माध्यम से जारी किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि कुल दुर्घटनाओं में से 50 प्रतिशत दुर्घटनाएं राष्ट्रीय राजमार्गों पर होती हैं और ज्यादातर सड़क दुर्घटनाओं का कारण मानवीय भूल होती है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना संभावित हिस्सों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान के लिए लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन की मदद से सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य में 22,43,524 वाहन हैं, जिनमें 19,25,593 निजी और 3,17,931 वाणिज्यिक वाहन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में 2,811 इलेक्ट्रिक वाहन हैं, जिनमें से ज्यादातर दोपहिया वाहन हैं और इनमें से 2,412 निजी वाहन तथा 399 वाणिज्यिक वाहन हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को दी जाने वाली 500 ई-टैक्सी के लिए 1,221 आवेदन प्राप्त हुए हैं और चंडीगढ़ से केलांग रोड पर सात इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि फरवरी के अंत तक ऐसे 17 और स्टेशन चालू हो जाएंगे।

**एक साल में 300 करोड़ बढ़ा परिवहन विभाग का राजस्व :** मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जब सरकार आई तो परिहवन विभाग का राजस्व 500 करोड़ था। पिछले एक वर्ष में विभाग में आय अर्जित करने के लिए कई नए कदम उठाए गए और अब राजस्व बढ़कर 800 करोड़ रुपए पहुंच गया है। मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि उनका लक्ष्य परिवहन विभाग का राजस्व 1000 करोड़ करने का है। मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि प्रदेश में 22,43,524 गाड़ियां हैं। जिनमे 19,25,593 गाडियां निजी हैं। वहीं व्यवसायिक गाड़ियों की संख्या 3179711 है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में 2811 इलेक्ट्रिक गाडियां है जिनमें निजी गाड़ियां 2412 और व्यवसायिक गाड़ियां 399 हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार ई-टैक्सी की व्यवस्था शुरू की जा रही है, इसके तहत 500 गाड़ियां 50 प्रतिशत अनुदान के लिए दी जाएगी। ई-टैक्सी के लिए अभी तक 521 आवेदन आए हैं।

## 4 राज्यों में आईएनडीआईए का दबदबा, सीट शेयरिंग नहीं भी हुई तो नहीं है कोई घाटा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईएनडीआईए गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत जारी है। घटक दलों के बीच सीटों को लेकर आम सहमति बनाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस पार्टी ने इसके लिए एक टीम का भी गठन किया है, जो कि अलग-अलग राज्यों की रीजनल पार्टी के नेताओं से मुलाकात कर रही है। शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मिलने के लिए उनके आवास पर पहुंचे। इस दौरान राहुल गांधी भी वहां मौजूद थे। ऐसा माना जा रहा है कि दिल्ली में सीट शेयरिंग को लेकर आप और कांग्रेस के बीच सहमति बन गई है। हालांकि, पंजाब को लेकर स्थिति अभी साफ नहीं हुई है। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि अगर पंजाब में दोनों के बीच गठबंधन नहीं हुआ तो इसका असर इंडिया गठबंधन की सेहत पर पड़ेगा? इस सवाल का जवाब जानने के लिए 2017 के विधानसभा चुनाव के नतीजे को विस्तार से समझने की आवश्यक्ता है, जिसमें सपा और कांग्रेस का गठबंधन हुआ था। इस चुनाव में अखिलेश यादव ने कांग्रेस को 114 सीटें दी थी। वहीं, खुद 311 सीटों पर लड़े थे। परिणाम गठबंधन के खिलाफ साबित हुई। सपा को 47 और कांग्रेस को सिर्फ सात सीटों पर जीत मिल सकी। इस चुनाव के बाद अखिलेश यादव ने निर्णय लिया कि वह कभी भी राष्ट्रीय पार्टियों के साथ गठबंधन नहीं करेंगे और छोटे दलों को साथ लेकर चलेंगे। 2022 में उन्होंने यह किया और परिणा 2017 की तुलना में बेहतर साबित हुए। पश्चिम बंगाल- ममता बनर्जी की नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस लगातार कह रही है कि वह कांग्रेस को दो-तीन से अधिक सीटें नहीं देगी। यहां अगर कांग्रेस, वाम दल और टीएमसी के बीच सीट शेयरिंग नहीं भी होती है तो इंडिया गठबंधन की सेहत पर इसका असर नहीं होगा। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि यहां टीएमसी और बीजेपी में आमने-सामने की लड़ाई है। कांग्रेस यहां काफी कमजोर है। वाम दलों का गढ़ भी बीते कुछ चुनावों में ध्वस्त हो चुका है। ऐसे में ममता की पार्टी जितनी अधिक सीटों पर लड़ेगी और जीतेगी तो फायदा इंडिया गठबंधन को ही होगा। पंजाब- बॉर्डर राज्य पंजाब में आम आदमी पार्टी फिलहाल सबसे बड़ी पार्टी है। यहां उसकी सरकार है। उसने कांग्रेस को हराकर ही यहां सत्ता पर कब्जा किया था। इस राज्य में भाजपा की हैसियत काफी कमजोर है। अकाली दलों के साथ फिलहाल किसी भी दल का गठबंधन नहीं है। यहां भी कांग्रेस की भाजपा से सीधी लड़ाई नहीं है। ऐसे में पंजाब में चाहे कांग्रेस जीते या फिर आम आदमी पार्टी फायदा इंडिया गठबंधन को ही होगा। केरल- लेफ्ट पार्टी शासित राज्य केरल की भी ऐसी ही स्थिति है। यहां भारतीय जनता पार्टी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग से भी कमजोर है। यहां असली लड़ाई कांग्रेस और वामपंथी दलों के गठबंधन के बीच है। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का खाता तक नहीं खुला था। ऐसे में अगर यहां भी कांग्रेस और वामपंथी दलों के बीच गठबंधन नहीं होता है।

## मकर संक्रांति पर प्रयागराज में सुरक्षा घेरा तैयार



**प्रयागराज , एजेंसी।** माघ मेला के पहले स्नान पर्व मकर संक्रांति पर प्रयागराज में सुरक्षा का घेरा तैयार हो चुका है। एटीएस और एसटीएफ के कमांडो के साथ पांच हजार जवानों ने सुरक्षा की कमान संभाली है। इस बार माघ मेला में आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस की मदद से यातायात की निगरानी की जा रही है। सभी प्रमुख प्रवेश द्वारों पर पैरामिलिट्री ने सुरक्षा की जिम्मेदारी ली है। माघ मेला में लगे सीसीटीवी कैमरों से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। मेले में सुरक्षा के लिए विशेष तैयारी की गई है। डीआईजी माघ मेला डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि पिछली बार माघ मेला की तुलना में इस बार 10 प्रतिशत अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

हर थाने में क्यूआरटी बनाई गई है। सुरक्षा के मद्देनजर बम निरोधक दस्ता और खोजी कुत्ता हर जगह चेकिंग कर रहे हैं। पार्किंग से लेकर संगम तक कैमरे से निगरानी की जा रही है। खुफिया एजेंसियों की मदद से पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर सादे में एक टीम तैनात किया है जो हर पल भीड़ के बीच मौजूद रहेंगे। पुलिसकर्मी बॉडीवार्न कैमरा लेकर श्रद्धालुओं बीच रहेंगे जिससे हर गतिविधि का पता चलता रहेगा। सर्विलांस की टीम विदेशी नंबरों पर नजर रखी है। वहीं एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम संगम नोज से लेकर प्रमुख स्नान घाटों पर मोर्चा संभाल लिया है। रेत पर चलने वाली गाड़ी से पुलिसकर्मी गश्त करेंगे।

भीड़ नियंत्रण के लिए सीटी का प्रयोग करेंगे पुलिसकर्मी, डंडा नहीं चलाएंगे माघ मेला के प्रथम स्नान पर्व से पूर्व एडीजी जोन भानु भास्कर और पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने शनिवार को माघ मेला पुलिस लाइन में ड्यूटी पर आए पुलिसकर्मियों को ब्रीफ किया। जोश भरा कि यहां ड्यूटी सामान्य ड्यूटी से अलग है।

पुलिस अफसरों ने बताया कि श्रद्धालुओं व स्नानार्थियों के साथ सभ्य व शालीन व्यवहार करें। किसी से दुर्व्यवहार की शिकायत न मिलें। ड्यूटी के दौरान धैर्य बनाए रखें। भीड़ नियंत्रण के लिए केवल सीटी का प्रयोग करेंगे। डंडा नहीं चलाएंगे। स्नान घाटों पर स्नान के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ जमा न होने दें, ट्रैफिक डायवर्ट करें। पांटून पुलों पर भीड़ के अनुसार यातायात को चलाया जाएगा। संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों तथा लावारिस वस्तुओं पर विशेष ध्यान रखें। नाव संचालकों को निर्देशित करें कि लाइफ सेविंग जैकेट के बिना कोई श्रद्धालु न बैठे।

# उत्तर भारत में ठंड का कहर, बर्फीली हवाओं ने किया बेहाल; मौसम विभाग का अलर्ट जारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर भारत में इन दिनों ठंड अपने चरम पर है। दिल्ली-एनसीआर से लेकर यूपी तक कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। कोहरे और बर्फीली हवाओं ने लोगों की मुश्किलें और ज्यादा बढ़ा दी हैं। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम में अब तक का सबसे कम तापमान रहा। राजधानी के कई इलाकों में घना कोहरा भी छाया रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि शुक्रवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। रेलवे के मुताबिक, घने कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली 18 ट्रेनें एक से छह घंटे की देरी से चलीं। आईएमडी ने रविवार को शीत लहर का प्रकोप जारी रहने का अनुमान जताया। दिल्ली में रविवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान 19 और 4 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

**पंजाब, हरियाणा में भीषण शीतलहर का प्रकोप :** पंजाब और हरियाणा में शीतलहर का प्रकोप जारी है। कई जगहों पर पारा गिरकर 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। दोनों राज्यों के कई हिस्सों में सुबह कोहरा छाया हुआ है। लोगों को आवाजाही में दिक्कतें पेश आ रही हैं। रविवार को भी ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। आज भी पंजाब और हरियाणा के अलग-अलग हिस्सों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। हरियाणा में नारनौल 3 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ शनिवार को सबसे ठंडा स्थान रहा। अंबाला में भी ठंड की स्थिति बनी रही और यहां न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। करनाल में न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस पर बना रहा। पंजाब में भी ठंड की स्थिति से कोई राहत नहीं मिली। अमृतसर, लुधियाना और पटियाला में न्यूनतम तापमान क्रमश- 7.2, 4.9 और 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मध्य प्रदेश में वातावरण में नमी के कम होते ही बादलों के छटने से लोगों को अब कड़ाके की ठंड से राहत मिली है। राज्य में बीते कई दिनों तक वर्षा और सर्द हवाओं के प्रभाव से कड़ाके की ठंड से गुजरा। प्रदेश की राजधानी भिंड, ग्वालियर, मुरैना और मऊगंज जिले में मध्यम से घना कोहरा छाया रहा। दतिया, शिवपुरी, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले में हल्के से मध्यम कोहरा देखा गया। भोपाल मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने बताया कि राज्य में मौसम का मिजाज शुष्क रहने की संभावना है।

## विजयवीर ने रजत के साथ दिलाया ओलंपिक कोटा, सिफ्त कौर समरा और आशी को भी पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में भारतीय शूटरों के शानदार प्रदर्शन का क्रम जारी है। चंडीगढ़ के विजयवीर सिद्धू ने शनिवार को 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में रजत पदक के साथ देश को 17वां ओलंपिक कोटा दिलाया। यह पहली बार है जब भारतीय शूटरों ने 25 मीटर में दांव पर लगे सभी चार ओलंपिक कोटा को हासिल किया है। पेरिस ओलंपिक में भारत के रिकॉर्ड 17 शूटरों का खेलना तय हो गया है।



**577 के स्कोर के साथ फाइनल में पहुंचे विजयवीर-** विजयवीर ने शनिवार को क्वालिफाइंग दौर के दूसरे दिन 289 का स्कोर किया। कुल 577 के स्कोर के साथ वह क्वालिफाइंग में चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे। फाइनल में पहुंचे छह में चार शूटर कोटा जीतने के योग्य थे। विजयवीर ने फाइनल में 28 निशाने लगाकर रजत जीतते हुए कोटा भी हासिल किया। कजाखस्तान के निकिता चिरयूकिन ने 32 निशानों के साथ स्वर्ण पदक जीता।

## शॉन मार्श ने प्रोफेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा

**सिडनी, एजेंसी।** शॉन मार्श ने प्रोफेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है। वह अभी बिग बैश लीग  में मेलबर्न रेनेगेड्स की ओर से खेलेंगे। 17 जनवरी को वह अपने करियर का आखिरी प्रोफेशनल क्रिकेट मैच सिडनी थंडर के खिलाफ खेलेंगे। उनसे पहले एरन फिंच ने रेनेगेड्स के लिए शनिवार को अपना आखिरी प्रोफेशनल क्रिकेट मैच खेला था। वह मैच में



खाता भी नहीं खोल सके थे। मार्श 2019-2020 में रेनेगेड्स टीम से जुड़े थे और इससे पहले वह पर्थ स्कॉर्चर्स टीम का हिस्सा थे। मार्श ने रविवार को अपने संन्यास की घोषणा की और कहा कि 17 जनवरी को सिडनी थंडर्स के खिलाफ होने वाला मैच उनके करियर का आखिरी प्रोफेशनल मैच होगा। मार्श ने कहा, मुझे रेनेगेड्स के लिए खेलना पसंद है। मैं पिछले पांच वर्षों में कुछ महान लोगों से मिला हूं और मैंने जो दोस्ती बनाई वह जीवन भर रहेगी।

## बाबर आजम और फखर जमां का अर्धशतक गया बेकार, न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को दूसरे टी-20 में भी पीटा

**हेमिल्टन, एजेंसी।** पाकिस्तानी बल्लेबाज बाबर आजम और फखर जमां का अर्धशतक इस टीम के काम नहीं आया और न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20आई मुकाबले में शाहीन अफरीदी की टीम को 21 रन से हार मिली। पाकिस्तान की टीम को पांच मैचों की टी20



सीरीज के पहले दो मुकाबले कीवी टीम के खिलाफ गंवाने पड़े हैं और यह टीम सीरीज में 0-2 से पीछे हो गई। दूसरी तरफ न्यूजीलैंड की टीम ने फिन एलन की अर्धशतकीय पारी और एडम मिलने के 4 विकेट के दम पर पाकिस्तान को दूसरे मुकाबले में मात दे दी। फिन एलन को उनकी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 194 रन बनाए थे।

# ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड को टेस्ट में हराने पर भारतीय महिला टीम को मिला बीसीसीआई से इनाम

### खत्म होगा 6 साल का सूखा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को घरेलू मैदान पर इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में एकतरफा जीत के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से इनाम मिला। बोर्ड ने मार्च-अप्रैल के महीने में महिलाओं का रेड बॉल क्रिकेट शुरू करने का फैसला किया है। दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड 2018 के बाद से महिलाओं के लिए कोई डोमेस्टिक मल्टी डे इवेंट नहीं का आयोजन नहीं कराता है।

भारतीय बोर्ड नियमित रूप से व्हाइट बॉल क्रिकेट का आयोजन करता है, जिसमें घरेलू स्तर पर एक दिवसीय क्रिकेट और टी20 शामिल है। कुछ साल पहले उन्होंने एज ग्रुप टूर्नामेंट भी शुरू किया था। इंडियन एक्सप्रेस को मिली जानकारी के अनुसार बीसीसीआई महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के बाद रेड बॉल क्रिके शुरू करने पर विचार कर रहा है, जिसकी 22 फरवरी से दिल्ली और बेंगलुरु में आयोजित होने की संभावना है।

**जोनल प्रारूप में रेड बॉल क्रिकेट आयोजित करने की संभावना-** शुरुआत में बीसीसीआई इस सीजन में जोनल प्रारूप में रेड बॉल क्रिकेट आयोजित करने की संभावना है। आगे



चलकर भारतीय बोर्ड पुरुषों की रणजी ट्रॉफी जैसा टूर्नामेंट आयोजित करने पर विचार कर सकता है। जोनल चयनकर्ता जोनल टीम का चयन करेंगे और तीन दिवसीय लीग टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। हालांकि, फाइनल चार दिवसीय होगा।

**शुरुआत में तीन दिवसीय टूर्नामेंट होगा-** एक बीसीसीआई अधिकारी ने द इंडियन एक्सप्रेस से पुष्टि की, शुरुआत में यह तीन दिवसीय टूर्नामेंट होगा। समय की कमी के कारण हम शुरुआत में जोनल फॉर्मेट से शुरुआत करने के बारे में सोच रहे हैं। टूर्नामेंट का समापन मार्च-अप्रैल माह में होगा। हमारे पास महिला टीम के लिए (वर्तमान में) रेड वॉल क्रिकेट नहीं है और बीसीसीआई को लगा कि महिलाओं के लिए रेड बॉल क्रिकेट के साथ-साथ घरेलू क्रिकेट भी शुरू करने का समय आ गया है।

**महिलाओं के लिए रेड-बॉल घरेलू क्रिकेट-** दुनिया के अधिकांश प्रमुख क्रिकेट बोर्ड में महिलाओं के लिए रेड-बॉल घरेलू क्रिकेट का आयोजन नहीं कराते हैं। टेस्ट मैच बहुत कम होते हैं। केवल भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड ही खेलते हैं। स्टेटिशियन जॉन लेदर के अनुसार, भारत सबसे हाल ही में कम से कम एक दिन में होने वाला घरेलू क्रिकेट कार्यक्रम आयोजित करने वाला देश है।



## भारत को दो वर्ल्ड कप जिताने वाले युवराज सिंह को है किस बात का मलाल

### टीम इंडिया से फिर जुड़ने की भी जताई इच्छा

**नईदिल्ली, एजेंसी। युवराज ने भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभायी है। वह 2011 के वनडे वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे। वहीं उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच में एक ओवर में छह छक्के लगाए हैं। कैंसर जैसी गंभीर बिमारी से लड़ने के बाद युवी ने मैदान पर वापसी भी की। करियर में इतना कुछ हासिल करने के बाद भी युवराज सिंह को एक मलाल अब तक है।**

### युवराज सिंह को ज्यादा टेस्ट न खेलने का है अफसोस

भारतीय ऑलराउंडर ने बताया कि बतौर क्रिकेटर उन्हें एक चीज का पछतावा है कि वह और अधिक टेस्ट मैच खेल सकते थे। पूर्व बायें हाथ के बल्लेबाज को अब भी लगता है कि वह 40 से ज्यादा टेस्ट मैच खेल सकते थे। उन्होंने कहा, ''एक ही पछतावा है कि मैं और अधिक टेस्ट खेल सकता था। मैंने 40 टेस्ट खेले और 45 टेस्ट के लिए 12वां खिलाड़ी था।

### दबाव में बिखर जाती है टीम

उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि कुछ चीज की कमी है, जब कोई बड़ा मैच होता है तो हम शारीरिक रूप से तैयार होते हैं लेकिन मानसिक रूप से हमें मजबूत होने की जरूरत है।'' युवराज ने कहा, ''मुझे लगता है कि युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करना, उन्हें सिखाना कि दबाव कैसे झेलते हुए अपना खेल दिखायें। यह चुनौती रही है। हमारे पास मैच होते हैं और खिलाड़ी जो दबाव में बल्लेबाजी कर सकें लेकिन पूरी टीम को ऐसा करना चाहिए, एक या दो खिलाड़ियों को नहीं।

### टीम इंडिया के मेंटॉर बनना चाहते हैं युवराज सिंह

विश्व कप विजेता नायक युवराज सिंह ने शनिवार को संकेत दिया कि वह भारतीय क्रिकेट टीम को आने वाली चुनौतियों के लिए मानसिक रूप से तैयार करने के लिए भविष्य में 'मेंटॉर' की भूमिका निभाना पसंद करेंगे। युवराज ने यहां 'युवराज सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के उद्घाटन के दौरान कहा, ''मुझे लगता है कि हमने काफी फाइनल खेले लेकिन एक भी नहीं जीता। 2017 में मैं एक फाइनल का हिस्सा रहा जिसमें हम पाकिस्तान से हार गये थे।'' उन्होंने कहा, ''आगामी वर्षों में हमें निश्चित रूप से इस पर काम करना होगा। बतौर देश और भारतीय टीम के तौर पर दबाव में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

## रविचंद्रन अश्विन की वनडे-टी20 टीम में जगह नहीं बनती: युवराज सिंह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत को 2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2011 वनडे वर्ल्ड कप जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले स्टार क्रिकेटर युवराज सिंह ने दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के वनडे और टी20 करियर को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि ऑफ स्पिनर की वनडे और टी20 टीम में जगह नहीं बनती। हालांकि, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा को लेकर उनकी राय अलग है। उन्होंने टी20 क्रिकेट में दोनों खिलाड़ियों की जगह को लेकर सवाल पर कहा कि अनुभव का कोई विकल्प नहीं है। युवराज सिंह ने रविचंद्रन अश्विन को लेकर कहा, अश्विन एक महान गेंदबाज हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वह वनडे और टी20 में जगह के हकदार हैं। वह गेंदबाजी अच्छी करते हैं, लेकिन बल्लेबाजी में क्या करते हैं? या एक फील्डर के तौर पर वह क्या करते हैं? टेस्ट टीम में बेशक उन्हें होना चाहिए, लेकिन सफेद गेंद वाले क्रिकेट में मुझे नहीं लगता कि वह जगह के हकदार हैं।



### विराट कोहली और रोहित शर्मा पर क्या बोले युवराज सिंह

युवराज सिंह ने टी20 में विराट कोहली और रोहित शर्मा के भविष्य पर कहा, कई युवा खिलाड़ी टी20 में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिए कि अनुभव का कोई विकल्प नहीं हो सकता। अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में जून में टी20 वर्ल्ड कप होना है। इससे पहले रोहित शर्मा और विराट कोहली की टी20 टीम में वापसी हुई है।

### रोहित और विराट की 14 महीने बाद टी20 टीम में वापसी

रोहित शर्मा और विराट कोहली 2022 टी20 वर्ल्ड कप के बाद से 14 महीने भारत के लिए टी20 नहीं खेले। इस दौरान हार्दिक पंड्या ने टीम की कप्तानी की। वह चोटिल हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज में रोहित शर्मा कप्तानी कर रहे हैं।

## पीकेएल 10: देशवाल चमके, जयपुर पिंक पैंथर्स ने पुणेरी पलटन की जीत का सिलसिला रोका

**जयपुर, एजेंसी।** अर्जुन देशवाल के शानदार प्रदर्शन के दम पर जयपुर पिंक पैंथर्स ने यहां शनिवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए रोमांचक मुकाबले में पुणेरी पलटन की आठ मैचों की जीत का सिलसिला खत्म कर दिया। मेजबान टीम ने 36-34 से जीत दर्ज की। पहले हाफ की समाप्ति पर पलटन ने 20-11 की बड़ी बढ़त बना ली, लेकिन पैंथर्स ने दूसरे हाफ में वापसी करते हुए अंत में शानदार जीत हासिल की। सीजन के अग्रणी रेडर देशवाल रात में 16 अंकों के साथ पैंथर्स के लिए स्टार थे।देशवाल ने अच्छी शुरुआत की और घरेलू टीम ने तीसरे मिनट में ही 3-2 की बढ़त बना ली। लेकिन, पलटन ने 5-5 से



बराबरी कर ली। देशवाल ने रेड अंक जुटाना जारी रखा और पैंथर्स ने 9वें मिनट में 9-6 पर तीन अंकों की बढ़त बना ली। हालांकि, पलटन ने 12वें मिनट में टीम को 8-10 से गेम में बनाए रखा। मोहम्मदरेजा शादलूई चियानेह ने अपने खेल में सुधार किया और पुणे की टीम ने 16वें मिनट में स्कोर एक बार फिर 11-11 से बराबर कर लिया। पंकज मोहिते ने 18वें मिनट में शानदार डबल-प्वाइंट रेड मारी और पलटन को 14-11 से आगे कर दिया।

## रणजी मैच में टूटी साइटस्क्रीन: तूफान के कारण महाराष्ट्र-झारखंड मैच बीच में रोकना पड़ा, विराट सिंह ने लगाया शतक

### पुणे में साइटस्क्रीन टूट जाने के कारण रणजी ट्रॉफी मैच करीब आधे घंटे तक रुका रहा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र और झारखंड के बीच रणजी ट्रॉफी मैच को साइटस्क्रीन टूट जाने के कारण रोकना पड़ा। दरअसल, पुणे के गाहुन्जे इंटरनेशनल स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच एलिट ग्रुप-ए का मैच खेला जा रहा है। शनिवार दोपहर एक बजे तेज हवाओं के कारण साइटस्क्रीन टूट गई और मैच रोकना पड़ा।

दोनों टीमों के बीच मैच करीब आधे घंटे तक रुका रहा। ग्राउंड स्टाफ ने साइटस्क्रीन को ठीक किया और फिर मैच शुरू हो सका।



**इनिंग ब्रेक के दौरान हुआ हादसा-** साइटस्क्रीन टूटने के दौरान कोई भी खिलाड़ी या ग्राउंड स्टाफ का मेंबर उसके पास नहीं था। शनिवार दोपहर एक बजे झारखंड की पहली पारी 403 रन पर ऑलआउट हुई थी। इनिंग ब्रेक चल रहा था, झारखंड टीम अपनी बॉलिंग के लिए तैयारी कर रही थी, उसी दौरान हादसा हो गया।

हिल एंड की साइटस्क्रीन तेज हवाएं आने के कारण टूटी। ग्राउंड स्टाफ साइटस्क्रीन के पास पहुंचा और मामले को संभालने की कोशिश की। इस दौरान दोनों टीमों को थोड़ा लम्बा ब्रेक मिल गया।

### झारखंड से विराट सिंह ने लगाया शतक

झारखंड ने होम टीम महाराष्ट्र के खिलाफ पहली पारी में 403 रन बनाए। टीम ने 126.2 ओवर बैटिंग की। उनके लिए विराट सिंह ने 108 और कुमार सुरज ने 83 रन बनाए। जबकि महाराष्ट्र के लिए हितेश वालुंज ने 91 रन देकर 6 विकेट झटके।

महाराष्ट्र ने भी अपनी पहली पारी शुरू कर दी। तीसरे दिन पहले सेशन का खेल खत्म होने तक टीम ने 56 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 205 रन बना लिए। टीम से पवन शाह 98 रन बनाकर नॉटआउट रहे। जबकि नौशाद शेख 73 रन बनाकर आउट हुए।

# ध्रुव जरेल को मिली टीम इंडिया की टेस्ट टीम में अचानक एंट्री...

- **कभी बल्ला खरीदने के लिए नहीं था पैसा, यूपी से है खास कनेक्शन**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के शुरुआती दो मैचों के लिए टीम इंडिया का ऐलान 12 जनवरी को देर रात हुआ. टीम इंडिया में 4 स्पिनर्स, 3 विकेटकीपर हैं. कप्तानी रोहित शर्मा करेंगे, वहीं उनके डिप्टी यानी उपकप्तान जसप्रीत बुमराह होंगे. विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को पहली बार टीम इंडिया के स्क्वॉड में शामिल किया गया है. ऐसे में वो टीम में एकदम नए चेहरे हैं.  ध्रुव के अलावा टीम में केएस भरत और केएल राहुल भी विकेटकीपर हैं. पहला टेस्ट 25 जनवरी से हैदराबाद में और दूसरा मैच दो फरवरी से विशाखापत्तनम में होगा. अब ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर ध्रुव जुरेल कौन हैं और उन्हें क्यों टीम इंडिया के टेस्ट स्क्वॉड में शामिल किया गया. जबकि संजू सैमसन और ईशान किशन जैसे विकेटकीपर्स चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति ने नजरअंदाज कर दिए. वैसे ध्रुव ने आईपीएल 2023 में अपने प्रदर्शन से सभी लोगों का ध्यान खींचा था.

22  साल के ध्रुव का जन्म 21 जनवरी 2001 को यूपी के आगरा में हुआ था. वह 2020 अंडर-19 वर्ल्ड कप खेलने वाली टीम इंडिया के उपकप्तान रहे हैं. तब टीम इंडिया फाइनल में बांग्लादेश से डकवर्थ लुईस मैथड से 3 विकेट से हार गई थी.



विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव मिडिल ऑर्डर में आकर बैटिंग करते हैं, उनके पास शॉट्स की काफी रेंज हैं. वह घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए खेलते हैं, अंडर-19 टीम में यशस्वी जायसवाल, तिन वर्मा, रवि बिश्नोई, प्रियम गर्ग उनके साथ ही थे. वहीं यूपी टीम में उनकी रिंकू सिंह से काफी करीबी है.

**ध्रुव जुरेल का घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन-** जुरेल ने सबसे पहले डेब्यू फर्स्ट क्लास मैचों में उत्तर प्रदेश के लिए फरवरी 2022 में किया था. वह अब तक 15 फर्स्ट क्लास मैचों में 46.47  के एवरेज से 790 रन बना चुके हैं, इसमें एक शतक और 5 अर्धशतक शामिल हैं, वहीं वो 34 कैच और 2 स्टम्प भी कर चुके हैं. जुरेल ने 14 जुलाई 2023 को 2023 एसीसी इमर्जिंग टीम्स एशिया कप में संयुक्त अरब अमीरात ए के खिलाफ इंडिया ए के लिए अपनी लिस्ट ए कर?यर  की शुरुआत की. अबतक 10 लिस्ट ए मैचों में उन्होंने 189 रन बनाए हैं, यहां उनका एवरेज 47.25 और स्ट्राइक रेट 92.19 है, 2 अर्धशतक और 18 विकेट के पीछे श?कार भी उनके नाम हैं. वहीं टी20 फॉर्मेट में ध्रुव जुरेल ने 23 मैचों में 137.07 के स्ट्राइक रेट से 244 रन बनाए हैं. वहीं 10 कैच और 1 स्टम्प भी किया है. कुल मिलाकर वो मौका पड़ने पर तेज बल्लेबाजी भी करने के लिए जाने जाते हैं.

**आईपीएल में 20 लाख रुपए में बिके, पहले ही मैच में...-** आईपीएल के 15वें सीजन से पहले मेगा नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने जुरेल को अपनी टीम में शामिल किया था, तब उनको 20 लाख रुपए में राजस्थान की टीम ने शामिल किया था. आईपीएल 2023 के सीजन में ध्रुव के रन आंकड़ों में भले ही कम लगे।

संक्षिप्त समाचार

## चांदी के राम मंदिर और श्री राम-सीता के सिक्कों की जबर्दस्त डिमांड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दिल्ली के बाजार पूरी तरह से सज गए हैं। व्यापारियों के साथ साथ लोगों में भी भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। जूलरी मार्केट में चांदी से बने श्री राम के सिक्के और राम मंदिर की मूर्ति की खूब डिमांड है। सबसे ज्यादा डिमांड उत्तर प्रदेश से आ रही है। व्यापारियों का कहना है कि 25 हजार से लेकर 2 लाख रुपये तक की मूर्ति तैयार की गई है। खास बात यह है कि 22 जनवरी को जूलर सोने-चांदी की खरीद पर लोगों को छूट देने का दावा कर रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम ने दिल्ली के व्यापार को रफ्तार दी है। इन दिनों राम मंदिर, श्री राम टीशर्ट, टोपी, दीये, मोमबत्ती का कारोबार हाई है। 22 जनवरी से पहले बाजारों में अलग अलग कार्यक्रम करने की रणनीति तैयार की जा रही है। सरोजिनी नगर मार्केट में 11 हजार दीये जलाए जाएंगे। यहां एक व्यापारी 101 किलो का लड्डू भी बनवा रहे हैं। चार अलग अलग भंडारा भी लगाया जाएगा। वहीं, खान मार्केट को अभी से अयोध्या की तर्ज पर सजा दिया गया है। व्यापारी संजीव मेहरा का कहना है कि 21 जनवरी को मार्केट में कीर्तन किया जाएगा। रथ यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही 22 जनवरी को बाजार में खरीदारी करने वाले ग्राहकों को विशेष छूट देने पर भी विचार किया जा रहा है। चांदनी चौक के कूचा महाजनी के योगेश सिंघल ने बताया कि राम मंदिर, राम दरबार और राम-सीता की मूर्ति चांदी से बनाई जा रही हैं। इनकी खूब डिमांड आ रही है। इसकी कीमत 25 हजार से 2 लाख रुपये तक है। वहीं, दरीबा मार्केट के कारोबारी तरुण गुप्ता ने बताया कि चांदी के श्री राम सीता के सिक्कों की भी खूब डिमांड आ रही है। 10 ग्राम चांदी के सिक्कों की कीमत 850 रुपये है। वहीं, चांदी से बने राम मंदिर की डिमांड काफी ज्यादा है।

## खुद का बिजनेस शुरू करने के लिए सरकार करेगी आपकी मदद




**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्या आप जानते हैं भारत सरकार की ओर से भारतीय नागरिकों को 3 लाख रुपये तक का लोन बिना किसी गारंटी के मुहैया करवाया जाता है। दरअसल, देश के नागरिकों को उनके काम में आर्थिक मदद देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना लॉन्च की है। सरकार ने बीते साल विश्वकर्मा जयंती के मौके पर इस स्कीम को लॉन्च किया था। स्कीम में लोन की सुविधा के साथ-साथ आर्थिक मदद के साथ स्किल ट्रेनिंग स्किल ट्रेनिंग भी दी जाती है।

### कौन ले सकता है लोन

अगर आप अपना खुद का बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस योजना में पहले चरण में 1 लाख और दूसरे चरण में बिजनेस बढ़ाने के लिए 2 लाख रुपये तक का लोन मिलता है।

# गेहूं और चीनी निर्यात से डेस्कटॉप के आयात तक, प्रतिबंध पर सरकार ने बताया अपना स्टैंड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने यह साफ किया है कि डेस्कटॉप कंप्यूटर जैसे कुछ आईटी हार्डवेयर उत्पादों पर कोई आयात प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। वहीं, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि सरकार के सामने फिलहाल गेहूं, चावल और चीनी के निर्यात पर लगी पाबंदियां हटाने का कोई भी प्रस्ताव नहीं है।

### आयात प्रतिबंध पर सर्कुलर जारी

दरअसल, वाणिज्य मंत्रालय की शाखा विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने सीमा शुल्क अधिकारियों और उद्योग को एक सर्कुलर में डेस्कटॉप कंप्यूटर को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। इसके मुताबिक, आयात प्रतिबंध के दायरे में सिर्फ लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर, अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर कंप्यूटर और सर्वर शामिल हैं। इन सभी उत्पादों के आयात की अनुमति वैध आयात प्राधिकरण के तहत दी जाती है। डेस्कटॉप कंप्यूटर में सीपीयू और मॉनिटर अलग-अलग होते हैं,



लेकिन ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर में सीपीयू इकाई के भीतर ही मौजूद होता है। सर्कुलर के मुताबिक आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात पर लगा प्रतिबंध सीमा-शुल्क मद 8471 के तहत डेस्कटॉप कंप्यूटर जैसे अन्य उत्पादों पर लागू नहीं होता है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार की भाषा में, हरेक उत्पाद को एचएसएन कोड या सीमा-शुल्क मद के तहत वर्गीकृत किया जाता है। यह दुनिया भर में वस्तुओं के व्यवस्थित वर्गीकरण में मदद करता है। सीमा-शुल्क मद 8471 में ऑटोमेटिक डेटा प्रसंस्करण मशीनों और इकाइयों से संबंधित उत्पाद रखे गए हैं। इनमें एक माउस, प्रिंटर, स्कैनर और सीडी ड्राइव शामिल हैं। एक अधिकारी ने कहा कि कुछ कंपनियों ने डीजीएफटी से संपर्क किया था कि सीमा शुल्क विभाग डेस्कटॉप के आयात की अनुमति नहीं दे रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए यह स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

### गेहूं, चावल और चीनी निर्यात पर फैसला

इस बीच वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा-गेहूं, चावल और चीनी पर निर्यात प्रतिबंध हटाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। इसके साथ ही भारत गेहूं और चीनी का आयात नहीं करेगा। भारत ने घरेलू स्तर पर बढ़ती कीमतों पर काबू पाने के लिए मई, 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद जुलाई, 2023 से गैर-बासमती चावल के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा हुआ है। सरकार ने अक्टूबर, 2023 में चीनी के निर्यात पर भी रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि गेहूं और चीनी के आयात की न तो कोई योजना है और न ही इसकी कोई जरूरत है।

### अगस्त में लगा था प्रतिबंध

बता दें कि सरकार ने अगस्त, 2023 में कुछ आईटी हार्डवेयर वस्तुओं के निर्बाध आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन घरेलू और विदेशी कंपनियों की मांग पर अक्टूबर में इसने लैपटॉप और कंप्यूटर के आयात प्रतिबंधों में ढील दी। आयातकों को मात्रा और मूल्य का विवरण देकर समुचित मंजूरी लेने के बाद इन हार्डवेयर की खेप विदेश से लाने की अनुमति दे दी।

## 93 पैसे के शेयर को खरीदने की लूट, लगा अपर सर्किट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीते शुक्रवार को बाजार में तूफानी तेजी के बीच कुछ पेनी शेयर भी रॉकेट की तरह बढ़े। ऐसा एक शेयर गायत्री हाइवेज लिमिटेड का है। इंफ्रा सेक्टर से जुड़ी इस कंपनी के शेयर की कीमत 1 रुपये से भी कम है। बता दें कि शुक्रवार को इस शेयर में अपर सर्किट भी लगा था। इस शेयर की गुरुवार को 0.93 पैसे पर क्लोजिंग हुई थी, जो शुक्रवार को 0.97 पैसे पर पहुंच गया। इस शेयर का 52 वीक हाई 1.34 रुपये है। पिछले साल नवंबर महीने में शेयर ने इस कीमत को टच किया। वहीं, मई 2023 में यह शेयर 0.62 पैसे पर जाकर गिर गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। सितंबर तिमाही के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक गायत्री हाइवेज लिमिटेड में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 61.15 फीसदी की है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 38.85 फीसदी की है। इस कंपनी के 5 प्रमोटर्स के पास 8,41,54,710 शेयर हैं। सितंबर तिमाही तक की फाइनेंशियल कंडीशन की बात करें तो नेट सेल्स 0.18 करोड़ रुपये है। यह एक साल पहले की इसी तिमाही से 93.73 प्रतिशत कम है। एक साल पहले की इस तिमाही में 2.87 करोड़ रुपये की सेल्स थी। कंपनी का नेट लॉस भी बढ़ा है। सितंबर 2023 की तिमाही में यह 4.58 करोड़ रुपये रहा। सितंबर 2022 की तिमाही के नेट लॉस 1.72 करोड़ रुपये से 165.57 प्रतिशत कम है। एबिटा की बात करें तो 0.70 करोड़ रुपये है। गायत्री हाइवेज लिमिटेड को पहले गायत्री डोमिसाइल प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था। साल 2018 में यह कंपनी पब्लिक लिमिटेड बन गई। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 18 के तहत यह बदलाव किया गया। इस कंपनी का रजिस्टर्ड ऑफिस हैदराबाद में स्थित है।

## दिवाली वाली लड़ियों के बाजार में अब जय श्री राम की धूम, बिक्री में अच्छा खासा उछाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूरे देश में रामलला की धूम है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या के राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति स्थापित की जाएगी। इसके लिए अयोध्या में तो जबर्दस्त तैयारी हो ही रही है, देश के कई हिस्सों में लोग दिवाली जैसे सेलिब्रेशन को तैयार हैं। कई लोगों का कहना है कि इस दिन को दिवाली की तरह सेलिब्रेट करेंगे क्योंकि जब भगवान राम अयोध्या लौटे थे, तब लोगों ने घर सजाकर और दीये जलाकर जश्न मनाया था। इस वजह से लाइट्स और सजावट के बाजार में भी रौनक बढ़ गई है। लड़ियों की थोक मार्केट भागीरथ पैलेस में दिवाली के दिनों में इतनी भीड़ होती है कि पांव रखने की भी




जगह नहीं होती। हालांकि इन दिनों उस तरह की भीड़ तो नहीं है लेकिन दुकानदारों का कहना है कि 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते उनकी बिक्री में अच्छा खासा उछाल आया है। भागीरथ पैलेस में शीलू इलेक्ट्रिकल्स के नाम से दुकान चलाने वाले संजीव कुमार कहते हैं कि पिछले कुछ दिनों में बिक्री में 25 फीसदी तक उछाल आया है। लोगों के बीच इस समय हैंगिंग स्ट्रेट लाइट की मांग है। वह उम्मीद जताते हैं कि जैसे-जैसे दिन पास आएंगे, वैसे-वैसे मांग और बढ़ेगी। वहीं गिरीराज इलेक्ट्रिकल्स के मालिक अनिल पासवान कहते हैं कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की वजह से हमारी बिक्री में लगभग 40 फीसदी तक उछाल आया है। इन दिनों में लोग तिरंगा रंग की लाइट्स भी मांग रहे हैं। वह आती हैं और जल्दी बिक जाती हैं। इसकी एक वजह शादी का सीजन भी है। इस वजह से भी लाइट्स की मांग पर असर पड़ा है। मगर हां, राम मंदिर की वजह से भी काफी बिक्री हो रही है। इन दिनों में किन लाइट्स की मांग ज्यादा है? इस बारे में सैनी इलैक्ट्रिकल्स पर काम करने वाले मुकेश बताते हैं कि लोग अपने मेन गेट को सजाने वाली लाइट्स ज्यादा खरीद रहे हैं जिनमें एलईडी वाली पाइप लाइट्स, कलर वाली डिक्सो लाइट्स, लड़ियां शामिल हैं।

## अयोध्या पर एयरलाइन कंपनियों का फोकस, स्पाइसजेट से इंडिगो तक ने किए बड़े ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या चर्चा के केंद्र में है। हॉस्पिटैलिटी से एविएशन सेक्टर की कंपनियां इस शहर पर फोकस कर रही हैं। इसी कड़ी में अब तक कुल तीन एयरलाइन कंपनियों ने अयोध्या से देश के अलग-अलग शहरों के लिए फ्लाइट सर्विस का ऐलान किया है। ये तीन एयरलाइन कंपनियां- इंडिगो, एयर इंडिया (एआई) एक्सप्रेस और स्पाइसजेट हैं।

इंडिगोः 30 दिसंबर को अयोध्या में महर्षि वाल्मिकी इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरू होने के बाद इंडिगो ने 6 जनवरी से दिल्ली से अयोध्या के लिए फ्लाइट सर्विस शुरू की थी। इंडिगो की अहमदाबाद-अयोध्या रूट की फ्लाइट भी शुरू हो चुकी है। वहीं, 15 जनवरी से मुंबई-अयोध्या रूट की फ्लाइट शुरू करने की योजना है।

स्पाइसजेटः एयरलाइन 21 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से अयोध्या के बीच एक विशेष उड़ान संचालित करेगी। अयोध्या के लिए एयरलाइन का सामान्य परिचालन एक फरवरी से शुरू होगा। एयरलाइन की फ्लाइट सर्विस चेन्नई से हर दिन, मुंबई से सप्ताह में 6 बार और बेंगलुरु



से साप्ताहिक चार बार होगी। एयरलाइन कंपनी 17 जनवरी से अयोध्या को बेंगलुरु और कोलकाता से जोड़ने वाली सीधी उड़ानें शुरू करेगी। अयोध्या और दिल्ली के बीच उड़ान सेवा शुरू की जा चुकी है। 22 जनवरी को 100 चार्टर्ड फ्लाइट

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया था कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या हवाई अड्डे पर करीब 100 चार्टर्ड फ्लाइट के पहुंचने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश में बेहतर होती हवाई सेवाओं की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा था कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या 59.97 लाख थी, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर 96.02 लाख हो गयी। विगत तीन वर्षों में प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या में 29.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। आपको बता दें कि अयोध्या में महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।

## धागा बनाने वाली कंपनी ने किया बड़ा ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** धागा बनाने वाली कंपनी जीएचसीएल टेक्सटाइल्स लिमिटेड ने तमिलनाडु में क्षमता विस्तार पर 535 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। जीएचसीएल ने हाल ही में तमिलनाडु सरकार के वैश्विक निवेशक सम्मेलन (जीआईएम) में राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। कंपनी ने बयान में कहा कि इस एमओयू में क्षमता विस्तार के साथ रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर भी शामिल है। इससे कंपनी का कुल निवेश 1,035 करोड़ रुपये हो जाएगा। नई निवेश योजना से रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता बढ़कर 75 मेगावाट हो जाएगी।



### क्या कहा कंपनी के निदेशक ने

जीएचसीएल टेक्सटाइल्स के निदेशक आर एस जालान ने कहा, तमिलनाडु और भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनना हमारे लिए सम्मान की बात है। ये निवेश आमदनी में निरंतर विस्तार से हमारे हितधारकों के लिए लगातार मूल्य प्रदान करने के हमारे वादे के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा कि अगले चार साल में इस निवेश का इस्तेमाल क्षमता और उत्पादन विस्तार, बुने हुए तैयार कपड़ों को शामिल करने के लिए कपड़ा विनिर्माण के ऊर्ध्वाधर एकीकरण के साथ हरित ऊर्जा पोर्टफोलियो के विस्तार पर किया जाएगा।

### शेयर का हालः

जीएचसीएल टेक्सटाइल के शेयर की बात करें तो शुक्रवार को 84.55 रुपये के स्तर पहुंच गया था। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर की कीमत में एक फीसदी से ज्यादा की तेजी आई है। यह 52 वीक हाई 93 रुपये के करीब पहुंच गया है। बता दें कि पिछले साल अक्टूबर महीने में शेयर ने इस स्तर को टच किया था। इस साल शेयर 17 फीसदी के करीब बढ़ चुका है। शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो प्रमोटर की हिस्सेदारी 19.15 फीसदी है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 80.85 फीसदी की है। इसमें 3 इंडिविजुअल प्रमोटर्स हैं, जिसमें नीलाभ और अनुराग डालमिया शामिल हैं।

## 17 प्रतिशत बढ़ा डी-मार्ट का प्रॉफिट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिटेल चेन डी-मार्ट का संचालन करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में प्रॉफिट 17 प्रतिशत बढ़कर 690.41 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शनिवार को अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही के नतीजों की शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसका प्रॉफिट 589.64 करोड़ रुपये रहा था।

इस अवधि में एवेन्यू सुपरमार्ट्स की परिचालन आय 17.31 प्रतिशत बढ़कर 13,572.47 करोड़ रुपये हो गई। वर्ष 2022 की समान अवधि में यह 11,569.05 करोड़ रुपये थी। बीती तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 17.31 प्रतिशत बढ़कर 12,656.46 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान कंपनी की कुल आय 17.28 प्रतिशत वृद्धि के साथ 13,605.39 करोड़ रुपये हो गई।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी एक अन्य सूचना में कहा कि उसके




निदेशक मंडल ने हरीशचंद्र एम भरुका को कंपनी का स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है। अरबपति राधाकिशन दमानी और उनके परिवार के प्रवर्तन वाली यह कंपनी महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, एनसीआर, तमिलनाडु, पंजाब, राजस्थान में रिटेल चेन का संचालन करती है। बता दें कि दिग्गज निवेशक और अरबपति दमानी देश के टॉप अरबपतियों में शुमार हैं। इस बीच, रियल्टी फर्म मिगसन ग्रुप ने बताया कि उसने दिल्ली में कॉमर्शियल प्रोजेक्ट में 47,000 वर्ग फुट रिटेल प्लेस डी-मार्ट को 108 करोड़ रुपये में बेच दिया है। एक लीडिंग हाइपरमार्केट रिटेल चेन, डीमार्ट ने 108 करोड़ रुपये में हाइपरमार्केट स्टोर बनाने के लिए परियोजना की निचली मंजिल और पहली मंजिल का अधिग्रहण किया है। पिछले साल, मिगसन ग्रुप ने नौ एकड़ भूमि पार्सल का अधिग्रहण किया था। बीते शुक्रवार को एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड के शेयर की कीमत 3840.10 रुपये थी। यह एक दिन पहले के मुकाबले 0.56 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ बंद हुआ। कंपनी का मार्केट कैपिटल 2,49,888.01 करोड़ रुपये है।

## रिलायंस के शेयरहोल्डर्स पर पैसे की बरसात




स्वदेश संवाददाता

**नई दिल्ली :** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरहोल्डर्स पर पैसे की बरसात हो रही है। कंपनी में निवेश करने वाले निवेशकों की संपत्ति में 90,000 करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हुआ है। इस दौरान में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 542.3 अंक या 0.75 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। इसके बाद सेंसेक्स अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बीते सप्ताह सेंसेक्स की टॉप-10 सबसे वैल्यूएबल कंपनियों में से 5 के मार्केट कैपिटलाइजेशन में उछाल देखा गया। इनकी कुल मार्केट कैप 1,99,111.06 करोड़ रुपये बढ़ गया। इस दौरान अपने निवेशकों का सबसे ज्यादा फायदा कराने वाली कंपनियों में मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस पहले नंबर पर रही। बीते सप्ताह के आंकड़ों पर गौर करें, तो रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 90,220.4 करोड़ रुपये बढ़कर 18,53,865.17 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस की तरह ही टाटा ग्रुप की टीसीएस ने भी निवेशकों की जबरदस्त कमाई कराई है। कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन 14,20,333.97 करोड़ रुपये पहुंच गया। इस हिसाब से टीसीएस में निवेश करने वाले शेयरहोल्डर्स की संपत्ति सप्ताहभर में ही 52,672.04 करोड़ रुपये हो गई।

## डीएलएफ प्रिवाना साउथ प्रोजक्ट की जबरदस्त डिमांड



स्वदेश संवाददाता

**नई दिल्ली:** रियल स्टेट क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी डीएलएफ की ह्यडीएलएफ प्रिवाना साउथ' प्रोजक्ट काफी लोकप्रिय हो रही है। कंपनी के आवासीय प्रोजक्ट की जबरदस्त डिमांड हो रही है। कंपनी गुरुग्राम में अपनी परियोजना के लांच होने से पहले ही 7,200 करोड़ रुपये में 1,113 लक्जरी से अधिक अपार्टमेंट बेच चुकी है। जानकारी के मुताबिक कंपनी ने बताया है कि गुरुग्राम में उसने अपनी नई लक्जरी आवासीय परियोजना ह्यडीएलएफ प्रिवाना साउथ' को औपचारिक रूप से पेश करने से पहले इसमें 7,200 करोड़ रुपये के फ्लैट बेचे हैं। डीएलएफ ने अपनी नई परियोजना ह्यडीएलएफ प्रिवाना साउथ' पेश की है, जो गुरुग्राम के सेक्टर 76 और 77 में 25 एकड़ में फैली हुई है। डीएलएफ ने परियोजना को लेकर बताया कि इस परियोजना को पेश करने से पहले के चरण में ही 72 घंटे में सारे अपार्टमेंट बिक गए हैं। इस परियोजना में सात टावर में 1,113 लक्जरी आवास शामिल हैं। इनमें चार बीएचके अपार्टमेंट और पेंटहाउस है।

# इस दिन रिलीज होगी फिर आई हसीन दिलरुबा, तापसी पन्नू ने साझा किया फिल्म से जुड़ा बड़ा अपडेट





बॉलीवुड अभिनेत्री इन दिनों अपनी फिल्म डंकी की सफलता का जश्न मना रही हैं। राजकुमार हिरानी के जरिए निर्देशित इस फिल्म में वे शाहरुख खान के साथ नजर आई हैं। अब वे अपनी अगली फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म में वे विक्रांत मैसी, सनी कौशल और जिमी शेरगिल के साथ नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग शुरु हो चुकी है। अब अभिनेत्री ने फिल्म की रिलीज को लेकर बड़ा अपडेट साझा किया है। तापसी पन्नू ने हाल ही में दिए साक्षात्कार में कहा, हमने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। मुझे लगता है कि नेटफ्लिक्स जल्द ही यह घोषणा करेगा कि वह इसे कब रिलीज करेंगे। साथ ही तापसी पन्नू ने यह भी उम्मीद जताई है कि फिर आई हसीन दिलरुबा इस साल यानी 2024 के मध्य में रिलीज हो सकती है।

हसीन दिलरुबा नेटफ्लिक्स पर 2021 में रिलीज हुई थी, जिसमें विक्रांत मैसी और हर्षवर्धन राणे ने अभिनय किया था। इसका सीक्वल दिसंबर 2023 में पूरा हुआ था और लेखिका कनिका ढिल्लों ने रैप-अप पार्टी से तस्वीरें साझा की थीं। उन्होंने लिखा था, और इन सभी खूबसूरत लोगों के साथ इस खूबसूरत फिल्म के समापन का जश्न मनाने का समय आ गया है। फिर आई हसीन दिलरुबा का इंतजार। एक लेखक और सह-निर्माता के रूप में मेरा दिल भरा हुआ है। महान सहयोगी होने के लिए आनंद एल राय, भूषण कुमार को धन्यवाद। उन्होंने आगे कहा था, मेरी हसीन दिलरुबा तापसी को बहुत सारा प्यार, यह हम दोनों के लिए एक विशेष वर्ष है। विक्रांत मैसी, आपकी प्रतिभा किसी अन्य की तरह चमकती है, स्क्रीन पर आपको और अधिक देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। सनी कौशल बहुत उत्कृष्ट हैं, इस फिल्म में आपको अभिनय करते देखना आनंददायक है। जिमी शेरगिल सर, आपकी शानदार उपस्थिति और प्रदर्शन के लिए धन्यवाद। फिल्म कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित और सह-निर्मित है और जयप्रद देसाई द्वारा निर्देशित है। इसका निर्माण आनंद एल राय, हिमांशु शर्मा, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार ने किया है।

# मैं अपने हर सॉन्ग में परफेक्शन लाना चाहती हूं

म्यूजिक की दुनिया में शिवांगी शर्मा आजकल सुर्खियों में हैं। उन्होंने साल 2022 में वेस्ट इंडीज क्रिकेटर डीजे ब्रावो के साथ पार्टी पार्टी सॉन्ग शूट किया था। इस सॉन्ग को यूट्यूब पर तकरीबन 3.7 मिलियन व्यूज भी मिले। ट्रेंडिंग म्यूजिक और कैची बीट्स की वजह से सॉन्ग को लोगों ने भी खूब पसंद किया। ऐसे में अब सिंगर शिवांगी शर्मा अपना नया सॉन्ग ब्रिंग इट ऑन बेबी लेकर आ गई हैं। ये सॉन्ग आजकल के बदलते दौर को ध्यान में रखकर शिवांगी ने क्रीएट किया है। सॉन्ग में ब्रेकअप के बाद खुद का कैसे ध्यान रखना चाहिए- बखूबी दिखाया गया है। इंटरव्यू में शिवांगी शर्मा ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि डीजे ब्रावो से उन्होंने बहुत कुछ सीखा है। अपनी जिंदगी के कुछ अहम हिस्सों पर भी शिवांगी ने दिल खोलकर बातचीत की।

### शिवांगी शर्मा खुद को मूव ऑन किस्म की लड़की मानती हैं

शिवांगी शर्मा का हाल ही में सॉन्ग ब्रिंग इट ऑन बेबी रिलीज हुआ है। सॉन्ग ब्रेकअप के बाद की कहानी से शुरू होता है। आजकल लोग बिना वजह बताए रिश्ता तोड़ देते हैं। ऐसे में इस गाने में खुद पर ध्यान देने पर अहमियत बताई गई है। शिवांगी शर्मा से पूछा गया कि इस सॉन्ग के लिए उन्हें इंस्पिरेशन कहा से मिला? इस पर शिवांगी ने कहा- मैं अपनी असल जिंदगी में मूव ऑन (एक चीज पर बहुत देर तक ना अड़े रहना) किस्म की लड़की हूं। मैं मानती हूं अगर सामने वाला आपके इमोशंस नहीं देख रहा, नहीं समझ रहा, तो आपको भी परेशान नहीं होना चाहिए। मैं अपने हर सॉन्ग में परफेक्शन लाना चाहती हूं। सोचती हूं कि गाने को और भी बेहतर कैसे बना सकूं।

### नेहा कक्कड़ ने 3 साल की उम्र से जगराते में गाना शुरू किया था

अपनी सिंगिंग जर्नी के बारे में शिवांगी ने कहा- मेरी नानी के घर के पास एक शादी में ऑर्केस्ट्रा प्ले हो रहा था। मैं ऑर्केस्ट्रा में मौजूद एक सर से बार-बार गाना गाने की रिक्वेस्ट करने लगी। सौभाग्य से मुझे उन्होंने गाना गाने दिया। मैंने वहां मोरनी बागा में गाना गाया, जिसे लोगों ने काफी पसंद भी किया। आगे शिवांगी ने कहा कि मुझे लगता है अगर मेरे पेरेंट्स ने ज्यादा ध्यान दिया होता तो शायद हमें मुश्किल हालातों का सामना नहीं करना पड़ता।

### डीजे ब्रावो ने जाने- अनजाने मुझे बहुत कुछ सिखाया है

शिवांगी शर्मा ने साल 2022 में वेस्ट इंडीज के क्रिकेटर ब्रावो के साथ पार्टी पार्टी सॉन्ग शूट किया था। शिवांगी से पूछा गया कि डीजे ब्रावो के साथ उनका एक्सपीरियंस कैसा रहा? इस पर शिवांगी ने कहा- मैंने ष्छ्व ब्रावो से बहुत कुछ सीखा है। हम दोनों साल 2016 से दोस्त हैं जब डीजे ब्रावो का सॉन्ग चैंपियन चैंपियन रिलीज हुआ था। पार्टी पार्टी सॉन्ग शूट करने के एक्सपीरियंस के बारे में शिवांगी ने कहा- ये ऐसा गाना था जो सबको याद हो गया था। चाहे बच्चे हों, या बड़े। वहां मौजूद अंग्रेजों को भी इस सॉन्ग की बीट्स बहुत पसंद आई थीं। सच कहूं तो शूट के दौरान उन सभी लोगों ने मुझे बहुत कॉन्फिडेंस दिया। डीजे ब्रावो ने भी मुझे बहुत कॉन्फिडेंस दिया। उन्हें पता भी नहीं होगा कि उन्होंने मुझे जाने-अनजाने कितना कुछ सिखा दिया है। जाते-जाते शिवांगी शर्मा ने सॉन्ग पार्टी पार्टी भी गुनगुनाया।



# मेरे जैसे निर्माताओं के लिए बेंचमार्क है 12वीं फेल

विक्रांत मैसी स्टारर 12वीं फेल अपनी रिलीज के ढाई माह बाद भी सुर्खियों में है। फिल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है। इस फिल्म की दर्शकों के साथ-साथ इंडस्ट्री के कई दिग्गजों ने भी जमकर तारिफ की है। अब इस लिस्ट में चर्चित निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप का भी नाम जुड़ गया है। अनुराग ने 12वीं फेल के लिए विधु विनोद चोपड़ा की प्रशंसा करते हुए एक लंबा चौड़ा नोट लिखा। इस नोट में उन्होंने रियल लाइफ आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा से अपनी मुलाकात को भी याद किया, जिनके ऊपर फिल्म की कहानी आधारित है। अनुराग ने कहा कि वे उनकी कहानी की कल्पना करने में असमर्थ थे, जिसे फिल्म में दिखाया गया है। अनुराग ने आगे लिखा, यह मुख्यधारा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म है, जो मैंने साल 2023 में देखी। विधु विनोद चोपड़ा ने 71 साल की उम्र में एक जिद्दी आदमी की साधारण कहानी पर एक मास्टर पीस तैयार किया है, फिल्म के मुख्य किरदार को जीवन में जो कुछ मिला वे उससे कहीं अधिक चाहता है। वे जो चाहता है उसे हासिल भी कर लेता है। फिल्म के बारे में जिस बात ने मुझे आश्चर्यचकित किया वह यह कि कैसे विधु विनोद चोपड़ा ने मुख्यधारा की सभी परंपराओं को तोड़ते हुए दृश्यों को सरल लंबे शॉट्स में फिल्माया। अनुराग ने फिल्म की सिनेमैटोग्राफी की भी तारीफ की, उन्होंने यह भी बताया कि इसकी सिनेमैटोग्राफी में उनसे सबसे ज्यादा क्या पसंद आया। उन्होंने फिल्म के कुछ खास दृश्यों का जिक्र करते हुए कहा, मुखर्जी नगर में भीड़ का एक सीन है, जहां लगता है कि जैसे कैमरा माहौल को परेशान किए बिना कहानी को देख रहा हो। ऐसा महसूस हुआ मानो हम दीवार पर चढ़कर फिल्म को देख रहे हों। कुछ ऐसा जो मुख्यधारा सिनेमा हमेशा दिखाता है। फिल्ममेकर को खुद पर, अपने अभिनेताओं और अपनी कहानी पर इतना विश्वास है कि वह किरदारो की भावना को दर्शाने के लिए बैकग्राउंड म्यूजिक का उपयोग नहीं करते। इस दौरान अनुराग फिल्म के निर्देशक और निर्माता विधु विनोद चोपड़ा और 12वीं फेल के स्टार कास्ट समेत पूरी टीम की तारीफ भी की।

# गिप्पी ग्रेवाल की वॉर्निंग 2 का ट्रेलर जारी

गिप्पी ग्रेवाल की पंजाबी फिल्म वॉर्निंग 2 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर में बदले का खूनी खेल नजर आ रहा है। फिल्म वॉर्निंग 2 वर्ष 2021 में आई सस्पेंस और एक्शन से भरपूर वॉर्निंग की अगली कड़ी है। सीक्वल में भी एक्शन का धमाकेदार डोज दर्शकों को देखने को मिलेगा, ट्रेलर देखकर ये अंदाजा लगाया जा सकता है। ये फिल्म 2 फरवरी 2024 को रिलीज होगी। इसमें जैस्मीन भसीन भी हैं। फिल्म वॉर्निंग 2 में एक्शन, गोलीबारी और खून-खराबा भरपूर है या कहें कि एनिमल की टक्कर का है। रिलीज के साथ इसने फिल्म के प्रति दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया है। ट्रेलर देख अंदाजा लगाया जा सकता है कि दर्शक इस फ्रेंचाइजी का इतनी बेसब्री से इंतजार क्यों कर रहे हैं। ट्रेलर में बदले की एक दिलचस्प कहानी की झलक देखने को मिली है। एक्शन के साथ-साथ कॉमेडी का तड़का बेशक ट्रेलर में एक्सन सीन्स की भरमार है। मगर, बीच-बीच में कॉमेडी सीन भी पर्याप्त हैं। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि वॉर्निंग 2 के रूप में दर्शकों को एक्शन और कॉमेडी का धांसू कॉम्बो मिलने वाला है। फिल्म में गिप्पी ग्रेवाल लीड रोल में हैं। इसके साथ वे फिल्म के सह-निर्माता भी हैं। फिल्म की पटकथा भी उन्होंने लिखी है। ट्रेलर को लेकर गिप्पी ग्रेवाल ने अपनी खुशी जताते हुए कहा, ये हमारे लिए बेहद खुशी का क्षण है। मेरे और वॉर्निंग 2 के निर्माण से जुड़े हम सभी बेहद उत्साहित हैं। आखिरकार ट्रेलर जारी हो गया है और इसे जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। हमें उम्मीद है कि ऐसा ही प्यार हमारी फिल्म को भी मिलेगा। यह फिल्म सारेगामा इंडिया के यूडली फिल्म्स और हम्बल मोशन पिक्चर्स द्वारा सह-निर्मित है। गिप्पी और जैस्मीन के अलावा फिल्म में राहुल देव, प्रिंस कंवलजीत सिंह और रघवीर बोली भी नजर आएंगे।





# अजय देवगन के साथ स्क्रीन शेयर करना सम्मान की बात है

**खूबसूरत बॉलीवुड स्टार वाणी कपूर बहुप्रतीक्षित रेड 2 में अजय देवगन के साथ अभिनय कर रही हैं! युवा अभिनेत्री को शुद्ध देसी रोमांस और चंडीगढ़ करे आशिकी जैसी फिल्मों में उनके ठोस अभिनय के लिए जाना जाता है और वॉर गर्ल एक बार फिर अजय देवगन के साथ अपनी फ्रेश केमिस्ट्री के साथ बड़े पर्दे पर धूम मचाने के लिए तैयार है।**

वाणी पहली बार अजय देवगन के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हैं और कहती हैं कि पावर हाउस अभिनेता के साथ काम करना हमेशा उनकी बकेट लिस्ट में था! वाणी कहती हैं, कलाकारों के लिए, हमेशा उन लोगों की एक बकेट लिस्ट होती है जिनके साथ कोई रचनात्मक सहयोग करना चाहता है। मैं हमेशा से अजय देवगन के काम की बहुत बड़ी प्रशंसक रहा हूं। वह कैमरे पर प्रकृति की एक अद्भुत शक्ति हैं, और मेरे पास उनकी बहुत सारी फिल्में हैं जो मुझे पसंद हैं। इसलिए, अजय सर के साथ स्क्रीन साझा करना सम्मान की बात है, जिन्हें हमारे देश के सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ अभिनेताओं में से एक माना जाता है। वह कहती हैं, मुझे लगता है कि उनके साथ काम करने, सेट पर उन्हें देखने से एक कलाकार के रूप में मेरे अनुभव को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। रेड सबसे मनोरंजक प्रासंगिक फिल्मों में से एक है और इसमें अजय सर का ज़बरदस्त अभिनय था! इसलिए, मैं वास्तव में अपना उत्साह नहीं रोक पा रहा हूं कि मैं उनकी विशाल फ्रेंचाइजी का हिस्सा हूं जो निश्चित रूप से दुनिया भर के लोगों का फिर से मनोरंजन करेगी। सबसे प्रतीक्षित सीक्वल में से एक मानी जाने वाली यह फिल्म 6 जनवरी को मुंबई में फ्लोर पर आ गई है और फिल्म के लिए निर्देशक राजकुमार गुप्ता और निर्माता भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार एक साथ आये है। फिल्म की बड़े पैमाने पर शूटिंग मुंबई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में होने वाली है। रेड 2 का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने किया है। यह फिल्म गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ और पैनोरमा स्टूडियो प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत है। यह फिल्म 15 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




# प्रभास-स्टारर कल्कि 2898 एडी 9 मई को होगी रिलीज

फिल्म निर्माता नाग अश्विन ने घोषणा की है कि प्रभास स्टारर अपकमिंग पौराणिक कथाओं से प्रेरित साइंस-फिक्शन फिल्म कल्कि 2898 एडी 9 मई को रिलीज होने के लिए तैयार है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं। फिल्म की रिलीज की तारीख 9 मई, 2024 घोषित की गई। वैजयंती मूवीज के संस्थापक और निर्माता सी. अश्विनी दत्त ने रिलीज डेट की घोषणा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, वैजयंती मूवीज ने अपने 50वें वर्ष को चिह्नित किया है, हमारी सिनेमैटिक जर्नी में 9 मई का महत्व स्पष्ट है। आइकोनिक जगदेका वीरुडु अथिलोका सुंदरी से लेकर अवॉर्ड-विनिंग महानती और महर्षि तक, इस डेट ने हमारी हिस्ट्री में अपनी जगह बनाई है। अब, अमिताभ बच्चन, प्रभास, कमल हासन और दीपिका पादुकोण जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों की विशेषता वाली कल्कि 2898 एडी की रिलीज हमारे लिए स्पेशल मोमेंट है और यह बैनर के 50वें वर्ष के मील के पत्थर के साथ संरेखित है, जिससे हम वैजयंती मूवीज में अपनी यात्रा जारी रखते हुए इसे और भी अधिक सार्थक बना रहे हैं।

# अपने फिल्मी करियर के बारे में दीया ने किए दिलचस्प खुलासे, बोलीं- फर्जी खबरों से जूझते हैं कलाकार



अभिनेत्री दीया मिर्जा ने अपनी दमदार अदाकारी के दम पर इंडस्ट्री में खास जगह बनाई हैं। अभिनेत्री होने के साथ-साथ वे प्रकृति के भी काफी करीब हैं और अक्सर पर्यावरण के मुद्दे पर अपनी राय व्यक्त करती नजर आती हैं। हाल ही में, एक बातचीत के दौरान दीया ने अपने करियर के बारे में खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने फर्जी खबरों पर चिंता जाहिर की।

### इंडस्ट्री में ही सीखा काम करना

दीया से जब पूछा गया कि क्या वे अपनी फिल्मी यात्रा के किसी हिस्से को बदलना चाहेंगी? अभिनेत्री ने जवाब देते हुए कहा, मैं इंडस्ट्री में बिना किसी तैयारी के आई थी। इंडस्ट्री में आकर ही मैंने काम करना सीखा है। हालांकि, मैं अपनी खूबियां जानती थी। इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के लिए अच्छी शिक्षा और आवाज का सही होना जरूरी है, यही आपको आगे बढ़ने में मदद करती है। मेरे करियर के शुरुआती आठ से दस वर्ष मुझे खुद को निखारने में लगे हैं।

### फर्जी खबरों से जूझते हैं कलाकार

अभिनेत्री से आगे पूछा गया कि इंडस्ट्री में वह कौन सी चीज है, जो आपको पसंद नहीं है? दीया ने जवाब देते हुए कहा, सिनेमा में फर्जी खबरे सबसे ज्यादा सुनने को मिलती हैं। इंडस्ट्री में कलाकारों को फर्जी खबरों से जूझना पड़ता है, जो मुझे बिल्कुल भी पसंद नहीं है। उन्होंने अपनी असुरक्षाओं के बारे में बात करते हुए कहा, असुरक्षा का डर तो बचपन से बना रहता है। जब मैं छोटी थी, तो खोने का डर रहता था। वहीं, बड़ी हुई, तो रिजेक्शन का डर और अब एक उम्रदराज उद्योग में अवसर खोने का डर बना रहता है। दीया मिर्जा के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री आखिरी बार रत्ना पाठक शाह, फातिमा सना शेख और संजना सांघी के साथ फिल्म धक धक में नजर आई थीं। इसके अलावा दीया अनुभव सिन्हा द्वारा निर्देशित फिल्म भीड़ का भी हिस्सा थीं।